डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
01.12.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 08
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-47 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

माना कठिनाई आने से आदमी अकेला हो जाता है, लेकिन कठिनाई आने पर ही अकेला व्यक्ति मजबूत होना सीख जाता है।

## जेजेएमपी सबजोनल कमांडर समेत दो उग्रवादी गिरफ्तार

### एक देशी कट्टा व बोलेरो जब्त, किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे दोनो

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी की अगुवाई में गठित लातेहार पुलिस की टीम ने डुडंगी-तुलबुल मार्ग में तुलबुल तालाब के पास से उग्रावादी संगठन जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। वही बुधवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि सूचना मिली थी कि जेजेएमपी संगठन के कुछ सक्रिय उग्रवादी डुडंगी-तुलबुल मार्ग में तुलबुल तालाब के पास बोलेरो गाड़ी में है जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। इस सूचना की सत्यापन एवं त्वरित कारवाई करते हुए पुनि सह थानाप्रभारी चन्द्रशेखर चौधरी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल जैसे ही डुड़ंगी-तुलबुल मार्ग में तुलबुल तालाब के पास पहुंची एक बोलेरो वाहन खड़ी देखी। जहाँ से संदेहात्मक स्थिति में दो व्यक्ति को भागने के क्रम में पुलिस बल द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ा लिया गया। पूछताछ करने पर एक ने अपने आप को जेजेएमपी संगठन के सबजोनल कमांडर आकाश सिंह उर्फ सूरज सिंह उर्फ सोनू सिंह ( रमनदाग- थाना, छिपादोहर जिला - लातेहार) वहीं दूसरा अरुण कुमार प्रजापति (नावाडीह छिपादोहर) अपने को संगठन का असयोगी बताया। तलाशी के क्रम में इनके पास से एक देशी पिस्टल, जिन्दा राउण्ड एवं मोबाईल बरामद हुआ। इस संबंध में लातेहार थाना कांड सं 288/2022 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनो को मंडल कारा भेज दिया गया।



#### उग्रावादी के पास से ये समान हुआ बरामद

**उग्रवादियों** के पास से बरामद सामानों में एक 7.65 एमएम का देशी पिस्टल, 12 अदद 7.65 एमए का जिन्दा गोली, एक बोलेरो वाहन पंजीयन सं.- ओआर 09 एच-4353, तीन एन्ड्रॉइड मोबाइल फोन, चार कीपैड मोबाइल फोन, आठ सीम कार्ड बरामद किया गया है।

#### गिरफ्तार सब जोनल कमांडर का रहा है आपराधिक इतिहास

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सब जोनल कमांडर आकाश सिंह उर्फ सूरज सिंह उर्फ सोनू सिंह का अपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ बरवाडीह, छिपादोहर, लातेहार गारू, चैनपुर व रामगढ़ थाने में 10 अपराधिक मामले दज हैं। छापामारी दल में शामिल चन्द्रशेखर चौधरी, पुनि सह थाना प्रभारी, बब्लू कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी चंदवा सह लातेहार अंचल, पुअनि धर्मेन्द्र कुमार महतो, रोहित कुमार महतो, राजकुमार तिग्गा व सेंट-1 सशस्त्र बल, पुलिस लाईन के जवान शामिल थे।

कैश देकर पीआईएल मैनेज करने के मामले में

## झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच का दिया आदेश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कैश देकर पीआईएल मैनेज करने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया है। अदालत ने इस मामले में गिरफ्तार कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। कोर्ट ने इस मामले में गिरफ्तार कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की याचिका को खारिज करते हुए षड्यंत्र की जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया। अदालत ने 15 दिनों में सीबीआई को पूरे मामले की जांच करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि कोर्ट ने व्यवसायी अमित अग्रवाल की याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने अमित अग्रवाल की जमानत के आग्रह को नामंजूर करते हुए मामले में षड्यंत्र को देखते हुए आरंभिक जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया है। याचिका में अमित अग्रवाल की ओर से कहा गया था कि ईडी की कार्रवाई नियमानुसार नहीं है। अमित अग्रवाल ने अंतरिम राहत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अमित अग्रवाल ने इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अंतरिम राहत की गुहार लगायी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि यह मामला झारखंड हाईकोर्ट के क्षेत्राधिकार में है। इसलिए अमित अग्रवाल को हाईकोर्ट में अपनी बात रखने की छूट प्रदान की थी। इस चर्चित कैशकांड मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने जनहित याचिका में नाम हटाने के नाम पर हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख नकद के साथ कोलकाता पुलिस से पकड़वा दिया था। मामले में यह बात सामने आयी थी कि जनहित याचिका में नाम हटाने के नाम पर अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार के साथ एक करोड़ में सौदा तय किया था और प्रथम किश्त के रूप में उन्हें 50 लाख दिये गये थे। जिसके बाद अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस ने 50 लाख के साथ पकड़ा था। हालांकि, बाद में ईडी ने मामले की जांच की और व्यवसायी अमित अग्रवाल के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया।

**न्यूज गैलरी**

### स्कॉर्पियो व बाइक की टक्कर में पिता-पुत्र की मौत




**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी मिशन चौक के पास बुधवार की सुबह स्कार्पियो और बाइक की टक्कर में पिता और पुत्र दोनों की मौत हो गयी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही गौतम कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। इसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के द्वारा स्कॉर्पियो वाहन को घटनास्थल से 500 मीटर की दूरी पर जब्त कर थाना लाया गया है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस स्कार्पियो चालक की खोजबीन में जुट गई है।वही मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक शहर थाना क्षेत्र के सहदेव प्रसाद उम्र 60 वर्ष रेड़मा काशीनगर के रहने वाले थे। वे बुधवार की सुबह अपने पुत्र के साथ चियांकी होटल खोलने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में स्कॉर्पियो से धक्का लगने के कारण उनकी मौत हो गई।इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### गोली लगने से युवक घायल, सदर अस्पताल में चल रहा है इलाज

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चौपरिया निवासी इसराफील अंसारी बुधवार की सुबह 6:30 बजे गोली लगने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गोली इसराफील के दाहिने पैर में लगी है। गोली लगने से घायल व्यक्ति इसराफील ने घटना के बारे में बताया कि वह बुधवार की सुबह अपने मवेशी खोजने छतवा जंगल गया था। इसी बीच जंगल में अज्ञात लोगों ने मवेशी समझ कर उसके पैर में गोली मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना की जानकारी मिलने पर रामगढ़ थाना की पुलिस और शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंच कर घायल से घटना के बारे में पूछ ताछ कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जुट गयी है।

### 40 क्विंटल धान की बालियों से सजा मां अन्नपूर्णा का दरबार

– आरएनएम

**वाराणसी।** जिस मां अन्नपूर्णा से बाबा विश्वनाथ ने भी भिक्षा मांगी थी, उस मां का ही आशीर्वाद है कि काशी में कभी भी कोई भूखा नहीं सोता है। उस अन्न की देवी व काशी की अन्नदाता मां अन्नपूर्णा का दरबार 40 क्विंटल धान की बालियों से सजाया गया। इसके साथ ही माता के 17 दिन के व्रत का समापन भी हुआ। पूर्वांचल के किसानों ने मां अन्नपूर्णा को धान की पहली फसल अर्पित की। अन्न की देवी भगवती अन्नपूर्णा का मंगलवार को मध्याह्न भोग आरती के बाद गर्भगृह में शृंगार हुआ। एक दिन पहले ही पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया। 13 नवम्बर से शुरू महाव्रत का समापन हुआ। उद्यापन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने 21, 51, 101 और 501 परिक्रमा कर हाजिरी लगायी। मां अन्नपूर्णा के दर्शन के लिए सुबह से मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। पूर्वांचल के किसान पहली फसल मां को अर्पित करते हैं। इन्हीं बालियों से माता का शृंगार किया गया। मान्यता है कि माता को पहली फसल अर्पित करने से धन्य धान्य की कमी नहीं होती। शृंगार में लगे इन धान की बालियों को प्रसाद स्वरूप भक्तों को दिया जाता है। मान्यता है कि धान के इन बालियों को घर के अन्न भंडार में रखने से कभी अन्न की कमी नहीं होती है।

## पुराने मोबाइल को बेचने या किसी को देने से आपका खाता हो सकता है खाली


### बेचने या किसी को देने के पहले उसके सभी डाटा डिलीट करा फॉर्मेट करा दें

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** यदि आपका मोबाइल खराब हो गया है, टूट गया है, पुराना हो गया है, तो इसको किसी को देने या बेचने या कबाड़ी को बेचने से पहले दस बार सोच लीजिए, वरना आपका बैंक खाली हो सकता है। आपका हर तरह का डेटा चोरी हो सकता है। इसलिए जब भी आपका मोबाइल टूटे या खराब हो या अपना मोबाइल बदलें, तो उसमें से सारा डाटा हटा दें। उसको फैक्ट्री फॉर्मेट में करा दें ताकि उसके हार्डडिस्क में मौजूद डेटा भी खत्म हो जाये। यदि आपका मोबाइल अचानक बंद हो गया है तो उसको बेचने से पहले ठीक कराकर उसमें मौजूद सारा डेटा डिलिट करा फैक्ट्री फॉर्मेट में करवा दें।

देशभर में पुराने मोबाइल के बदले कोई सामान देनेवाला गैंग काम कर रहा है। विशेषकर छोटे कस्बों व गांव में पुराने मोबाइल खरीदने के लिए फेरी लगायी जाती है। ऐसे लोग गांववालों से पुराने मोबाइल खरीद रहे हैं और उसके बदले में उन्हें फल, सब्जियां, प्लास्टिक का सामान, मुर्गी के चूजे, कपड़े जैसे सामान देते हैं। गांववालों को लगता है कि अब ये पुराना मोबाइल किसी काम का तो है नहीं, घर में रखकर बर्बाद करने से अच्छा है कुछ सामान ही आ जायेगा। इस तरह वो इस गैंग के झांसे में आ जाते हैं। इसलिए फेरीवालों को मोबाइल कत्तई नहीं बेचें, क्योंकि इनमें से कई हैकर गैंग से जुड़े होते हैं। आप अपने पुराने फोन को कबाड़ समझ कर कुछ रुपये में अपना पुराना मोबाइल उसको बेच देते हैं और वे हैकर गैंग के हाथों में दे देते हैं जो आपके बैंक खाते को हैक करके उससे पैसा निकाल लेते हैं। फिर आप कहते फिरते हैं कि मेरे बैंक से पैसे हैकर ने निकाल लिये। जबकि आपके पुराने मोबाइल में आपके बैंक का डाटा मौजूद रहता है। आपके पुराने मोबाइल की मदद से साइबर अपराधी आपके बैंक तक पहुंच जाते हैं, आपका खाता खाली हो जाता है और आप यह समझ ही नहीं पाते कि ये कैसे हुआ। जबकि आप जो मोबाइल खरीदते हैं वह आपके नाम पर रजिस्टर्ड होता है। आप अपना पुराना मोबाइल किसे बेच रहे हैं, ये आप जानते ही नहीं। इस तरह के अपराधी जब आपका मोबाइल किसी वारदात के समय इस्तेमाल करते हैं, तो पुलिस छानबीन करते हुए रजिस्टर्ड ग्राहक के रूप में आपका नाम सामने आने पर आपके यहां पहुंच जाती है। उस समय आप फंसते हैं। इसलिए यदि आप किसी को चलती हालत में अपना मोबाइल बेचते हैं तो उसका आधार कार्ड, पता आदि का प्रमाण ले लें, उसे मोबाइल बेचने का लिखित ले लें।

## दो गिलास से ज्यादा दूध पीने से हृदय रोग व प्रोस्टेट कैंसर का खतरा



– आरपी सिंह

**नयी दिल्ली।** यदि आप पहलवानी या कड़ी मेहनत वाले काम नहीं करते हैं और एक या दो गिलास से ज्यादा दूध पीते हैं, तो आपको हृदय रोग, प्रोस्टेट कैंसर, त्वचा रोग सहित कई तरह की बीमारी हो सकती है। दूध प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन व खनिज से भरपूर होत है, लेकिन इसे जरूरत से ज्यादा सेवन करने पर नुकसान कर सकता है। बार-बार दूध पीने से अस्वस्थता, जी मिचलाना, थकान और सुस्ती जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दूध में ए1 कैसिइन होता है, जो कई बार आंतों में सूजन जैसी समस्या पैदा कर सकता है। दूध पीने से पेट भर जाता है। लेकिन दूध को ज्यादा मात्रा में पीते हैं, तो उल्टी भी हो सकती है, असहजता महसूस हो सकती है। क्योंकि भारी होने के चलते पचने में समय लगता है। गाय का दूध कुछ हल्का होता है, तो थोड़ा जल्दी पच जाता है। वैसे तो दूध हड्डियों के विकास और मजबूती के लिए अच्छा स्रोत माना जाता है, लेकिन ज्यादा सेवन से उल्टा असर हो सकता है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि जो लोग कम दूध पीते थे, उनमें हड्डी के शेष पृष्ठ 11 पर

## थाने के छोटा बाबू के नाम पर व्यवसायी से मांगी रंगदारी

नवीन मेल संवाददाता


**रांची।** सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने व्यवसायी बब्लू चौधरी से दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में केशव सिंह और रितिक यादव उर्फ बिट्टू यादव शामिल है। दोनों आरोपी सुखदेव नगर के कैलाश मंदिर लेन चूना भट्टा के रहनेवाले हैं। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि दोनों आरोपी सुखदेव नगर के छोटा बाबू के नाम पर रंगदारी की मांग की थी। इसके बाद आरोपी लगातार व्यवसायी से रंगदारी की मांग रह रहे थे। आरोपियों ने व्यवसायी को रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले का खुलासा करते हुए प्रभारी सिटी एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बीते 29 नवम्बर को बबलू चौधरी से रंगदारी मांगने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों अपराधियों को धर-दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

## भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं पलामू के अंचलकर्मी

### बगैर पैसों के कार्यालयों में नहीं होते कोई कार्य

अजय कुमार पांडे

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मजाक उड़ा रहे हैं अंचलाधिकारी। झारखंड सरकार भले ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए आम जनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने में लगी हो। किंतु जमीनी मामलों के निराकरण के मामले में यह कार्यक्रम सफेद हाथी साबित हो रहा है। जिले के सभी 20 अंचलों में दाखिल खारिज भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र डिमांड ऑनलाइन कार्य ईडब्ल्यूएस आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र चेक स्लिप सुमित सभी मामलों में बगैर अवैध राशि लिए अंचलाधिकारी व अंचल कर्मी कार्य नहीं करते हैं। फलस्वरूप आम जनों को इन कार्यों के लिए जहां अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। वहीं शारीरिक और मानसिक शोषण भी होता है। गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग काफी परेशान हो रहे हैं। हालांकि इन मामलों में प्रभावित गरीब तबके के लोग अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए डीसी के जनता दरबार में फरियाद लेकर पहुंच रहे हैं। किंतु डीसी साहब का आदेश भी बेअसर दिख रहा है। इसका अंदाजा ऑनलाइन दाखिल खारिज के लंबित प्रतिवेदन से ही लगाया जा सकता है। जिले के विभिन्न 20 अंचलों में ऑनलाइन दाखिल खारिज के फूल 4814 मामले लंबित पड़े हैं। जिसमें 30 दिनों से अधिक अवधि से बगैर आपत्ति के 1796 मामले लंबित है। जबकि 90 दिनों से अधिक अवधि से आपत्ति वाले पुल 805 आवेदन लंबित है। शेष पृष्ठ 11 पर



ऑनलाईन दाखिल–खारिज प्रतिवेदन

Date 21.11.2022

| Serial No | District Name | Circle Name | Total Pending Cases | Pending for more than 30 Days & without objection | Pending for more 90 Days with Obj |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू | उंटारी रोड | 64 | 2 | 4 |
| 2 | पलामू | चैनपुर | 1168 | 496 | 316 |
| 3 | पलामू | छतरपुर | 183 | 4 | 44 |
| 4 | पलामू | तरहसी | 85 | 1 | 0 |
| 5 | पलामू | नावा बाजार | 78 | 13 | 6 |
| 6 | पलामू | नौडीहा बाजार | 33 | 4 | 5 |
| 7 | पलामू | पड़वा | 146 | 44 | 62 |
| 8 | पलामू | पांकी | 216 | 121 | 17 |
| 9 | पलामू | पाटन | 401 | 276 | 49 |
| 10 | पलामू | पाडू | 118 | 65 | 25 |
| 11 | पलामू | पीपरा | 45 | 1 | 21 |
| 12 | पलामू | मनातु | 79 | 17 | 54 |
| 13 | पलामू | मोहम्मदगंज | 206 | 20 | 6 |
| 14 | पलामू | लेस्लीगंज | 282 | 168 | 19 |
| 15 | पलामू | विश्रामपुर | 256 | 54 | 15 |
| 16 | पलामू | सतबरवा | 80 | 8 | 6 |
| 17 | पलामू | सदर मेदनीनगर | 294 | 36 | 2 |
| 18 | पलामू | हैदर नगर | 357 | 168 | 95 |
| 19 | पलामू | हरिहरगंज | 167 | 99 | 6 |
| 20 | पलामू | हुसैनाबाद | 556 | 199 | 53 |
| | | कुल | 4814 | 1796 | 805 |

## झारखंड पुलिस के दो डीएसपी पर छह साल पुराने मामलों में चलेगा हत्या का मुकदमा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के दो डीएसपी पवन कुमार और मजरूल होदा पर हत्या का मुकदमा चलेगा। छह साल पुराने दो अलग-अलग मामलों में सीआईडी जांच के बाद दोनों डीएसपी आरोपी बनाये गये हैं। सीआईडी की जांच रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार ने इनके विरुद्ध मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। डीएसपी पवन कुमार फिलहाल बोकारो डीआईजी कार्यालय में और मजरूल होदा इंडिया रिजर्व बटालियन-5 जामताड़ा में तैनात हैं। जिन मामलों में इनके खिलाफ मुकदमे की मंजूरी दी गयी है, उसमें पहली घटना 13 जून 2016 की है। दूसरी घटना रांची के बुंडू थाना क्षेत्र में आठ जुलाई 2016 की है। बुंडू के आदर्श नगर निवासी 17 वर्षीय रूपेश स्वांसी की पुलिस हिरासत में मौत हो गयी थी। रूपेश के पिता भूषण स्वांसी ने अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप लगाया था कि 7 जुलाई 2016 को पांच बजे सिविल ड्रेस में दो पुलिसकर्मी उसकी दुकान पर आये और पूछताछ करने के नाम पर रूपेश को ले गये। रूपेश के पिता जब सुबह थाने गये तो पुलिसकर्मियों ने इधर-उधर की बातें कीं। बाद में बताया कि रूपेश को रिम्स में शेष पृष्ठ 11 पर

# आज से भारत की जी-20 की अध्यक्षता की पारी शुरू



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री।

जी-20 की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतर्राष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आये। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी-20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गये। दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों। कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करनेवाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाये?

भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य- हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है - हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनायी गयी है। आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिए पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान शेष पृष्ठ 11 पर

# राष्ट्र निर्माता शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होते : विजय

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शिक्षक अपने ज्ञान से राष्ट्र का निर्माण करते हैं। इसीलिए शिक्षक विभाग से रिटायर्ड तो होते हैं पर अपने जीवन काल में समाज में शिक्षा का अलख जगाते रहते हैं। उक्त बातें बुधवार को हरिहरगंज प्रखंड के कौवाखोह स्थित अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दिनेश राम के विदाई सम्मान-समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपनिदेशक कल्याण पलामू प्रमंडल विजय मतीयस टोपो ने कही। वे प्रधानाध्यापक दिनेश राम के सेवानिवृत पर विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक गुप्तेश्वर पासवान एवं संचालन श्रवण कुमार सिंह निराला ने किया। इस समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दिनेश राम के पदस्थापना अवधि के दौरान शिक्षकों एवं छात्रों का कुशल मार्गदर्शन किया। वही सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दिनेश राम को शॉल, बुके व कई उपहार देकर विदाई दी गयी। इस दौरान वरीय शिक्षक श्रवण कुमार सिंह निराला को प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार दिया गया। मौके पर वर्तमान प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह निराला, शिक्षक बिंदेश्वरी राम, संजय कुमार, गुप्तेश्वर पासवान ,परमानंद मेहता, राजेंद्र प्रसाद, रविरंजन सिंह, राहुल कुमार, सुनील मेहता, अनिल मेहता ,अरविंद प्रसाद, रविंद्र कुमार चौबे के अलावे डॉ जेपी सिंह, सुदामा मेहता सहित सैकड़ों छात्र मौजूद थे।



# जिप सदस्य ने क्षेत्र के समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मुलाकाता की

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के जर्जर सड़क के साथ बहुत सारे जनसमस्याओं को लेकर जिप सदस्य सुधा कुमारी ने बुधवार को पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे से मिली। जिप सदस्य सुधा कुमारी ने पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे से मिलकर निवेदन करते हुए कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतो मे सड़क बहुत ही जर्जर हो चुकी है। इस पर किसी का ध्यान नही है। जैसे बकोरिया पंचायत के रांची रोड से भलवही तक, रब दा पंचायत के सलैया गांव में जाने वाला सड़क, रेवारातु पंचायत मे चांपी जाने वाला सड़क, घुटवा पंचायत के बरकुरवा गांव में जाने का सड़क यह तो आजादी के बाद से आज तक यहां पर सड़क निर्माण नहीं हो पाया है। और उन्होंने कहा कि सतबरवा प्रखंड के अंचल कर्मी हो या राजस्व कर्मी ये सभी गरीब जनता का काम नहीं करते हैं। जिससे बहुत सारे जनता को अपने काम में बहुत दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। पलामू उपायुक्त ने ध्यान से सभी बातों को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रखंड के जन समस्याओं को समाप्त कर तीव्र गति से विकास किया जायेगा।

# न्यूज गैलरी

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात

**पांकी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन सिंह ने बुधवार की दोपहर पांकी प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख समेत प्रखंड के सभी पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य व मुखिया के साथ औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए उन्होंने पंचायत वार विकास योजनाओं की जानकारी लिए व क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत हुए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन सिंह ने कहा कि पंचायत के विकास को लेकर मैं हमेशा तत्पर रहेंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास की तमाम योजनाएं मनरेगा ,प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, सहित अन्य योजनाएं प्रखंड क्षेत्र में धरातल पर उतरेंगे व हर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। बैठक में कुछ जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में सड़क ,पेयजल ,सिंचाई ,आवास की समस्या को प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखे, जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तत्काल निदान हेतु उन्हें आश्वस्त भी किया। मौके पर बैठक में सभी पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य मुखिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक आमंत्रण फुटबॉल मैच में पंडवा की टीम दो गोल से विजयी

**पाटन।** प्रखंड के ग्राम किशनपुर में बुधवार को विधायक आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का छठा दिन का खेल बालूमाथ प्रखंड बनाम पड़वा प्रखंड के बीच खेला गया, जिसमें पड़वा प्रखंड की टीम दो गोल से विजयी रही। आज के मैच में मुख्य अतिथि के रूप किशुनपुर पुलिस पिकेट के प्रभारी नीरज कुमार उपस्थित रहे तथा आज के मैच के उद्घाटनकर्ता के रूप में किशुनपुर पुलिस पिकेट के वर्तमान सह प्रभारी श्री संतोष कुमार रहे। छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पुष्पा देवी जी के सौजन्य से खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई गई टी शर्ट एवं पैंट का वितरण बब्लू उपाध्याय के द्वारा दोनों टीमो के बीच किया गया। तथा मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के खिलाड़ी को इस मैच के संरक्षक सह निवेदक पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। आज के मैच का माइक संचालन तथा आंखो देखा हाल जघांसी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाज सेवी अविनाश कुमार सिंह उर्फ मुकेश सिंह के द्वारा अपने मधुर वाणी से दर्शकों तक पहुंचाया।

## जानलेवा हमला कर 20 हजार रुपये व मोबाइल की लूट, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत दंगवार ओपी क्षेत्र के कजरात नावाडीह स्टेशन से लौटने के क्रम में रेडिया कजरात गांव निवासी जितेंद्र सिंह व उनके भाई राजेंद्र सिंह पर बहेरा गांव के समीप जानलेवा हमला कर नगद व मोबाइल की लूट होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर जितेंद्र सिंह ने हुसैनाबाद थाना में पांच लोगों को आरोपी बनाया है। जिसमें राकेश पासवान, भोलू पासवान, सीता राम पासवान, रंजन पासवान, मंजय पासवान के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि वह कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन से अपने भाई के साथ पैदल अपने गांव जा रहा था। इसी क्रम में बहेरा गांव के समीप उक्त सभी लोगों ने रोककर मारपीट करने लगे और 20 हजार रुपये व मोबाइल लूट ली,और लाठी से प्रहार कर मेरा दाहिना हाथ तोड़ दिया,इस संबंध में हुसैनाबाद के प्रभारी थाना प्रभारी शौरभ कुमार ने बताया की लिखित शिकायत के आधार पर केस पंजीकृत कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## शौचालय का करें उपयोग स्वस्थ रहेगा तन : प्रीति

**मेदिनीनगर।** पड़वा आप सभी स्वच्छ भारत मिशन से बने शौचालय का प्रयोग अवश्य करें। शौचालय के प्रयोग से मानव तन स्वस्थ रहता है। उक्त बातें सामाजिक उत्प्रेरक प्रीति कुमारी ने कही वे बुधवार को प्रखंड के बासू में आयोजित बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। कहा कि यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तो हमारा शारीरिक मानसिक व आर्थिक विकास होगा। शौचालय का उपयोग दैनिक रूप से करना चाहिए। ओडीएफ प्लस में मानव मल के साथ-साथ पशु मल का सही निपटान करने की व्यवस्था पंचायत स्तर पर करने का प्रावधान है। कहा कि मनरेगा से वर्मी कंपोस्ट जैसे योजनाओं से पशुमल का उचित निपटारा किया जा सकता है। कहा कि सरकार का लक्ष्य 2024 तक हर घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति देना जल जीवन मिशन का लक्ष्य है।

# पति -पत्नी की तरह रह रही थी दो युवतियां

## पुलिस ने समझाकर दोनों को भेजा घर

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना में एक ऐसा मामला सामने आया है कि जो लोग सुना वे दंग रह गये, क्या ऐसा भी होता है,दर असल मामला समलैंगिक संबंध का है, जहां दोनों युवतियां थाना पहुंच गई। जहां एक युवती के पक्ष के लोग थाना पहुंचकर अपनी लड़की को काफी समझाने की कोशिश की पर लड़की अपने जिद पर अड़ी थी। वहीं एक पक्ष के परिवार के लोगों ने दूसरी युवती पर बहलाने का आरोप लगा रहे थे। जानकारी के अनुसार मोहननगर डाकरा रांची निवासी बबली चौहान व बिहार के औरंगाबाद जिला थाना डिबरा गांव निमीढिह निवासी प्रीति कुमारी की मुलाकात रांची में हुआ था। धीरे धीरे दोनों के बीच काफी नजदीकियां बढ़ गई और साथ रहने लगी। प्रीति के परिवार वालों ने अपनी लड़की को काफी समझाने की कोशिश रांची में जाकर की। कुछ दिन पूर्व प्रीति अपने मौसी के घर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के डिहरी बिश्रामपुर पहुंची । इसकी जानकारी मिलते ही बबली भी रांची से डेहरी बिश्रामपुर पहुंच गई। प्रीति ने हुसैनाबाद थाना में मोबाइल से कहा की हमारे परिवार वाले हमको मारपीट कर रहे है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस दोनों युवती को थाना ले आई। महिला थाना प्रभारी ने दोनों से जब पूछताछ की। तो सच्चाई पता चला की बबली चौहान शादी शुदा महिला है, उसके बच्चे भी है। इस पर जब लोगों ने प्रीति कुमारी को समझया की तुम क्यों अपनी जिंदगी बर्बाद करना चाहती हो। मंगलवार की दोपहर से ही स्थानीय लोग व प्रशासन के द्वारा दोनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा था।

# सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर

**हरिहरगंज।** एनएच 98 वन चेकपोस्ट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार रोहित कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बुधवार देर शाम की है। घायल युवक बिहार के अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत रजपरसा गांव का रहने वाला है। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने युवक को हरिहरगंज सीएचसी अस्पताल लेकर गए। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया। डा. राजेश कुशवाहा ने बताया कि युवक का बांया पैर फ्रैक्चर हो गया है। वहीं सर में गंभीर चोट आयी है। युवक की हालत नाजुक बनी हुयी है।

# लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के ऊपरी कला में जेएसएलपीएस के आजीविका महिला संकुल संगठन के तत्वाधान में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिलाओं ने जेंडर प्रतिज्ञा लिया की हमारे परिवार में बेटा और बेटी कोई भी जन्म लेने पर खुशियां मनायेंगे। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील प्रसाद ने कहा कि अभियान का उद्देश्य महिला एवं बाल हिंसा, लैंगिक असमानता एवं लैंगिक सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना है। यह अभियान तीन चरणों में संपन्न होगा। राज्य स्तर पर इस अभियान का क्रियान्वयन झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग झारखंड के तत्वाधान में किया जा रहा है। जेएसएलपीएस दीदीओं और महिलाओं द्वारा लैंगिक हिंसा, महिला हिंसा, बाल विवाह, बाल शोषण आदि सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए प्रतिदिन प्रखंडों में रैली, आम सभा, नुक्कड़ नाटक, गीत - रंगोली आदि का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक करेंगी। इसी के तहत बुधवार को क्षेत्र में जागरूकता रैली स्वयं सहायता दीदीओं द्वारा निकाली गयी। इस मौके पर संगठन के सचिव शीला देवी, शांति देवी, चिंता देवी, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, मंजू देवी, प्रीति कुमारी, गीता देवी, सुषमा देवी, अनीता देवी, रविरंजन कुमार समेत कई ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।




# कर्नल कप फुटबॉल मैच में लंगरकोट बनाम बैंराव रहा ड्रॉ

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कपूर्री मैदान में आयोजित कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल टूनामेंट में बुधवार को भी दो मैच खेले गये। पहला मैच लंगरकोट बनाम बैंराव खेला गया। जो गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरा मैच बिलासपुर बनाम झरगाड़ा टीम के बीच खेला गया। जिसमें बिलासपुर ने झरगाड़ा को 1-0 से हरा दिया। बिलासपुर के तरफ से शुभम कुमार ने गोल किया। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि किसान ब्रिगेड हैदरनगर प्रखंड के अध्यक्ष भोला पासवान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का आग्रह किया। कर्नल संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि यह टूनामेंट हुसैनाबाद के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया है। इसलिए आप लोग ज्यादा से ज्यादा अपने क्षेत्र के लोगों को खेलने का अवसर दें। बाहरी खिलाड़ियों के लिए एक अलग टूनामेंट कराया जाएगा। इस मौके पर डबल सिंह, समाजसेवी राम प्रवेश सिंह, संतोष सिंह, गुड्डू खान, निर्णायक नेहाल मिर्जा, सुदय सिंह, सगीर अहमद, एस एम अकरम, तकी रिजवी, अशोक कुमार सिंह मुखिया ओम प्रकाश राजवंशी, भानू सिंह तथा अमित सिंह के आलावा कई लोग मौजूद थे। गुरुवार का मैच पथरा बनाम पतरा कलां तथा झरहा बनाम मोहम्मदाबाद के बीच खेला जायेगा।

# एनएच 98 मुख्य पथ पर दो अलग-अलग वाहनों में जोरदार टक्कर, कोई हताहत नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**नावा बाजार।** थाना क्षेत्र के एनएच 98 मुख्य पथ के बाना कब्रिस्तान समिप मध्य विद्यालय के पास दो हाइवा में आमने-सामने रात्रि 9:00 बजे टक्कर हो गई। टक्कर के बाद छतरपुर की ओर से जा रही हाइवा का चालक वाहन में फस गया और विपरीत दिशा से आ रही वाहन भागने में सफल रहा। घटना एनएच 98 मुख्य पथ के बीचो-बीच होने के कारण देर रात सड़क जाम रहा। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पाकर नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास व पुलिस अवर निरीक्षक नंदकिशोर दास घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन में दबे चालक को सुरक्षित निकाला गया तथा जाम को हटाकर आवागमन चालू की गई। वहीं नावा बाजार थाना क्षेत्र के बहुचर्चित कंडाघाटी पलामू लाइन होटल के समीप 4:00 बजे भोर में छतरपुर की ओर से जा रही दो हाईवा में आगे पीछे जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में कोई हताहत नहीं हुई है। टक्कर होने के बाद वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास व नंद किशोर दास घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# विधायक ने गोगाड़ में सरोवर मरम्मती कार्य का किया शिलान्यास

**पांकी।** विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता एवम पांकी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य निधि सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से बुधवार की दोपहर पांकी के गोगाड़ में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत सरकारी भूमि पर तलाब सरोवर मरम्मती कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के उपरांत मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने कहा कि सरोवर मरम्मत के कार्य होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई को लेकर बेहद सहूलियत होगी साथ ही आसपास के क्षेत्रों का जलस्तर भी बढ़ेगा।

# प्रख्यात उर्दू साहित्यकार व शायर मिर्जा खलील बेग के निधन पर शोक

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मेदिनीनगर निवासी प्रख्यात उर्दू साहित्यकार एवं शायर मिर्जा खलील अहमद बेग- ताहिर, का देहांत बीती रात उनके डाल्टनगंज स्थित आवास पर हो गया। उनके निधन की खबर मिलने के बाद हुसैनाबाद के राजनीति व साहित्य से जुड़े लोगों में शोक व्याप्त है। हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि मिर्जा खलील बेग साहित्य के क्षेत्र में पलामू की शान थे। उन्होंने कहा कि मिर्जा खलील बेग की कमी हमेशा महसूस होगी। उन्होंने उनकी आत्मा की शांति की कामना की। पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने मिर्जा खलील बेग के निधन को पलामू के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि उनकी कमी हमेशा खलेगी। उन्होंने मृतक की आत्मा की शांति की कामना की। मिर्जा खलील बेग के निधन पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, हुसैनाबाद अनुमंडल अध्यक्ष नवाजिश खान, हैदरनगर विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, मुखिया अबू नसर सिद्दीकी, शाहनाज प्रवीन, जितेंद्र सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डा एम तौसीफ, समेत अन्य कई ने शोक व्यक्त किया है व उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# गुमनाम शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड के राजहरा कोठी के प्रांगण में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। जहां गुम नाम शहीद आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन अधिकार संघर्ष मोर्चा के द्वारा की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर के के मिश्रा व संचालन संतोष पाठक ने की। कार्यक्रम में पहुंचे शुभेच्छुओं के द्वारा 1857 में स्वतंत्रता संग्राम के दिनों विशाल बरगद के पेड़ में लटका कर सैकड़ों लोगों को फांसी दिए गए गुमनाम शहीद आत्माओं को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर प्रोफेसर के के मिश्रा ने कहा कि गुलाम भारत को आजाद कराने को ले देश के कोने कोने में अलग-अलग रूपों में स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी गई। जिसमें हजारों लोगों को फांसी दी गई। मां ने बेटे को, एक पत्नी पति को व बहनों ने अपने भाई को खोया और भी क्या-क्या नहीं हुआ। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कई लोग इतिहास के पन्नों में अपनी गाथा अमर कर गए है। जिनका गर्व से देश में नाम लिया जा रहा है। ऐसे में पलामू जिले के नावाबाजार प्रखंड का एक राजहरा गांव जो गुमनामी जीवन जी रहा है। जिसने 1857 के विद्रोह में अपनी एक अलग पहचान स्थापित किया। जो स्थानीय इतिहासकारों के द्वारा चर्चा में लाया जा रहा है। साथ ही किताबों व अपनी इतिहास के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाकर क्षेत्र की बदहाली सामने लाने का प्रयास जारी है। अधिकार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह वकील संतोष पाठक ने कहा कि 1857 ईस्वी में हुए आंदोलन का गवाह नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र के राजहारा कोठी स्थित का बरगद का विशाल पेड़ भी है। जहां सैकड़ों लोगों को फांसी पर लटका दी गई थी। इतना ही नहीं यहां विद्रोह करने वाले लोगों को दबाने का प्रयास भी किया गया।

**तीन दिन (27-29 नवंबर 1857) राजहारा के इतिहास के लिए रहा काला दिन :** इतिहासकार डॉक्टर बी विरोतम की ओर से लिखी गई। इतिहास व संस्कृति पुस्तक में 27 से 29 नवंबर 1857 का तीन दिन राजहारा के लिए काला दिन साबित हुआ। इनकी माने तो 27 नवंबर 1857 को पारंपरिक हथियार व बंदूकों से लैस लगभग 5 हजार आंदोलन कारियों की जत्था राजहारा पहुंची। जहां बंगाल कोल कंपनी की ओर से राजहारा में कोल माइनिंग का काम किया जा रहा था। आंदोलनकारियों की ओर से बंगाल कॉल कंपनी को बर्बाद व जलाया गया। साथ हीं मशीनों को बर्बाद करते हुए उठा कर वे साथ भी ले गए। इस आंदोलन में दर्जनों बहुसंख्यक ब्राह्मण गांव में बसे ब्राह्मण सहित भोक्ता व खरवार मौजूद थे। सभी विश्रामपुर राजपरिवार के भवानी बक्सराय के देखरेख में आगे बढ़ रहे थे। बताया जाता है कि अंग्रेजों व राजपरिवार के बीच क्या बातचीत हुई।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### (समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**GeM Portal से दिव्यांग यंत्र/उपकरण क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा से संबंधित सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत तथा अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से पलामू जिला के दिव्यांगों के लिए दिव्यांग यंत्र/उपकरण मुहैया कराने के लिए यंत्र/उपकरण का क्रय GeM Portal से कराने हेतु निविदा दिनांक 08.12.2022 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा GeM Portal पर Upload करना अनिवार्य होगा। अन्य माध्यम से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी पलामू जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 283803 Social Welfare,Women and Child Development(22-23)#D

## न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

राजसात वाद संख्या- 27/2022
नोटिस बनाम्
मो0 मैनुद्दीन पिता- मो0 हानिफ,
सा0- कामता, थाना- टण्डवा, जिला- चतरा।:- विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अवैध रूप से कोयला का खनन एवं परिवहन करते पकड़े गये ट्रक रजिस्ट्रेशन नं0- JH02AW-7103 का राजसात की कार्रवाई से संबंधित मामले में बार-बार नोटिस तामिला किये जाने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.12.2022 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 283798 (Latehar) 22-23 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**द्वितीय शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- DWSD/RPWS/Med-02/2022-23 (5th Call) (Tolra RPWSS) का प्रथम शुद्धि पत्र जो PR No. 282542 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है। उक्त निविदा की तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

| विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03/12/2022 / 05.00 P.M. | 12/12/2022 / 05.00 P.M. |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | 05/12/2022 / 05.00 P.M. | 13/12/2022 / 05.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06/12/2022 / 04.00 P.M. | 14/12/2022 / 04.00 P.M. |

यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR.NO.283821 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
### समाहरणालय भवन ब्लाक सी० कमरा सं०-9
ईमेल-jepcpalamau@rediffmail.com

**आवश्यक सूचना**
**विज्ञापन संख्या-JEPCPALAMU-01/2022-23**
**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. विभागीय आदेश संख्या GE/08/163/2022-23/2835, दिनांक-03.11.2022 के आलोक में जिला में संचालित 12 आवासीय कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक-17.12.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी -सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय पलामू में आमंत्रित किए जातेहैं:-

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (महिला)-भाषा | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 2 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (महिला)-गणित | 1 | 0 | 0 | 0 | | 1 | 1 |
| 3 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (महिला)-सामाजिक विज्ञान | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 4 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (महिला)- शारीरिक शिक्षा | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 |

2. उक्तपदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र अपने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू (SSA) में अनिवार्य रूप से दिनांक-17.12.2022 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिस में चयन की शर्ते, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा-निदेश जिले के अधिकारिक वेबसाईट "www.palamu.nic.in" पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR.NO.283810
Jharkhand Education Project Council(22-23):D

## न्यूज गैलरी

### लकड़ी काटते पांच लोग गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की शाम जंगल से लकड़ी काटते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में मनातू थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि वन विभाग के द्वारा लगातार सूचना मिल रहा था कि लकड़ी तस्करों के द्वारा मनातू क्षेत्र के जंगल से कीमती लकड़ियां काटकर उसे बेचने का काम किया जा रहा है। वन विभाग कर्मियों द्वारा सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने एक टीम गठित कर लकड़ी तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया और पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए लकड़ी तस्करों में मनातू थाना क्षेत्र के चक निवासी धर्मेंद्र सिह, विनोद सिह, संतोष कुमार, उमेश कुमार, अर्जुन कुमार चक मनातू शामिल है।

### उपायुक्त ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने जिलेवासियों से पलामू को फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक जिले के सभी गांवों/आंगनबाड़ी केंद्रों पर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर फाइलेरिया की दवा अवश्य रूप से लेने की अपील की। उन्होंने दो वर्ष से कम बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं करने की अपील की है।

### नवनिर्मित यात्री बस पड़ाव में होगा वाहनों का ठहराव

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला मैदान के जिला परिषद मार्केट में नवनिर्मित बस यात्री पड़ाव में प्रतिदिन एनएच 98 मुख्य मार्ग मेदनीनगर से औरंगाबाद जाने वाली सवारी बस वाहन का ठहराव कैंपस में होगा। जानकारी के अनुसार पलामू जिला परिषद के तत्वधान में नावा बाजार बस स्टैंड को टेंडर कराया गया है। जिसका ठेकेदार प्रिंस कुमार सिंह है। उन्होंने बताया कि एनएच 98 मुख्य मार्ग से गुजरने वाले बस वाहनों को प्रतिदिन 50 शुल्क देना पड़ता है तथा टेंपो, कमांडर को 20 शुल्क लगता है। एनएच 98 मुख्य मार्ग पर भीड़ से निजात पाने के लिए अब बस स्टैंड को यात्री बस पड़ाव में शिफ्ट कर दी गई है। जो यहां प्रतिदिन बस स्टैंड में बस होकर निकलेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए बस स्टैंड परिसर में वैष्णवी होटल का शुभारंभ किया गया है। जिसमें यात्रियों की सुविधा प्रदान की जा सके। मौके पर सोहदाग खुर्द पंचायत मुखिया कमला देवी, समाजसेवी छोटू सिंह राजेन्द्र चौधरी ,अलीशेर अंसारी आरीज आलम, सरवन मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पारा शिक्षको की सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के टेट परीक्षा पास पारा शिक्षकों के समायोजन के मामले में बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। पारा शिक्षकों के मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा वर्ष 2021 में गठित कमेटी की रिपोर्ट पेश किया गया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कहा गया कि पारा शिक्षकों को जो वेतन मिलता है। वह सहायक शिक्षक के बराबर मिलना चाहिए।

# उपायुक्त ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि अगस्त से लेकर अक्टूबर तक जिले में कुल 63 सड़क दुर्घटना हुई है। जिसमें 49 लोगों की मृत्यु हुई है। वहीं 33 लोग घायल हैं। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लाया जाये, इस पर चर्चा की। बैठक में उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा कर बताया




कि 6 हिट एंड रन मामलों के निष्पादन हेतु बीमा कंपनी को फारवर्ड कर दिया गया है। इसी तरह उन्होंने ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध ब्रेथ एनालाइजर से लगातार अभियान चलाने पर बल दिया। बैठक में उपायुक्त ने परिवहन पदाधिकारी, सदर एसडीओ को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जर्जर व बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने फर्जी फिटनेस के विरुद्ध भी कार्रवाई करने की बात कही। आईरैड की समीक्षा के दौरान पोर्टल में सभी वाहन दुर्घटना का एंट्री करने पर बल दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधितों को शहर व ग्रामीण इलाके में ट्रिपल राइडिंग व एनएच पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने की बात कही। वहीं उत्पाद अधीक्षक को सभी अनुमंडल पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सड़कों के किनारे स्थित होटलों का औचक निरीक्षण करने एवं अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की बात कही। बैठक में उपरोक्त के नगर आयुक्त समीरा एस, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, सदर एसडीओ, उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा, लेसलीगंज सह सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, आईरैड की प्रतिनिधि, राष्ट्रीय राज्य मार्ग एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि, सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्लू उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए ट्रायल मैच छह दिसंबर को



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी संघ के तत्वाधान में अंतर विद्यालय कबड्डी मैच का आयोजन दिनांक 6 दिसंबर दिन मंगलवार को मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज के मैदान में आयोजित की जाएगी। पलामू जिला कबड्डी संग के सचिव दीपक तिवारी ने कहा कि जीएलए कॉलेज के मैदान में 6 दिसंबर को सुबह 8 बजे से जीएलए कॉलेज के मैदान में ही खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को निबंधन के लिए उम्र प्रमाण पत्र के लिए आधार कार्ड के प्रति लाना अवश्य होगा। श्री तिवारी ने कहा कि इस अंतर विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के माध्यम से अच्छे खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ियों को गोमो में आयोजित राज्य स्तरीय मैच में भाग लेने का मौका मिलेगा। जबकि पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्राप्त होगा। कबड्डी संघ के सचिव श्री तिवारी ने कहा कि जिले के निजी विद्यालय एवं सरकारी विद्यालय के कोई भी विद्यार्थी तथा अन्य क्लब एवं टीम के प्रतिभागी भी इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक खिलाड़ियों को पलामू से अवसर प्रदान करने के लिए यह प्रतियोगिता निःशुल्क रखा गया है।

## पत्रकार सुरेंद्र सिंह रूबी की दूसरी पुण्यतिथि मनी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन सर्किट हाउस में बुधवार को झारखंड पत्रकार संगठन के बैनर तले स्वर्गीय पत्रकार सुरेंद्र सिंह रूबी की दुशरी पुण्यतिथि पर गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपस्थित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि पत्रकार जगत में सुरेन्द्र सिह रूबी की कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती है। वे पत्रकार के साथ-साथ अच्छे सलाहकार व अच्छे इंसान भी थे। उन्होंने लेखनी की बदौलत समाज में अपनी अलग पहचान बनाई। वे जीवन के अंतिम क्षण तक गरीब-गुरबों की आवाज बने रहे। मौके पर उपस्थित झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा कि पत्रकारिता जगत में स्व. सुरेन्द्र सिह रूबी के योगदान को भूलना संभव नहीं। युवा पीढ़ी के पत्रकारों के लिए वे आइकॉन थे। अपने पत्रकारिता जीवन में उन्होंने कई युवाओं को पत्रकारिता के क्षेत्र में लाया जो आज अलग-अलग संस्थानों में अपना परचम लहरा रहे हैं। मेदिनीनगर या पलामू की कोई भी खबरें हो या फिर अपराध जगत की खबरें उन्होंने अपनी कलम से बेबाकी से अखबार के जरिए रखा। पत्रकारिता के जरिए समाज को उनके द्वारा दिए गए योगदान को भुलाना संभव नहीं है। श्रद्धांजलि देने वाले पत्रकारों में सतीश सुमन, मृत्युंजय पाठक, जसप्रीत सिह,अश्विनी घई, विनोद सिंह, उपेन्द्र कुमार, चंद्रदेव, शैलेन्द्र तिवारी, जितेंद्र सिंह, नील कमल शुक्ला सहित अन्य पत्रकार शामिल थे।

## हनुमान पूजा के साथ भागवत कथा शुरू

**मेदिनीनगर।** आज से स्थानीय रेड़मा ठाकुरबाड़ी में सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ प्रसिद्ध कथा वाचिका हेमलता शास्त्री के द्वारा दोपहर 3 से संध्या 7 बजे तक किया जाएगा। जिस का सीधा प्रसारण धार्मिक चैनल पर किया जाएगा। बुधवार को हनुमान पूजा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। भागवत कथा के आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप तिवारी उर्फ मिंटू, प्रवीण तिवारी, कमल किशोर तिवारी, प्रशांत तिवारी, मनीष सहित कई सदस्य कथा को सफल बनाने में सक्रिय है।प्रदीप तिवारी कथा में मुख्य यजमान की भूमिका में होंगे।आयोजन कताओं ने बताया कि भागवत कथा के आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है और श्रोताओं के सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था किया गया है।

## मईयां बाबू हॉस्पिटल में महिला ने दी तीन बच्चियों को जन्म, सभी स्वस्थ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के पांकी रोड स्थित मईयां बाबू प्राइवेट हॉस्पिटल में महिला ने नॉर्मल डिलीवरी के दौरान एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। बताते चले कि पाटन प्रखंड के नावा जयपुर पंचायत अंतर्गत दूअंबा गांव निवाशी प्रमोद भूईया की पत्नी प्रमिला देवी को मंगलवार की सुबह 11:15 में प्रसव पीड़ा सुरु हुआ। प्रसव पीड़ा के दौरान प्रमोद अपनी पत्नी को प्रसव के लिए मेदिनीनगर शहर के मईयां बाबू प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। वहां डॉक्टर कादिर प्रवेज के देख रेख में महिला का प्रशव हुआ। जहां महिला ने एक साथ तीन बच्चियों को जन्म दिया। तीनों



बच्चियों के साथ-साथ महिला बिल्कुल स्वस्थ है। वही प्रसव के बाद बेहतर इलाज के लिए बच्चियों को आईसीयू में रखा गया है। मईयां बाबू हॉस्पिटल के संचालक जिससु ने बताया कि अस्पताल में बेहतर सुबिधा और अच्छे चिकित्सको के सहयोग से ही इस तरह की खुशियां लोगो को मिलती है। वहीं तीन बच्चीयों को जन्म देने के बाद भी महिला और उसके पति काफी खुश है। वहीं हॉस्पिटल के कर्मचारियों में भी काफी उत्सुकता दिखी। मां और बच्चों की स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा विशेष देखभाल भी की जा रही है। अस्पताल के डॉक्टर कादिर परवेज ने बताया कि महिला के पहली बच्ची का वजन 900 ग्राम, दुशरी बच्ची का वजन 1 केजी तथा 3 अच्छी का वजन 1 केजी 300 ग्राम है। उन्होंने बताया कि प्रसव के बाद सभी बच्चियां बिल्कुल स्वस्थ हैं।



PR No. 283894 (Revenue, Registration & Land Reform) 2022-23
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### बेटी के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए दर-दर भटक रहे हैं बुजुर्ग पिता



**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव निवासी वृद्ध दम्पत्ति विनय ठाकुर और सोंमरी देवी अपनी पुत्री आरती के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। लेकिन इनकी बातों को सुनने वाला कोई सरकारी बाबू नहीं है। गौरतलब है की पाचाडुमर गांव निवासी विनय ठाकुर अपनी पुत्री का शादी करीब 18 माह पुर्व खरौंधी थाना के नावाडीह गांव निवासी अमिरका ठाकुर के पुत्र मनोज ठाकुर से किया था। आरोप है की मनोज ठाकुर और उसका पिता अमेरिका ठाकुर,माता प्रभा देवी और भाई उपेन्द्र ठाकुर ने मिलकर आरती की हत्या 15 अक्टूबर की रात्रि में कर दिया था। फिर हत्या को आत्महत्या का रूप दे दिया। मृतक लड़की के पिता ने बताया की खरौंधी थाना में चार लोगों पर हत्या का प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। लेकिन सिर्फ मनोज ठाकुर की गिरफ्तारी ही हुई है। बाकी के तीन लोग अमिरका ठाकुर,प्रभा देवी और उपेन्द्र ठाकुर की गिरफ्तारी नहीं हुई है।इन लोगो के गिरफ्तारी के लिए आंखों में बेटी के खोने की गम की आंसु लिए बुजुर्ग पिता और भाई खरौंधी थाना में दर्जनों बार चक्कर काटे लेकीन उनकी बातों को नहीं सुना गया। इतना ही नहीं पुलिस अधीक्षक गढ़वा के कार्यालय में भी दो बार गये लेकिन पुलिस अधीक्षक से मुलाकात नहीं हुई।निराश और थक हार कर बुजुर्ग पिता अपने बेटी के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से काफी दुखी और चिंतित हैं। उनका कानून पर से भरोसा उठ गया है। इस सम्बन्ध में खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया की मामले की अनुसंधान चल रहा है जो भी लोग दोषी होंगे उनको बक्सा नहीं जायेगा।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना लवाही विद्यालय की टीम

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय डंडई स्थित किसान उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। बालिका वर्ग का फाइनल मैच जामा 2 उच्च विद्यालय लवाही कला एवं किसान उच्च विद्यालय डंडई के बीच खेला गया। जिसमें लवाही उच्च विद्यालय की टीम ने किसान उच्च विद्यालय डंडई को 1- 0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। उधर बालक वर्ग का फाइनल मैच तसरार पंचायत एवं पचोर पंचायत के बीच खेला गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों टीमें बराबरी पर थे। इसके पूर्व मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, प्रधान सहायक अभयानंद सिन्हा, कल्याण पदाधिकारी बलराम कृष्ण शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। तत्पश्चात खेल की विधिवत शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव द्वारा फुटबॉल को किक मारकर किया गया। सरकार चाहती है कि प्रखंड स्तर से भी एक से बढ़कर एक खिलाड़ी निकल निकलकर अपने राज्य व देश का नाम रोशन करें। सीओ चोनाराम हेम्ब्रम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल काफी लोकप्रिय खेल है। आज भी गांव के लोग फुटबॉल देखने के लिए दूर-दूर से आते हैं और काफी उत्सुकता के साथ खेल का आनंद लेते हैं। मौके पर मुख्य रूप से लाल मुन्नी यादव, करीमन सिंह, नीलकंठ सिंह, संतोष सिंह, तैयब अली, सहित कई लोग उपस्थित थे। इससे पहले + 2 उच्च विद्यालय लवाही और डंडाई के किसान उच्च विद्यालय के छात्राओं के बीच फुटबॉल का किक मार अधिकारियों के द्वारा इसकी शुरूआत की गई ।

### कर्मियों की लापरवाही से परिजनों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत चपरी निवासी एक युवक की दो माह के अंतराल में दो बार मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। बता दें कि चपरी निवासी मोतीलाल साह के 27 वर्षीय पुत्र श्रीकांत कुमार की मौत पिछले माह 11 अगस्त 2022 को चेन्नई के पेरूनगड्डी के एमएसआर कंट्रक्श के अधीन सेटरिंग कार्य में काम करने के दौरान हो गई थी,जिसका पेरूनगड्डी अपोलो अस्पताल से पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी बनाया गया है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि उसी मृत युवक श्रीकांत को भवनाथपुर प्रखंड के कर्मियों द्वारा लापरवाही बरतते हुए दूसरी बार उसी युवक को चपरी में गांव में ही 11 अक्टूबर 2022 को मृत घोषित कर मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया। जिससे मृत युवक के परिजन को सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मृतक की पत्नी सुमन देवी ने पत्रकारों को बताया कि हम ब्लॉक में चेन्नई से आये हुए कागज जमा की थी,लेकिन मृत समय से दो माह बाद ब्लॉक कार्यालय से मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया। बीडीओ जयपाल महतो से पूछे जाने पर कहा कि जांच कर जो भी दोषी होंगे उन पर कार्वाई करेंगे।

# सदर अस्पताल गढ़वा में बख्शीश के नाम पर मरीजों के साथ हो रहा दोहन

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा ।** सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा में सुधार होने का नाम नहीं ले रहा है सदर अस्पताल के प्रसव विभाग में बख्शीश के नाम पर मरीजों के साथ दोहन किया जा रहा है जहां नर्स से लेकर सफाई कर्मी और गार्ड तक कोमरीज के परिजन से बक्शीश की मांग करते हैं पैसा नहीं देने पर बच्चा नहीं देने तक की धमकी दे डालते हैं। अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों ने भी कहा कि प्रसव वार्ड में ड्यूटी कर रहे नर्स सफाई कर्मी और सुरक्षा गार्ड बिना बख्शीश दिए मरीज को उनका बच्चा नहीं देते हैं। साथ ही प्रसव के बाद 48 घंटे तक सदर अस्पताल में रखने की धमकी दे डालते हैं जबकि जो मरीज के परिजन बख्शीश देते हैं। उन्हें 5 घंटे में ही अस्पताल से छुट्टी दे दिया जाता है हालांकि नर्सों का यह कोई नया मामला नहीं है पिछले कुछ दिन पहले भी 48 घंटे और 5 घंटे के विवाद को लेकर एक एंबुलेंस चालक से भी कहासुनी हुई थी उक्त मामले में भी सदर अस्पताल में हंगामा हुआ था।



**केस संख्या 1**

मंगलवार की रात एक प्रसव के दौरान हुई जानकारी के अनुसार मेराल थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी अजरुदीन अंसारी की पत्नी रिहाना बीवी को प्रसव हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रात में सुरक्षित प्रसव भी हो गया उसके बाद नर्स से लेकर सफाई कर्मी और सुरक्षा गार्ड में लगे होमगार्ड के जवान तक महिला से बक्शीश की मांग करने लगे महिला ने अपनी गरीबी की दुखडा तो सुनाई पर उक्त कर्मी बक्शीश लेने की नशे में चूर होकर बिना पैसा लिए बच्चा नहीं देने तक की धमकी दे डाली। थक हार कर महिला ने 700 नर्स को दिया

**केस संख्या 2**

बख्शीश से संबंधित कुछ ऐसा ही मामला मेराल थाना क्षेत्र के सीकनी गांव से आई सुखदेव सिंह की पत्नी मीना देवी की है। मीना को प्रसव हेतु मंगलवार की रात 11:00 बजे सदर अस्पताल के परसों वार्ड में भर्ती कराया गया था। 2:00 सुरक्षित प्रसव से एक लड़की जन्म लिया। जन्म के बाद प्रसव वार्ड में डिप्टी कर रही जीएनएम सरिता कुमारी ममता कुमारी सही एक अन्य नर्स ने पैसे की मांग करने लगे हद तो तब हो गए जब सफाई कर्मी और सुरक्षा गार्ड ने भी बख्शीश की मांग कर डाली महिला इतनी गरीब थी उसके पास देने के लिए पैसे नहीं थी लेकिन वह ड्यूटी में तैनात नर्सों ने बिना पैसा दिए बच्चा नहीं देने की बात कहा। जिसके बाद मरीज के परिजन आक्रोशित हो गए और उसका विरोध भी किया। उसके बाद भी नर्स सफाई कर्मी और सुरक्षा गार्ड ने उनकी एक नहीं सुनी और 500 लेकर ही बच्चा को दिया।

## सूखा राहत योजना के लिए एक भी किसानों का नहीं हो सका केवाईसी

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना अंतर्गत केवाईसी को लेकर निर्धारित किया गया तिथि बुधवार को समाप्त हो गया ।बावजूद प्रखंड के एक भी किसानों का केवाईसी नहीं हो सका ।बताया जाता है कि निर्धारित तिथि से अंतिम तिथि तक सरवर काम नहीं करने के कारण किसानों के आवेदन को केवाईसी नहीं किया जा सका है ।मालूम हो कि 26 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में संचालित प्रज्ञा केंद्रों में केवाईसी करने का समय सरकार की ओर से निर्धारित किया गया था ।इस बीच कार्यक्रम को लेकर शुरूआती दिन केवाईसी के लिए पदाधिकारियों की ओर से किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई थी ।साथ ही उनके आवेदन को केवाईसी भी करने की प्रक्रिया अपनाई गई थी लेकिन उस समय से अब तक एक भी किसानों के आवेदन को केवाईसी नहीं किया जा सका ।उक्त विषय को लेकर किसानों के बीच चिंता बनी हुई है कि केवाईसी नही होने के चलते सूखा राहत योजना का पैसा नहीं मिलता है तो उसके लिए ?40 की राशि खर्च कर पूर्व में भरा गया हमसभी के आवेदन बिल्कुल रूप से बेकार हो जाएगा। द्वारिका राम, पुरुषोत्तम राम ,तैयब अली, अख्तर अंसारी ,जाहिद अंसारी, हिना खातून, मोहसिन खान, ललन कुमार इत्यादि किसानों ने बताया कि हम सभी कार्यक्रम के शुरूआत दिन से अंतिम दिन तक पंचायत सचिवालय के प्रज्ञा केंद्र में दौड़ते दौड़ते थक हार गए लेकिन आज तक हम सभी के आवेदन का केवाईसी नहीं हो सका ।साथ ही कहा कि इस अकाल के साए में सरकार की उक्त राशि हम लोगों को मिल जाती तो खासकर खेती गृहस्ती के कार्यों में काफी काम आ जाता । वही किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्य के लिए अगर सप्ताह 2 सप्ताह का समय और बढ़ा दिया जाता तो काश हम लोगों का काम निपट जाता ।

## बालिका उच्च विद्यालय रमना का जिप अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शान्ति देवी के नें बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय रमना का निरीक्षण किया। इस दौरान वे शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्राओं से बात की तथा विधालय के सभी कमरे , शिक्षक सदन , पुस्तकालय , शौचालय भवन आदि का निरीक्षण कर समस्याओं से अवगत हुईं।

प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय ने अध्यक्ष को बताया कि 19 नवम्बर 1992 ई को स्थापित यह विद्यालय जैक बोर्ड रांची के द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त,लेकिन गैर अनुदानित है। मामूली शिक्षण शुल्क के सहारे विद्यालय संचालित हो रहा है। विद्यालय का अपना भूमि , भवन , उपस्कर , पुस्तकालय आदि सभी संसाधन उपलब्ध है। जिला शिक्षा पदाधिकारी का प्रतिवेदन भी जैक बोर्ड को प्राप्त है। इसके बावजूद प्रखंड का एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय स्थायी



प्रस्वीकृति से वंचित है। छात्राओं को छात्रवृत्ति दिलाने , शेष चाहरदीवारी का निर्माण कराने , निमार्णाधीन शौचालय कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने तथा विद्यालय को सरकारी अनुदान दिलाने की मांग प्रभारी के द्वारा जिप अध्यक्ष से की गई।इस सम्बन्ध में जिप अध्यक्ष ने कहा कि वे विद्यालय की सभी समस्याओं को दूर करने का पूरा प्रयास करेंगी। मौके पर सहायक प्रभारी प्रधानाध्यापक चतुर्गुण महतो , पूर्व प्रभारी लक्ष्मी साहू , वृन्दा कुमारी , धर्मदेव उरांव , प्रियंका कुमारी , पूजा कुमारी ,मोतीचंद राम , रामजी राम , चम्पा देवी व छात्राएं उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, रेफर

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के लगमा गांव के समीप बुधवार को सड़क दुर्घटना में कमोदा देवी पति कर्मदेव सिंह गंभीर रुप से घायल हो गई। वह मेराल थाना क्षेत्र के बनुआ गांव की रहनेवाली है।

जानकारी के अनुसार कमोदा देवी अपने पुत्र पंकज सिंह के साथ मोटरसाइकिल से गढ़वा आ रही थी। इस दौरान लगमा गांव के समीप पीछे बैठी कमोदा देवी असंतुलित होकर चलते हुए मोटरसाइकिल से गिर गई। इस घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज को लेकर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

## गहना साफ करने के बहाने लाखों का गहना लेकर फरार हुए ठग

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बनसानी गांव में मंगवार की दोपहर गहना साफ करने के बहाने ठग लाखो का गहना लेकर फरार हो गए। जब तक लोगों को इसकी जानकारी हुई तब तक बाइक से दोनों भाग गए।

बनसानी निवासी दिलीप पासवान की बेटी दया कुमारी कुछ दिन पहले अपने मायके बनसनी गांव में आई थी। दया कुमारी दोपहर में घर पर थी। इस दौरान बाइक से दो युवक आए।एक युवक घर के अंदर आया और गहना व बर्तन साफ करने के पाउडर के बारे में जानकारी दी।दया कुमारी ने उसे चांदी की सिकड़ी साफ करने को दिया जिसे साफ करके ठग ने दे दिया।

चांदी के सिकडी साफ होने पर दया कुमारी ने अपना सोने की चैन एवं सोने का झुमका लेकर आई। ठग ने पानी में हल्दी पाउडर डालकर गहने को भी डाल दिया। कहा कि 20 मिनट तक गहने को पानी से नहीं निकलना है। ठग ने दिया कुमारी को पानी लाने को कहा।इसी बीच ठग ने पानी से गहने निकाल लिया। इसके बाद वह बाहर आई तो वह बाइक पर बैठकर फरार हो गया। बाहर आकर जब तक उसने शोर मचाया तब तक दोनों लाल रंग की अपाची बाइक से फरार हो चुके थे। दया कुमारी द्वारा अभी तक स्थानीय थाने में ठगी का आवेदन नहीं दिया था। इस संबंध में थाना प्रभारी सतीश महतो से पूछे जाने पर बताया की इस तरह का मामला अभी तक थाने में नहीं आया है लेकिन आप के द्वारा जानकारी मिली है। तो जांच करते है।

### हॉस्पिटल लेवल कमिटी की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

## ओपीडी पर्ची के लिए अब 5 रुपये लगेगा शुल्क

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक के कार्यालय कक्ष में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में हॉस्पिटल लेवल कमिटी की बैठक सम्पन्न हुआ।बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी आलोक कुमार ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमो की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में चाइल्ड हेल्थ, मेंटरनल हेल्थ, प्रसव, बंध्याकरण, कुष्ठ प्रोग्राम, यक्ष्मा, मलेरिया, फाइलेरिया, हाइड्रोसील, डेंगू के मरीज का नमूना कैसे लिया जाता है कहां जांच होता है, एनीमिया मुक्त भारत, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी लिया। बैठक में ओपीडी पर्ची के लिए 5 रुपये मरीजों से लेने तथा वर्षों से चले आ रहे एक्सरे



का शुल्क 5 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये करने का निर्णय लिया गया। अनुमण्डल पदाधिकारी ने प्रत्येक माह हॉस्पिटल लेवल कमेटी की बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 15 दिनों में अस्पताल के कार्यों की समीक्षा मैं स्वयं आकर करूंगा। योग पर भी चर्चा किया तथा कहा कि विद्यालयों में भी योग्य शिक्षकों को भेजकर बच्चों से योगा कराया जाए. अस्पताल उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने विधायक प्रतिनिधि के माध्यम से विधायक से एक एंबुलेंस की मांग किया.उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से आंख जांच के लिये मशीन उपलब्ध कराने की मांग किया। मौके पर उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी,नप अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, डॉ कैसर आलम, डॉ संतोष कुमार, डॉ अनुपमा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, राजेश कुमार, अशफाक अहमद, करुणा कुमारी, दिनेश मीणा सहित अस्पताल कर्मी उपस्थित थे।


**कार्यालय :- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा**

E-mail:- dfo-lohardagga@gov.in Ph. & Fax - 06526 – 224285

**"अति अल्पकालीन निविदा सूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा वन प्रमण्डल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित वाहनों एवं रद्दीकृत विभागीय वाहनों की जहाँ है, जिस स्थिति में है के आधार पर बिक्री हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फॉर्म अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्यदिवस को कार्य अवधि के दौरान विहित शुल्क 100/– (एक सौ) रूपया जमा कर प्राप्त की जा सकेगी। विधिवत् भरा गया मुहरबन्द निविदा फॉर्म दिनांक 09.12.2022 को 12:00 बजे पूर्वाह्न तक वन प्रमण्डलीय कार्यालय, लोहरदगा में प्राप्त की जायेगी। निविदा उसी दिन प्रमण्डलीय कार्यालय में निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष 01:00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। किसी भी वाहन के लिए उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अधोहस्ताक्षरी बाध्य नहीं है और उसे बिना कारण बताये बिक्री से उठा लेने या रद्द करने के लिए सक्षम होंगे। निविदा में उच्चतम डाकवाले निविदादाताओं को स्वीकृत राशि का 15% जमानत की राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य है। सफल निविदादाताओं को नियामानुसार पूरी राशि (सभी कर सहित) निविदा स्वीकृति के 15 दिनों के अन्दर जमा करना होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अन्तर्गत पूरी राशि जमा नहीं कर पाते है तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन एवं जमानत तथा अन्य जमा राशि बिना कोई कारण बताये राज्यसात कर ली जाएगी। निविदादाता को निविदा के साथ आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छाया प्रति भी समर्पित करना अनिवार्य होगा। क्रय किये गये वाहनों से संबंधित निबंधन पत्र देने या निबंधन स्थानांतरण कराने की जिम्मेवारी प्रमण्डलीय कार्यालय की नहीं होगी।

निविदादाता को ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों के लिए 10000/– (दस हजार) रू० अन्य चार पहिये वाहन के लिए 5000/– (पाँच हजार) रू० एवं दो पहिए वाहन हेतु 2000/– (दो हजार) रू० मात्र अग्रधन की राशि मुहरबन्द लिफाफे में निविदा के साथ बैंक ड्रॉफ्ट जो पंजाब नेशनल बैंक, लोहरदगा में भुगतेय हो, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा (Divisional Forest Officer, Lohardaga Forest Division, Lohardaga) के पदनाम के पक्ष में जमा करना होगा। असफल निविदादाताओं के अग्रधन की राशि तुरन्त वापस कर दी जाएगी। सफल निविदादाताओं द्वारा जमा की गई अग्रधन की राशि वाहन के मूल्य में समायोजित कर दी जाएगी। इच्छुक निविदादाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन कार्यालय अवधि में वाहन का निरीक्षण कर सकते है। प्रत्येक वाहन के लिए अलग–अलग निविदा विहित प्रपत्र में अग्रधन के साथ देना होगा। निविदादाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते है, बशर्ते की विहित प्रपत्र में निविदा अग्रधन राशि सहित पूरी तरह मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक 09.12.2022 को 12:00 बजे पूर्वाह्न के पहले कार्यालय में प्राप्त हो जाए। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन सं0 | निबंधन वर्ष | वाहन जहाँ अवस्थित है | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TRUCK | JH08C-0284 | 2006 | वन विश्रामगार, नेतरहाट कैम्पस | |
| 2 | TRUCK | JH08B-9922 | | वन विश्रामगार, नेतरहाट कैम्पस | |
| 3 | TRUCK | BR14G0209 | 1992 | सेरेंगदाग पुलिस पिकेट | |
| 4 | TRUCK | JH11C-5988 | 2001 | सेरेंगदाग पुलिस पिकेट | |
| 5 | TRUCK | BR24G-6401 | 1995 | सेरेंगदाग पुलिस पिकेट | |
| 6 | TRUCK | BPN-8645 | 1982 | सेरेंगदाग पुलिस पिकेट | |
| 7 | TRUCK | OR09D5769 | 2004 | सेरेंगदाग पुलिस पिकेट | |
| 8 | TRUCK | BR13B4821 | 1996 | सेरेंगदाग पुलिस पिकेट | |
| 9 | TRUCK | BR25 1839 | 2008 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस कुडू। | |
| 10 | JEEP COMMANDER | WNF-2376 | 1985 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस कुडू। | |
| 11 | EICHER TRACTOR | Without No. | | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस कुडू। | |
| 12 | TRUCK | OR09D 7901 | 2004 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस कुडू। | |
| 13 | TATA MAGIC | JH01A-1145 | 2009 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस कुडू। | |
| 14 | TATA MAGIC | JH01V 3086 | 2008 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस कुडू। | |
| 15 | TRUCK | JH12C3008 | | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस कुडू। | |
| 16 | TRUCK | JH08B 4710 | 2009 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस कुडू। | |
| 17 | TRUCK | 9334 | | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस बनारी। | |
| 18 | BOLERO | JH01CG 5090 | 2017 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस बनारी। | |
| 19 | TRUCK | Without Reg. No. | | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस कुडू। | |
| 20 | TRUCK | Without Reg. No. | | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस बनारी। | |
| 21 | MARUTI ZEN | JH08A 9192 | 2008 | वन क्षेत्र कार्यालय परिसर, लोहरदगा। | |
| 22 | TRUCK | Without Reg No. | | वन विश्रामागार कुडू। | |
| 23 | TRACTOR & TAILER | Without Reg. No | | बनारी प्रक्षेत्र कैम्पस, बनारी। | |
| 24 | TRUCK | WB5S5150 | 2008 | वन क्षेत्र कार्यालय परिसर कुडू। | |
| 25 | HYUNDAI I20 | JH01AB 0563 | 2009 | वन क्षेत्र कार्यालय परिसर कुडू। | |
| 26 | TRUCK | Without Reg. No. | | वन क्षेत्र कार्यालय परिसर, लोहरदगा। | |
| 27 | TRUCK | JH08D 4753 | 2006 | सेरेंगदाग पुलिस पिकेट। | |
| 28 | JCB | JH08F 9672 | 2017 | बनारी प्रक्षेत्र परिसर | |
| 29 | TRUCK | BR13G1113 | 1995 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस बनारी। | |
| 30 | MINI TRUCK 207 | JH01J 6512 | 2004 | वन परिसर कैम्पस कुडू। | |
| 31 | COMMANDER JEEP | JH07A 7013 | 2004 | वन परिसर कैम्पस लोहरदगा। | |
| 32 | TRUCK | JH02P 6995 | 2010 | सेन्हा थाना कैम्पस। | |
| 33 | TRUCK | Without Reg. No. | | सेन्हा थाना कैम्पस। | |
| 34 | MOTORCYCLE | JH08A 4191 | 2004 | वन परिसर कैम्पस लोहरदगा। | |
| 35 | MOTORCYCLE | JH08A 4323 | 2005 | वन परिसर कैम्पस लोहरदगा। | |
| 36 | TRUCK | BR2 6804 | 1991 | वन परिसर कैम्पस लोहरदगा। | |
| 37 | TRUCK | Jh12B3067 | 2001 | वन परिसर कैम्पस लोहरदगा। | |
| 38 | TRUCK | BPS 9772 | | वन परिसर कैम्पस लोहरदगा। | |
| 39 | TATA MAGIC | JH01T4384 | 2007 | वन परिसर कैम्पस लोहरदगा। | |
| 40 | TATA MAGIC | JH01T7587 | 2007 | वन परिसर कैम्पस लोहरदगा। | |
| 41 | TATA 207 | JH01P1471 | 2006 | वन परिसर कैम्पस लोहरदगा। | |
| 42 | TRUCK | BPN 9281 | 1983 | सेन्हा थाना परिसर। | |
| 43 | TRUCK | BHC 9671 | 1985 | सेन्हा थाना परिसर। | |
| 44 | TRUCK | BR14348 | 1989 | सेन्हा थाना परिसर। | |
| 45 | TRUCK | BR14G7026 | 1991 | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 46 | TATA 207 | JH01L 1054 | 2005 | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 47 | MOTORCYCLE | CG04CR 4332 | 2006 | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 48 | TATA 207 | JH05H5883 | 2004 | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 49 | PIKUP VAN | JH08B9590 | 2012 | सेन्हा थाना परिसर | |
| 50 | TRUCK | BPN 284 | | वन विश्रामागार परिसर नेतरहाट। | |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 283828 Lohardaga(22-23)#D


# अपराधियों ने ट्रैक्टर मालिक को गोली मारकर की हत्या

## मृतक मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव निवासी असलम अंसारी, घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव में अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दिया गया है। मृतक मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव निवासी सोबरत मिया का पुत्र असलम अंसारी 45 वर्ष बताया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रात्रि में सब को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह प्रत्येक दिन की तरह अपने घर से मंगलवार की देर शाम घूमने के लिए कह कर गया हुआ था। वापस घर लौटने के दौरान मंगलवार की रात 10:30 बजे घात लगाकर बैठे अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना है। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि दलेली गांव में असलम अंसारी नामक व्यक्ति को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली



मारकर हत्या कर दिया गया है। घटना के बाद पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। जल्दबाजी में कुछ भी कहना उचित नहीं है।

### गोली की आवाज सुनकर लोग आवाज की तरफ भागे

लोगों ने बताया कि जब गोली चलने की आवाज लोगों को सुनाई दिया। तो आवाज की और लोग भागे तो देखा कि असलम अंसारी सड़क पर पड़ा हुआ है। लोगों ने यह भी कहा कि जब गोली चली उसके बाद भी असलम अपनी जान बचाने को लेकर बचाओ बचाओ बोलते हुए घटनास्थल से कुछ दूर दौड़ कर भी भागा। जिसके बाद वह सड़क पर गिर गया। जब तक लोग कुछ कर पाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। असलम के शरीर में 3 गोली का निशान है। एक गोली उसके जबड़े के पास दूसरी गोली सीने के पास जबकि तीसरी गोली उसके पेट में लगी हुई है।

### पुलिस द्वारा जब अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पकड़ी तो सारा इल्जाम असलम पर ही जाता था

जानकारी के अनुसार मृतक असलम अंसारी का एक ट्रैक्टर वाहन था। उसी ट्रैक्टर से असलम अंसारी बालू बिक्री का कार्य भी कर रहा था। कुछ दिन पूर्व ही बालू बंद होने के कारण उसका व्यवसाय भी ठप था। जानकारी के अनुसार लोगों का कहना है कि अगर गांव में किसी की भी ट्रैक्टर पुलिस के द्वारा पकड़ा जाता तो सारा इंतजाम असलम अंसारी पर ही आता था। लोगों का कहना था कि असलम अंसारी के द्वारा ही ट्रैक्टर वाहन को पकड़वाया गया है।

### मृतक असलम के दो बीवी तीन पुत्री और दो पुत्र थी

मृतक असलम अंसारी के दो बीवी तीन पुत्री और दो पुत्र थे। असलम अपने घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। असलम की मौत के बाद पूरे परिवार के लोगों में मातम छाया हुआ है। आसपास के लोगों का कहना है कि असलम ही था जो उसका पूरा परिवार उसी पर आश्रित था।

## न्यूज गैलरी

### लोहरसी के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा–मालहन–मैकलुस्कीगंज मुख्य पथ पर लोहरसी के समीप मंगलवार देर शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉ नीलिमा के द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे रिम्स रेफर कर दिया।घायल युवक की पहचान सोहराय घटवार पिता एतवा घटवार रोल (जमीरा) चंदवा के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोहराय अपने एक सहयोगी सुनील के साथ लोहरसी साप्ताहिक बाजार से अपने घर रोल लौट रहा था इसी दौरान सड़क पर चल रही महिला को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त होकर बुरी तरह से घायल हो गया दुर्घटना में महिला और बाइक पर सवार दूसरे युवक को मामूली चोटें आई है।

### कोल वाहन दुर्घटना मुआवजा नीति निर्धारण को लेकर हुई बैठक



**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को कोयलांचल में अब तक कोल वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं में हजारों की हुई मौतें और अनियमित मुआवजा नीति को लेकर पनपते आक्रोश के निदान को लेकर लेकर टंडवा प्रखंड सभागार में अधिकारियों व बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ सुधीर दास व संचालन सीओ विजय कुमार ने किया। बैठक में आजसू ने दुर्घटनाओं में मुआवजा निर्धारण, समुचित गति अवरोधक लगाने, टंडवा–सिमरिया तक स्ट्रीट लाइट लगाने, संवेदनशील जगहों में अविलंब सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग रखी। जिसपर एसडीओ श्री दास ने कहा कि मुआवजा निर्धारण को लेकर विचार–विमर्श जारी है। जिसका प्रस्ताव तैयार कर सीसीएल मुख्यालय को भेजा जाएगा। वहीं अन्य तीन मांगों पर अमल करने के लिए पन्द्रह दिनों का समय मांगा गया। मौके पर बीडीओ रंथु महतो, डीएसपी शंभू कुमार सिंह, थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, आजसू के मनोज चंद्रा, नेहा तिर्की समेत अन्य उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना में बालक घायल

**प्रतापपुर(चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर चौक के समीप एक बालक मोटरसाइकिल के चपेट में आकर गंभीर रूप से बुधवार को घायल हो गया। तत्काल लोगों ने उसे प्रतापपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसका प्राथमिक इलाज किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीव्र गति से चालक मोटरसाइकिल चला रहा था और सड़क के किनारे चल रहे 8 वर्षीय बच्चे चपेट में ले लिया। जिससे बच्चा गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गया। बच्चे की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के पहियाडी गांव निवासी कपिल यादव के बेटे के रूप में की गई। वहीं अनियंत्रित रूप से वाहन चलाए जाने को लेकर स्थानीय लोग काफी आक्रोशित थे।

### अखिल भारतीय मंत्री ने सरस्वती शिशु विद्या स्कूल बेड़ो का किया निरीक्षण

**बेड़ो।** विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव जी ने बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो का औचक निरीक्षण किया। मौके पर गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, रांची विभाग के निरीक्षक फनींद्र नाथ आदि मौजूद थे। वहीं अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश नारायण सिंह ने कराया। राव जी ने आचार्य के साथ बैठक में लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति एवं भारतीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के अनुरूप शिक्षा देते हुए सर्वांगीण विकास की चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु खेलकूद और योग पर चर्चा किया। वहीं मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष भवानी शरण सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

**चाईबासा ।** खेलो झारखंड–2022–23 अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय शहर चाईबासा स्थित पांच केंद्रों पर आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सिंहभूम एसोसिएशन ग्राउंड चाईबासा में बुधवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला दंडाधिकारी–सह–उपायुक्त अनन्य मित्तल के द्वारा जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, जिला शिक्षा पदाधिकारी ललन कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार सहित सभी क्षेत्रीय/अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी की मौजूदगी में कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 के बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा एथलीट प्रतियोगिता के तृतीय, द्वितीय एवं प्रथम स्थान पर काबिज खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता समापन समारोह के अवसर पर उपायुक्त के द्वारा सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।


---

### उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

# अवैध खनन में शामिल लोगों पर कार्रवाई करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर बुधवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा कर जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों को अवैध खनन को रोकने हेतु नियमित छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश




दिया। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि खनिज के परिवहन में बिना नंबर की गाड़ियों का उपयोग नहीं हो इसे सुनिश्चित कराएं। आगे उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कोयला खदानों के एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने छापेमारी में जब्त किये गए अवैध खनिज की नीलामी के बारे जिला खनन पदाधिकारी से जानकारी लिया।

बैठक में उपायुक्त द्वारा अवैध खनन के रोकथाम हेतु पदाधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। ऑनलाइन बैठक में डीएफओ श्री रोशन कुमार, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर श्री मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, अंचल अधिकारी एवं कोल कंपनियों के अधिकारी जुड़े थे।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एचआइवी जांच, ससमय आयरन की गोली देने, संस्थागत प्रसव व होम डिलीवरी, टीबी, कुष्ट एवं मलेरिया, कोविड–19 टीकाकरण और संक्रमण के रोकथाम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा क्रम में संस्थागत डिलीवरी बढ़ाने पर बल देते हुए उपायुक्त ने वैसे क्षेत्रों को चिंहित करने का निर्देश दिया है, जहां संस्थागत डिलीवरी का प्रतिशत कम है। बैठक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी शतप्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी चिकित्सा पदाधिकारी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर व्यवस्था मुहैया कराने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कोविड–19 टीकाकरण और संक्रमण के रोकथाम की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन, सदर के डॉक्टर, डीपीएम, एमओआईसी, स्वास्थ्य फेलो समेत सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# जिप उपाध्यक्ष ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत स्थित कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय का जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी एवं जिला पार्षद सदस्य प्रियंका कुमारी, उप प्रमुख कामेश्वर राम ने प्राप्त शिकायतों की पुष्टि के लिए विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय की छात्राओं से रूबरू होकर उनकी समस्या को जाना। छात्राओं ने एक-एक कर अपनी समस्या रखी जिनमें पानी, किताबें और बढ़ती ठंड में मिले कंबल का गुणवत्तापूर्ण नहीं होना आदि का मुख्य समस्या छात्राओं ने जिला पार्षद उपाध्यक्ष के समक्ष रखी। जिसमें जनप्रतिनिधियों ने छात्राओं को किताबें नहीं मिलने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य से पूछा तो उन्होंने बताया कि अभी किताबें हमें मिली नहीं है वही जीप उपाध्यक्ष ने जिला शिक्षा विभाग से बात कर किताबें यथाशीघ्र मुहैया कराने की बात कही और गुणवत्तापूर्ण कंबल नहीं मिलने पर उपायुक्त से शिकायत करने की बात कही पानी आदि की समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे स्कूल के शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

# गिद्धौर में बीडीओ के नेतृत्व में कई दुकानों की जांच, दिये दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित किराना दुकान, पान दुकान के साथ-साथ मिठाई दुकानों की जांच की गई। जांच टीम का नेतृत्व बीडीओ संजीत कुमार सिंह कर रहे थे। साथ में अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल, अवर निरीक्षक टिकवानंद भगत सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। जांच के क्रम में कई पान दुकान व किराना दुकानदरों से गुटखा सिगरेट सहित अन्य मादक पदार्थ को किसी भी स्थिति में नहीं बेचने की चेतावनी देते हुए कहा कि पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा की मादक पदार्थ बेचना दंडनीय अपराध है। पकड़े जाने पर आर्थिक दंड के साथ जेल हो सकती है। इस क्रम में कई जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण अधिकारियों ने किया।

### दुर्दांत नक्सली कमलेश यादव ने किया आत्मसमर्पण, उपायुक्त ने कहा

# मुख्य धारा से जुड़कर समाज के विकास में दें योगदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नई दिशा से प्रभावित होकर जिला प्रशासन के समक्ष बुधवार को जिले के अति उग्रवाद प्रभावीत प्रतापपुर व कुंदा क्षेत्र में सक्रिय प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली सगंठन के सदस्य सह एरिया कमांडर कमलेश यादव ने समाहरणालय सभाकक्ष में आत्मसमर्पण किया। उग्रवादी को पुनर्वास नीति के तहत मौके पर माओवादी को एक लाख रुपया का चेक प्रदान किया गया। वहीं उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि दिग्भ्रमित होकर समाज के मुख्य धारा से भटके हुए लोगों को वापस समाज में आकर मुख्य धारा से जुड़ने के लिए वे जिला प्रशासन की तरफ से उनका स्वागत करते




हैं। साथ ही वे ऐसे अन्य लोगों से भी अपील किया कि वे भी वापस आकर समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें हर वो लाभ और सुविधा दिया जाएगा जो राज्य और केंद्र सरकार द्वारा देय है। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने उग्रवादी संगठन में शामिल लोगों से अपील करते हुए कहा कि अब जंगल से वापस लौटने का समय आ गया है। ऐसे लोग झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नई दिशा का लाभ उठाएं। वहीं आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी कमलेश यादव ने बताया कि भूमि विवाद के एक मसले को सुलझा कर अपने पक्ष में करने के लिए अन्य लोगों के बहकावे में आकर माओवादी दस्ते में सम्मिलित हो गए थे। संगठन में शामिल होकर उन्हें अन्य वरिष्ट सदस्यों के शोषण का सामना करना पड़ा, साथ ही पुलिस का डर भी हमेशा बना रहा। साथ ही परिवार से अलग रहने का भी दुख है। श्री यादव ने जिले के अन्य सभी लोग जो प्रतिबंधित दस्ते में शामिल हो गए हैं उन सभी से अपील किया कि वे भी समाज में वापस आकर विकास एवं शांति स्थापित करने में अपना योगदान दें। झारखंड सरकार के नई दिशा नीति का लाभ उठाएं और अपने परिवार के साथ सुख चौन से रहें। डीसी व एसपी के अलावे सीआरपीएफ 190 बटालियन के समादेष्टा मनोज कुमार, एसडीपीओ अविनाश कुमार, पुलिस निरीक्षक लव कुमार, थाना प्रभारी हंटरगंज सनोज चौधरी, थाना प्रभारी प्रतापपुर बिनोद कुमार समेत अन्य शामिल थे।

### पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

# गिद्धौर को सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं किये जाने पर पंचायत समिति सदस्यों ने जताया आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव व संचालन बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में गिद्धौर को सुखाड़ घोषित नहीं किये जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। जबकि इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया गया। कहा गया कि प्रखंड के 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। इस वर्ष अल्पावृष्ठि होने के कारण धान सहित अन्य फसल का अच्छदान ना के बराबर हुआ था। परंतु कुछ अधिकारियों के द्वारा गिद्धौर को उपेक्षित किया गया। जो किसी भी स्थिति में मान्य नहीं है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों



ने सरकार से एक बार पुनः विचार करते हुए गिद्धौर को सुखाड़ घोषित करते हुए किसानों को लाभ पहुंचाने की मांग किया है। बैठक में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा लाभुकों को खाद्यान्न वितरण के समय पर्ची नहीं दिए जाने पर चर्चा करते हुए लाभुकों को पर्ची देने का प्रस्ताव पारित किया। अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक द्वारा किसानों को फसल राहत योजना के लाभ की जानकारी दी गयी। अंचल अधिकारी ने किसानों से नजदीकी प्रज्ञा केंद्रों में जाकर केवाईसी करवाने की अपील किया। सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने 14वें व 15 वें वित्त आयोग से बने जल मीनार व जेएसलपीएस के तहत सखी मंडल की महिलाओं के बीच बीज सहित अन्य सामग्री का वितरण से आम लोगों के बीच नही पहुंचने का मामला उठाया। बैठक में उपप्रमुख प्रीतम यादव, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, पंस सदस्य सरिता देवी, लालो साव, रहमती प्रवीण, बीटीएम दीनदयाल प्रसाद, सहायक अभियंता मनोज कुमार, डॉक्टर सत्य प्रकाश, वनपाल रूपलाल यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# मगध और भू-रैयतों की बैठक में विकास कार्य और रोजगार की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

बालूमाथः-बालूमाथ प्रखंड के आरा रेस्ट सेंटर में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस बैठक में मगध जीएम केके सिन्हा अंचलाधिकारी सीओ अफताब आलम उपप्रमुख कामेश्वर राम गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव के साथ सैकड़ों आरा,चमातु के भू-रैयत शामिल हुए। बैठक में विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई जिसमें अनेक प्रकार की समस्या, पानी, बिजली, सड़क, स्कूल, अस्पताल के साथ-साथ स्कूल बस का भी मांग रखी गई।साथ ही जीएम के जमीन का रसीद काटने के विषय में भी चर्चा विस्तृत रूप से किया गया तथा कोयले से लोकल ट्रक ऑनरो और ग्रामीणों को कैसे लाभ मिले इसके विषय में भी चर्चा हुई। वही रोजगार



के विषय में बात किया गया। इन समस्याओं से निजात पाने के लिए सीसीएल के जीएम और अंचलाधिकारी आफताब आलम से आग्रह किया। इस बैठक में शिवनारायण प्रसाद, शंभू प्रसाद, सत्यनारायण साव त्रिवेणी साव,मिथुन साव, कुलदीप साव राजेंद्र प्रसाद, अभिमन्यु साहू पदुम यादव, गोपाल यादव, रविन्द्र उरांव, दुर्गा उरांव, रवि प्रकाश, खुशियाल साव, सुरेश साव सहित सैकड़ो ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ब्राउन शुगर के साथ चार व्यक्ति गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर में इन दिनों ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री में बेतहाशा वृद्धि हो रही है. इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बुधवार को ही बागबेड़ा पुलिस ने 14 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इधर मानगो पुलिस ने भी 52 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लिए गए आरोपियों में बैकुंठ नगर निवासी राजा कुमार, गुरुद्वारा रोड निवासी संजय अमन सिंह और बलदीप सिंह उर्फ पाठक शामिल है। आरोपियों के पास से कुल 52 पुड़िया ब्राउन शुगर के अलावा 11,590 रुपए नकद बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए डीएसपी हेडक्वार्टर 1 वीरेंद्र राम ने बताया कि बीते दिनों पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बैकुंठ नगर में कुछ युवक ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे है।

# भ्रूण हत्या और बाल विवाह पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**इटखोरी(चतरा)।** बुधवार को आजीविका महिला संकुल संगठन के तत्वाधान में इटखोरी प्रखंड में भ्रूण हत्या व बाल विवाह पर रंगोली प्रतियोगिता सह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेंडर सीआरपी कंचन देवी के नेतृत्व में जागरुक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीआरपी ने बताया कि लोग कैशे बेटे की चाहत व आर्थिक तंगी के कारन बच्ची को पेट में ही मार देते हैं। बेटियों को बोझ समझ कर उसकी खेलने कूदने की उम्र में सादी एक बेमेल जोड़ी के साथ कर देते हैं। जबकि बेटियां आज बेटों से कहीं कम नही है। वहीं आजीविका संकुल संगठन की महिलाओं द्वारा रंगोली व सपथ ग्रहण के द्वारा जागरूकता अभियान निकाल कर सभी को सपथ दिलाया गया कि समाज में हो रहे कुरीतियों को हम दूर करेंगे। कार्यक्रम में रीना यादव, शांति देवी, सुहाना कुमारी, प्रीति कुमारी व गीता कुमारी उपस्थित थी।

# केड़ में पेयजल सुविधाओं का घोर अभाव चुआंड़ी से पानी पीने को विवश है ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाड़ीह।** प्रखंड के केड़ पंचायत अंतर्गत ग्राम गाड़ी टोला-बथानी के दर्जनों से अधिक घर के ग्रामीण आजादी दशको बाद भी एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, ग्रामीण अपने घर से 1 किलोमीटर दूर घनी जंगल में चूवाड़ी झारना से लाकर पानी पीते हैं। इस हालात से ग्रामीणों को मनुष्य और जानवर में कोई फर्क नहीं रह गया है। उस चूवाड़ी नाले से जानवर भी पानी पीते हैं। घने जंगल होने के कारण ग्रामीण महिला जब भी पानी लेने जाते हैं तो एकजुट होकर जाते हैं, क्योंकि उस चूवाड़ी झरना से जंगली जानवर भी पानी पीते हैं. जिससे हमेशा डर का माहौल बना रहता है। इस बथानी टोला में ग्रामीणों को बहुत ऐसा समस्या है



जोकि ग्रामीण जानवर की तरह जीवनयापा करने को विवश हैं.गांव में अन्य किसी तरह से सरकारी लाभ तो मिलता है लेकिन पानी का सुविधा नहीं रहने की लोगो काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बथानी टोला के ग्रामीण सुखलाल भुईयां मुनेश्वर भुईयां श्यामलाल भुईयां, जितेंद्र भुईयां, सकुंती देवी, मुनिया देवी, सिमनिया देवी चिंता देवी, सुगंदी देवी, रानी देवी, सुगनी देवी, दसनी देवी, सुखलाल सिंह, युवा समाजसेवी सुरेंद्र कुमार भुईयां, मुखलाल सिंह, दीपलाल सिंह, बबल सिंह, टुकेश्वर सिंह, जितेंद्र सिंह, सामदेव सिंह, विश्वनाथ सिंह, अमेला देवी, सेमरी कुंवर ने कहा कि गांव में पेयजल की सुविधा की मांग कई बार किया गया है लेकिन

प्रशासन को आवेदन देते-देते और बोलते बोलते थक चुके हैं। पानी का स्त्रोत का सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है। अब ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से पानी का मांग किया है।

# मुखिया और पंसस ने किया पोशाक वितरण, बच्चों में उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत टोंटी पंचायत के उत्क्रमीत मध्य विधालय इटके में बुधवार को वर्ग 1व 2 के अध्ययनरत 32 छात्र छात्राओं के बीच मुखिया शांति देवी, पंसस मो होजैफा स्कुल के अध्यक्ष मो ओजैर, एचएम प्रेम जिवनधर लकड़ा, ने संयुक्त रूप से पोशाक का वितरण किया। पोशाक वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए एचएम लकड़ा ने बताया कि वर्ग एक व दो मे पढने वाले 32 छात्र छात्राओं का विभाग द्वारा दो दो सेट ड्रेस व एक एक स्वेटर उपलब्ध कराया गया था। जिसे आज बुधवार को पंचायत प्रतिनिधियों के हाथों छात्र छात्राओं के बीच वितरण किया गया। वितरण के मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक चन्द प्रकाश पाण्डेय, मो साजिद, शिक्षिका लिलि सुशिला कुजुर सहित कई स्कुली छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## न्यूज गैलरी

### पाकरबाहर मोड़ के पास बोलबा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पाकरबाहर मोड़ के पास बोलवा पुलिस द्वारा सभी प्रकार के वाहनों की जांच की गई। साथ ही चालकों को चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर मोटरसाइकिल चालक के हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी प्रकार के कागजातों की जांच की गई। साथ ही सभी प्रकार के सामानों की भी तलाशी ली गई। वाहन चालक द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस या वाहन का रजिस्ट्रेशन पेपर नहीं दिखाए जाने पर पुलिस द्वारा चेतावनी दिया गया। कहा गया की सभी प्रकार के कागजात साथ में लेकर चले। इस मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी अभय मिंज ने बताया की दुर्घटना एवं अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर एएसआई भोला प्रसाद सिंह एवं पुलिस बल मौजूद थे।

### एनवाईके के तत्वावधान में स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोलेबिरा।** सोमवार को नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में सघन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के वैसे युवा, जो युवा मंडल सदस्य या राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नहीं हैं, वे बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्वयंसेवक की एक नयी टीम तैयार करना है। स्वयंसेवकों का नामांकन तीन सालों के लिए किया जा रहा है। कोलेबिरा प्रखंड में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सौरभ बड़ाईक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं को कोरोना महामारी के समय में स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। नेहरू युवा केंद्र संगठन पूरे भारत में स्वयंसेवकों की एक टीम बनाकर आगामी किसी भी समस्या या आपदा से निपटने के लिए तैयार रहना चाहता है। कार्यक्रम में संत जेवियर्स उच्च विद्यालय बरवाडीह के विद्यार्थियों समेत अन्य युवाओं ने भाग लिया।

### कुरडेग में बाईक दुर्घटना में पिता की मौत, पुत्र की स्थिति गंभीर




**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के गड़ीयाजोर भलमंडा घाटी में बाईक दुर्धटना में पिता की मौत पुत्र की स्थिति गंभीर। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा प्रसाद गुप्ता उम्र 55 बर्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता उम्र 30 वर्ष दोनो पिता पुत्र कुंजारा छत्तीसगढ़ निवासी पल्सर बाईक से सिमडेगा न्यायालय जा रहे थे। इसी क्रम में सुबह 6-0 बजे चालक कमलेश गुप्ता तीखा मोड़ होने से बाईक पर नियंत्रण खो दिया। जिससे दोनो सड़क पर गीर पड़े बाइक पर बैठे कृष्णा प्रसाद की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं चालक कमलेश प्रसाद की स्थिति गंभीर हो गई। घायल का प्राथमिक ईलाज कुरडेग अस्पताल में करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। गौरतलब हो दोनों ब्यक्ति को माथे पर गंभीर चोट हेलमेट नहीं लगाने से लगी। घटना की सुचना मिलते ही कार्यवाहक थाना प्रभारी अजीत प्रकाश दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव अपने कब्जे में कर पोस्ट मार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजते हुए आवश्यक कानूनी कार्यवाई में जुट गये।

### स्थापना दिवस को लेकर समिति की बैठक आयोजित



**बानो।** प्रखंड के रायकेरा स्थित नवयुवक संघ बाजार समिति रायकेरा के स्थापना दिवस को लेकर समिति के सदस्यों की बैठक घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में हुई। मालूम हो कि बाजार समिति की स्थापना दिवस 2 जनवरी 2023 को हैं। कार्यक्रम को लेकर समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक होने वाला मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, नागपुरी, कृषि मेला व जदुरा नाच कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समिति के 21वां स्थापना दिवस पर धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।मालूम हो तीन वर्ष कार्यक्रम नही होने के कारण इस बार उत्साह के साथ कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। मौके पर सुमन कुमार सिंह, ओमीन सिंह, बालेश्वर सिंह, बालमुकुंद पाईक, सरयू प्रसाद दिलेश्वर देहरी आदि लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बानो।** प्रखंड के एसएस प्लस टू मैदान बानो में तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बानो प्रमुख सुधीर डांग उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा आज खेल के माध्यम से अपना जीवन सवार सकते हैं। खेल के माध्यम से एक अच्छी जीवन जी सकते है। झारखंड सरकार की ओर से प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है। मन लगा कर खेलें। खेल के माध्यम से किसी क्षेत्र में रोजगार पा सकते है। प्रखंड से जिला व जिला से राज्य स्तर पर खेल के माध्यम से जा कर बानो प्रखण्ड का नाम रोशन करें। सिमडेगा जिला खिलाड़ियों के जिला के रूप में जाना जाता है।खेल का उद्घाटन प्रमुख सुधीर डांग ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच कनारोवां व उकौली पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें कनारोवां की टीम 1-0 से बिजयी रही। फाइनल मैच शुक्रवार को खेला जाएगा। मौके पर बीपीआरओ रबिन्द्र कश्यप, मुकेश कुमार, आकाश महतो, आशुतोष कुमार, मनोज महतो, विकास मघईया, संजय डांग आदि लोग उपस्थित थे।

# जलडेगा में मैन्यू के अनुसार नहीं मिल रहा बच्चों को मिड-डे मील

## ❍ विभाग को खबर ही नहीं पिछले एक वर्ष से बच्चों को दाल-भात और सब्जी की जगह खिचड़ी खिला रहे हैं शिक्षक







**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रति आकर्षित करने, बच्चों की अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने एवं उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई मध्यान्ह भोजन योजना का बच्चों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि बच्चों को पौष्टिक आहार देने हेतु सरकार की ओर से मैन्यू भी निर्धारित किया है। लेकिन जिम्मेवार शिक्षक मेन्यू को दरकिनार कर गुणवत्तविहीन भोजन ही बच्चों को परोस रहे हैं। मामला जलडेगा प्रखंड से जुड़ा है जहां बुधवार को आरसी प्राथमिक विद्यालय पतिअम्बा में बच्चों को दोपहर में खिचड़ी दिया गया वो भी जला भुना। जबकि स्कूल में लगे सरकारी मेन्यू के अनुसार बुधवार को दाल भात और सब्जी देना था।

**मध्यान्ह भोजन के नाम पर धड़ल्ले से हो रही है जंगल की कटा :** यहां एमडीएम संचालन में शिक्षकों की मर्जी चलती है। धुंआ रहित राज्य निर्माण के लिए सरकार ने सभी विद्यालयों में एलपीजी गैस कनेक्शन करवाने का निर्देश दिया है, और प्राय प्राय सभी स्कूलों में निर्देश का पालन भी हो चुका है। लेकिन इस विद्यालय में मध्यान्ह भोजन पकाने में शिक्षक गैस के जगह पर लकड़ी का खुलेआम उपयोग कर रहे हैं। और बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई करा रहे हैं। रसोईया आज भी धुंऐ के लपटों में भोजन बना रही है।

### क्या कहते हैं प्रभारी एचएम

मामले पर जब प्रभारी एचएम वाल्टर सोरेंग से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिगत एक साल से एमडीएम में बुधवार को खिचड़ी खिला रहे हैं। हरा सब्जी नहीं मिलता है। आप पास बज्रपात से मरे हुए पेड़ों को खरीद कर लकड़ी की ब्यवस्था की गई है। जितनी राशि मिलती है उससे गैस खरीदना संभव नहीं है।

### बीईईओ का क्या कहना है?

इधर बीईईओ अरूण कुमार पाण्डे ने कहा की जांच किया जाएगा। एमडीएम पकाने के लिए गैस कनेक्शन दिया गया है।

### कौन होगा जिम्मेदार?

विभागीय मोनिटरिंग टीम जिम्मेवारी के नाम पर महज खानापूर्ति कर रही है। बच्चों के भोजन में कहीं अंडा गायब रहता, तो कहीं मात्र दालभात या सब्जी भात ही दिया जाता है। प्रभारी एचएम के अनुसार पिछले एक वर्ष से स्कूल के बच्चों को सिर्फ खिचड़ी दिया जा रहा है, ऐसे में यहां सवाल खड़ा तय है कि आखिर पिछले एक वर्ष से बीआरसी के जिम्मेदार कर्मियों ने क्यू इस समस्या का समाधान नहीं किया? क्या शिक्षा विभाग के कर्मियों को इसकी जानकारी नहीं थी या जानकारी के बाद मामले पर पर्दा डाल दिया गया। खैर ये तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

## जिले के सभी पंचायतों में गृह प्रवेश समारोह का आयोजन

# किस्को में डीडीसी गरिमा सिंह ने लाभुक का कराया गृह प्रवेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत लोहरदगा जिला के मन्हो पंचायत के बंजार किस्को ग्राम में उप विकास आयुक्त लोहरदगा गरिमा सिंह के द्वारा गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत लाभुक काजल माली को आवास का गृह प्रवेश कराया गया। वर्तमान में 15 नवंबर 2022 से 30 नवंबर 2022 तक गृह प्रवेश पखवाड़ा मनाए जाने का निर्देश राज्य स्तर से प्राप्त था जिसके आलोक में जिले के सभी पंचायतों में गृह प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया। इस क्रम में आज गृह प्रवेश पखवाड़ा का समापन समारोह उप विकास आयुक्त के द्वारा लोहरदगा सदर प्रखंड के बंजार किस्को ग्राम में किया गया। वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश बड़े पैमाने पर जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। बुधवार के समारोह में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, जिला समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता, लेखापाल पूजा कुमारी, प्रखंड समन्वयक संदीप खाखा, धर्मेंद्र उरांव, जनसेवक इंद्रजीत लकड़ा सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### डीआरडीए के लेखापाल हुए सेवानिवृत्त, डीडीसी समेत अन्य ने दी विदाई



**जिला** ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के लेखापाल अनिल बाखला बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर उन्हें जिला परिषद स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी गई। श्री बाखला वर्ष 1990 से डीआरडीए, लोहरदगा में कार्यरत थे। मौके पर उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, परियोजना पदाधिकारी मनरेगा सुधीर मुर्मू, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद कनकलता भानु एक्का, स्टेनो देवानंद पाण्डेय समेत, गजेन्द्र राम, विवेक सिंह, जिला परिषद, डीआरडीए और विकास शाखा लोहरदगा के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

## वार्ड नं. 15 में जय श्री राम समिति का विस्तार अध्यक्ष शशी भगत व दीपक अग्रवाल बने महामंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के वार्ड 15 स्थित राजा बंगला में जय श्री राम समिति की बैठक जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से समिति विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर की गई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शशि भगत, उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल, महामंत्री दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू साहू, संगठन मंत्री नीरज अग्रवाल एवं सत्यदेव साहू को बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को सकार करने के लिए जय श्री राम समिति हमेशा से प्रयासरत रहती है यही कारण जनजातीय समाज का जुड़ाव दिन प्रतिदिन हो रही है। जय श्रीराम समिति एक ऐसा संगठन है जो सनातन समाज को एकजुट करने का प्रयास कर रही है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशी भगत ने कहा मेरे ऊपर समिति का विश्वास एवं भरोसा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है निश्चित ही मै इसे आगे बढ़ाने का काम करूंगा। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, सह- कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, अजय कुमार महतो, सुरेंद्र अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, शंभू अग्रवाल, मुकेश साहू, अमित अग्रवाल, प्रदीप उरांव, हरिनाथ साहू, धनेश्वर साहू, उदय साहू, संदीप अग्रवाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ दो दिवसीय तामड़ा जतरा महोत्सव

# गीत-संगीत व प्राचीन परंपरा को बरकरार रखने का तरीका है जतरा महोत्सव : मजदूर नेता




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में दो दिवसीय अखंड पंचमी के मौके पर आयोजित यात्रा बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर नेता राजेश सिंह विशिष्ट अतिथि पंचायत की मुखिया अंजना एक्का, मुख्य संरक्षक शशि यादव के द्वारा विधिवत कार्यक्रम का रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। स्वागत भाषण अध्यक्ष हीराराम के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारी विरासत और हमारी संस्कृति का बचाव में एक महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के दो दिवसीय आयोजन करने के लिए आयोजन समिति को मैं धन्यवाद देता हूं की ऐसे आयोजन करने से हमारे युवा पीढ़ी के अंदर अपनी विरासत और संस्कृति को बचाने में एक अनूठी मिसाल पेश की है। उनका किसी प्रकार आयोजन होता रहे जिससे कि समाज में गीत-संगीत और परंपरा का लगातार युवाओं के अंदर जोश और समाज में धर्म के प्रति लोग जागरूक रहें। उन्होंने युवाओं को नशा पान समाज में फैली कुरीतियों अन्य चीजों से दूर रहते हुए समाज के निर्माण करने के लिए अपील किया। वहीं मुख्य संरक्षक शखि यादव ने कहा आयोजन का एकमात्र उद्देश्य है कि गीत संगीत और हमारे रीझ रंग को बरकरार रखना है। इस मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकार राजदेव नायक के द्वारा मां दुर्गा के वंदना के साथ कार्यक्रम का शुरूआत किया वहीं केसो देवी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति किया इसके अलावा आधुनिक नागपुरी गीत के लिए आशीष भारती विनय कुमार प्रीति के द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी आधुनिक गीत प्रस्तुति करते हुए उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया वह इसके अलावा डांसर में मधु कुमारी, एवं अन्य सिंगरों के द्वारा भी आयोजित मेले में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति किया वहीं आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक शखि यादव, मनोज सिंह, अशोक गुप्ता, फूल चंद ठाकुर, राहुल मिश्रा शत्रुघन श्रीवास्तव, अध्यक्ष हीराराम, उपाध्यक्ष लाल महतो, अरविंद कैथवार, किशोर तूरी, सचिव राहुल कैथवार,अनूप केसरी, रिजवान खलीफा, सह सचिव छोटा साहू, राजकुमार गोप, संतोष साहू, मुकेश गोप, ब्रजनाथ अमन मिश्रा कैथवार, मनीष, बजरंग सुभाष, सरवन, मनीष, अजय, अमन सहित समिति के पदाधिकारियों की भूमिका है।

# कुडू में महिला व बालिका हिंसा के विरुद्ध चलाया गया जागरुकता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू में सेंटर कैटलाइजिंग चेंज के कार्यकर्ताओं द्वारा महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन मध्य विद्यालय जिम्मा कुडू में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में किशोर किशोरियों द्वारा महिला हिंसा विरोधी संबंधित नारा लगाते हुए पुरे गांव का भ्रमण करते हुए वैसे जगह चिन्हित किया गया जहा पर इस तरह की हिंसा अक्सर होती हैं। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मध्य विद्यालय जिम्मा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शांता कुमारी ने बताया कि बुधवार को लोहरदगा जिले के सभी प्रखंडों में महिला एवं बालिका हिंसा के बिरुद्ध जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हिंसा हो रही है उन्में जागरूकता आए ताकि जब भी उनके साथ किसी भी तरह की हिंसा हो तो वे उनका विरोध करें और जब विरोध करेंगे। तब ही महिलाओं में होने वाली हिंसा कम होगी। रैली में लड़के भी शामिल हुए और उन्हेने भी प्रण लिया की वे इस तरह की हिंसा को रोकने में अपनी भागीदारी निभाएंगे। सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लोहरदगा के बिभिन्न ब्लॉक में चलाया जाएगा। कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूकता रैली एवं गाव में लड़को ,लड़कियों एवं महिलाओ के साथ समूह बैठक किया जाएगा ताकि समाज में रहने वाले सभी लोगों में यह जागरूकता आए और वह किसी महिला या किशोरी पर किसी भी तरह का हिंसा ना करें और ना होने दें। इस कार्यक्रम को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी विद्यार्थियों के बीच महिला हिंसा विरोधी संबंधित वीडियो क्लिप दिखाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्य विद्यालय जीमा कुडू के शिक्षक, एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यकर्ता पवन कुमार गुप्ता,नवल किशोर सिंह सहित लगभग 300 किशोर किशोरियों एवं महिलाएं ने अहम भूमिका निभाई।

## जिले के सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विदाई समारोह आयोजित

# शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते वे राष्ट्रनिर्माता होते हैं : सलोमी लकड़ा




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षिकाओं का अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला समिति के द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया।

■ शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित रहेंगे तो निश्चित ही समाज में आयेगा बदलाव : डीएसई

रा. प्राथमिक विद्यालय कुटमू के शिक्षक संजय कुमार सिंह, रा मध्य विद्यालय भंडरा के शिक्षक सुदामा राय, मध्य विद्यालय सिठियो की शिक्षिका सुनीता देवी, मध्य विद्यालय रामपुर के शिक्षक अमानउल्लाह, मध्य विद्यालय बंजार किस्को के मुश्ताक अहमद को सम्मानित किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक अपरुपा पाल चौधरी, प्रदेश महासचिव राममूर्ति ठाकुर, प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य उतील यादव, अरविंद कुमार सिंह, प्रमंडलीय महासचिव (द० छो०), रांची जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा, गुमला जिला अध्यक्ष रामचंद्र खेरवार, महासचिव सुरंजन कुमार, पलामू जिला संस्थापक सदस्य रामकुमार सिंह सहित जिले के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। राजकीय प्राथमिक स्कूल कुटमू की प्रधानाध्यापिका सलोमी लकड़ा ने इस अवसर पर कहा की शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते है, शिक्षक राष्ट्रनिमार्ता है लेकिन शिक्षक को शिक्षक रहने नहीं दिया जा रहा है, स्कूल के शिक्षक संजय सिंह कर्मठ और लगानशील शिक्षक रहे है इनके सेवानिवृत से स्कूल और शिक्षा जगत को भारी कमी महसूस होंगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पाल चौधरी ने कहा की शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित रहेंगे तो निश्चित समाज मे बदलाव आता ही है। राममूर्ति ठाकुर ने कहा की संजय सिंह शिक्षक के साथ साथ संघठन के प्रति भी वफादार रहे है जिसके कारण संजय सिंह एवं अन्य शिक्षक की सेवानिवृत अच्छा ढंग से किया गया, संजय सिंह ने अपने अनुभव मे कहा की मै पेसरार के दुर्गम सिरम माची स्कूल मे पदास्थापित रह कर सेवा प्रारम्भ किया और आज 28 वर्षों की सेवा कर सेवानिवृत होना सुखद अनुभूति रही है। मंच संचालन शिक्षिका रश्मि खेस द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिजय दास, गणेश लाल, बिनोद सिंह, अजय सिंह, मनी उरांव, अरुण राम, राहुल कुमार, अजय लाल, शम्भू शर्मा आदि उपस्थित थे।

## भारतीय नागरिक होने के नाते मूल कर्तव्यों का पालन करना हम सब का कर्तव्य : डालसा सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) दिनांक 26 नवंबर से 02 दिसम्बर, 2022 तक 'संविधान सप्ताह' मानने का कार्य कर रही है। संविधान सप्ताह के तीसरे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा 'संविधान की महत्ता एवं मौलिक कर्तव्य, आपका दायित्व' विषय को लेकर मंडल कारा, लोहरदगा एवं संप्रेक्षण गृह, गुमला जहां लोहरदगा के 33 बच्चें संसीमित हैं में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में कैदियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव, राजेश कुमार ने कहा कि संविधान ने नागरिकों को मौलिक अधिकार दिया है। संविधान ने राज्य को लोक कल्याण से संबंधित नीति बनाने की बात कही है। अनुच्छेद 51 'क' में मूल कर्तव्यों की व्याख्या की गई है जिसका हम सब को पालन करना चाहिए। कैदियों के बीच सभी 11 मूल कर्तव्यों की व्याख्या कर इसका अनुपालन करने का आवाह्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन जेलर सुबोध कुमार ने किया। अधिवक्ता सशांक कुमार ने भी कैदियों को संबोधित किया मौके पर पी. एल.भी., दिलीप कुमार साहू, गौतम लेनिन उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## न्यूज गैलरी

### ब्रिटानिया का फ्रांस की कंपनी बेल के साथ संयुक्त उद्यम में प्रवेश

नयी दिल्ली। देश की प्रमुख खाद्य उत्पाद बनाने वाली ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीआईएल) ने फ्रांस की पनीर उत्पादन और स्वस्थ खाद्य उत्पादों का निर्माण करने वाली कंपनी बेल एक संयुक्त उद्यम का करार किया हैं। कंपनियों ने विगत मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि ब्रिटानिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बीडीपीएल (ब्रिटानिया डेयरी प्राइवेट लिमिटेड) में बेल 49 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी जिसके बाद कंपनी का नाम बदलकर ब्रिटानिया बेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड कर दिया जाएगा। इस संयुक्त उद्यम के जरिए भारतीय उपभोक्ताओं के लिए पौष्टिक, स्वादिष्ट और विश्व स्तरीय श्रृंखला पनीर उत्पादों की श्रृंखला पेश की जाएगी।

### हरियाणा के उद्योगों की बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान जल्द: रंजीत सिंह

गुरुग्राम (एजेंसी)। हरियाणा के बिजली मंत्री रंजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार उद्योग और अन्य डेवलपर के लिए बिजली से संबंधित सभी समस्याओं को हल करने की पूरी कोशिश करेगी ताकि राज्य का आर्थिक विकास प्रभावित न हो। वह यहां नारेडको–हरियाणा रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन 2022 और क्रेता–विक्रेता सम्पर्क कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने इस अवसर पर उद्यमियों को आश्वासन देते हुए कहा, राज्य मंत्रिमंडल की बैठक दिसंबर, 2022 के पहले सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसमें हरियाणा में बिजली की समस्या के समाधान के लिए सभी तरह के प्रबंध पूरे कर लिए जाएंगे।

### टाटा समूह करेगा एयर इंडिया, विस्तारा का विलय

**मुंबई।** टाटा सन्स और सिंगापुर एयरलाइन्स (एसआईए) ने विगत मंगलवार को विस्तारा एयरलाइन्स का एयर इंडिया में विलय करने की घोषणा की। यह निर्णय टाटा समूह द्वारा अपने एयरलाइन कारोबार के पुनर्गठन की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। कंपनियों ने एक बयान में कहा कि यह विलय प्रक्रिया नियामक की मंजूरी मिलने के बाद मार्च 2024 तक पूरी कर ली जाएगी। इस सौदे के अंतर्गत एसआईए एयर इंडिया में 2,059 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और 25.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी होगी बाकी 74.9 प्रतिशत शेयर टाटा संस के पास होंगे।

# मुकेश अंबानी के समधी बचा सकते हैं अनिल की साख



**दिल्ली (एजेंसी)।** अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए कई कंपनियों ने बोली लगाई है। इन कंपनियों में एक ऐसा नाम भी है, जिसका सीधा रिश्ता मुकेश अंबानी से भी है। जी हां, मुकेश अंबानी के समधी और ईशा अंबानी के ससुर ने भी आर कैपिटल में अपनी रुचि दिखाई है। पिरामल ग्रुप के अलावा इस कंपनी में कॉस्मिया फाइनांशियलऔर यूवी एआरसी के साथ हिंदुजा ग्रुप, ओकट्री, टोरेंट ने भी अपनी फाइनल बिड सौंप दी है। इस दिवालिया फर्म के लिए अंतिम प्रस्तावों की डेडलाइन सोमवार को समाप्त हो गई। यूवी स्पेशल सिचुएशन फंड ने फीस के आधार पर रिलायंस कैपिटल के लिए एक ऑफर दिया है, जिसका मतलब है कि उसका कोई रिजॉल्यूशन प्लान नहीं है। फर्म आरकैप की संपत्तियों को बेचने और बिक्री होने पर उधारदाताओं को चुकाएगी। उद्योग के एक सूत्र ने कहा कि बोली लगाने वाली कंपनियों द्वारा की गई पेशकश के बारे में अभी जानकारी नहीं है। उद्योग के सूत्रों के मुताबिक, लाइफ और जनरल इंश्योरेंस वेंचर्स के लिए अलग से कोई बोली नहीं लगाई गई। बिड़ला सन लाइफ और निप्पॉन दोनों, जो लाइफ इंश्योरेंस कारोबार रुचि रखते हैं, बिड प्रोसेस से पहले ही पीछे हट गए। निप्पॉन, जिसकी रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस में 49 फीसदी हिस्सेदारी है, ने भारतीय साझेदार के साथ फर्म की 51 फीसदी बोली लगाने में रुचि दिखाई थी। इसी तरह, बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी हिस्सेदारी 10 फीसदी से नीचे गिरने की आशंका के कारण निप्पॉन लाइफ के विलय से इनकार करने के बाद दौड़ से बाहर हो गई। आरसीएपी के लिए बोली दो तरह से लगाई जा सकती है। पहली, पूरी कंपनी के लिए और दूसरी, अलग-अलग व्यवसायों के लिए।

### पहले दौर की बोलियों में कौन था आगे

ज्यूरिख इंश्योरेंस और यूएस स्थित निजी इक्विटी निवेशक एडवेंट इंटरनेशनल, दोनों ने शुरूआती दौर में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी (आरजीआईसी) के लिए नॉन–बाइंडिंग बिड बोलियां जमा की थीं, अंतिम दौर में बाहर रहे। एडवेंट ने बोली के पहले दौर के दौरान आरजीआईसी के लिए 7,000 करोड़ रुपये की नॉन बाइंडिंग बिड दी थी, जबकि पिरामल और ज्यूरिख ने क्रमशः 3,600 करोड़ रुपये और 3,700 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी।

# आज होगा डिजिटल रूपये का लॉन्च, आरबीआई का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया है। आरबीआई ने कहा है कि वह एक दिसंबर को खुदरा डिजिटल रुपये लॉन्च करेगी। बता दें ए-फएक डिजिटल टोकन के रूप में होगा। जानकारी के मुताबिक डिजिटल मुद्रा कानूनी निविदाओं का प्रतिनिधित्व करेगी। आरबीआई ने बताया कि डिजिटल रुपया उसी मूल्यवर्ग में जारी किया जाएगा जिसमें वर्तमान में कागजी मुद्रा और सिक्के जारी किए जाते हैं। आरबीआई खुदरा स्तर पर डिजिटल रुपये का पायलट प्रोजेक्ट लेकर आया है। एक दिसंबर से रिटेल सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के लिए पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च होगा। फिलहाल यह पायलट प्रोजेक्ट ग्राहकों और व्यापारियों के साथ क्लोजर यूजर ग्रुप को कवर करेगा। यह पायलट प्रोजेक्ट कुछ चुनिंदा जगहों पर ही होगा। यह डिजिटल रुपया इस समय जारी पेपर करेंसी और सिक्कों की तरह ही जारी होगा। यह डिजिटल करेंसी बैंकों के माध्यम से डिस्ट्रिब्यूट होगी।

# डीएचएल एक्सप्रेस का फरीदाबाद में नया सर्विस सेंटर

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** डीएचएल एक्सप्रेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन पियरसन ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया के आठवें सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया। यह देश में कंपनी का 53वां सेंटर है जो इस क्षेत्र में मौजूद नेटवर्क को मजबूती प्रदान करेगा। डीएचएल ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कंपनी का मंथर गति से किया गया यह विस्तार देश भर में कंपनी के आधारभूत ढांचे में 25 करोड़ यूरो के निवेश की कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। वर्ष 2014 से डीएचएल एक्सप्रेस फरीदाबाद में उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही है। कंपनी ने अब अपने फरीदाबाद सर्विस सेंटर का विस्तार 9000 वर्ग फुट की सुविधा में किया है ताकि पिछले पांच वर्षों में कंपनी के कारोबार में हुई उल्लेखनीय बढ़ोतरी की जरूरतों को पूरा किया जा सके। श्री पियरसन ने कहा, इस उथल-पुथल से भरे समय में हमारे बेहतरीन ढंग से संपर्क वाले वैश्विक नेटवर्क, अवसंरचना पर केंद्र और समर्पित कर्मचारियों ने विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। हाल ही में जारी किया गया डीएचएल ट्रेड ग्रोथ एटलस हमें यह बताता है कि भारत में अगले पांच वर्षों में कंपनी का कारोबार दोगुना हो जाएगा। अपनी बेमिसाल विशेषज्ञता के चलते हम इसे सहयोग देने के लिए काफी अच्छी स्थिति में हैं।

# सरकार का बड़ा आदेश, एयरपोर्ट और उसके आस-पास के इलाकों में नहीं मिलेगी 5जी सर्विस




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने टेलीकॉम कंपनियों को एयरपोर्ट के रनवे के दोनों ओर 2 किलोमीटर तक 5जी सेवा ना देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही रनवे के 910 मीटर तक कंपनियां सर्विस नहीं दे सकेंगी। इसका मतलब है कि अगर आप एयरक्राफ्ट में बैठे हैं तो आप 5जी सर्विस का आनंद नहीं ले सकेंगे। साथ ही भारत में कई सारे एयरपोर्ट बहुत छोटे हैं जहां पर सर्विस दे पाना काफी मुश्किल है। गौरतलब है कि भारती एयरटेल देश के पांच एयरपोर्ट पर 5जी सेवा देने की घोषणा कर चुका है। दरअसल 5जी के सिग्नल से एयरक्राफ्ट का अल्टीमीटर प्रभावित होता है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने डीजीसीए से एयरक्राफ्ट के अल्टीमीटर्स को रिप्लेस करने में तेजी दिखाने को कहा है। रिलायंस, जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आईडिया को इसी तरह के लेटर्स में डॉट ने आगे कहा कि इस 2.1 किलोमीटर की लीमिट के बाद 540 मीटर की एरिया में 5जी बेस स्टेशन स्थापित किए जा सकते हैं लेकिन बिजली उत्सर्जन 58 डीबीएम/एमएचजेड तक सीमित होना चाहिए। डॉट ने लेटर में कहा कि टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को यह उपाय तत्काल प्रभाव से अपनाने होंगे जाएंगे और यह तब तक लागू रहेंगे जब तक कि डीजीसीए द्वारा सभी एयरक्राफ्ट रेडियो अल्टीमीटर फिल्टर को नहीं बदल देते हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।

**ई0 प्रोक्योरमेंट नोटिस सं0 -02**

टेन्डर रेफरेन्स नं0: 769/2022–23 दिनांक : 29.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नामः | जोरी –प्रतापपुर पथ के चैनेज 17वें कि0मी0 में लोकल नाला पर पुल का निर्माण कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि : | रू0 3,89,90,949 =00 (रू0 तीन करोड़ नवासी लाख नब्बे हजार नौ सो उन्चास) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि : | 12 (बारह) माह |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि /समय | 21.12.2022 12:00 बजे दोपहर तक |
| 5. | प्री बिड मिटिंग : तिथि, समय एवं स्थान : | 10.12.2022 12:00 बजे दोपहर मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, इंजिनीयरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, राँची। |
| 6. | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : | 10.12.2022 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता : | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या : | 06541–224540 |
| 9. | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या : | 0651–2401010 |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा।

PR 283797 (Road) 22-23 (D)



## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा

**अति अल्प कालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या :–25/2022–23**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजनान्तर्गत चतरा जिला के रूर्बन कलस्टर–सराढु प्रखण्ड–टण्डवा में योजना **सेनेटरी नैपकीन उत्पादन मशीन (युनिट–01)** का अधिष्ठापन निबंधित संस्था के माध्यम से किया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु निबंधित संस्था के इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कंपनी/फर्म/पार्टनरशिप/गैर सरकारी संगठन से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रण हेतु पुनर्निविदा दिनांक **08.12.2022 को 11:00** बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | Details |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 30.11.2022 |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 08.12.2022 till 11:00 AM |
| 3 | निविदा खुलने का तिथि/समय | 08.12.2022 – 03:00 PM |
| 4 | निविदा की अधिकतम लागत | Rs 5,98,750.00 |
| 5 | निविदा खुलने का स्थान | DRDA Vikas Bhawan, Conference Hall, Chatra |
| 6 | अग्रधन की राशि (EMD) उप विकास आयुक्त, चतरा, विकास भवन, चतरा, के नाम से Banker cheque या Demand Draft देय होगा। (Payable at Chatra) | Rs 10,000.00 |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | Head, Procurement Cell cum office of Director DRDA, Vikas Bhawan, Chatra |
| 8 | निविदा एवं EMD का Hard Copy कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 30.11.2022 at 11:00 AM to 08.12.2022 till 11:00 AM |

**Further details can be seen on website: www.chatra.nic.in or visit *Rurban Mission Cell, DRDA, Building, Nagwan Chowk Chatra 825401.***

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदाकर्ता द्वारा दो मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करना होगा। उक्त तिथि को क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। निविदादाताओं के तकनीकी मूल्यांकण के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
Procurement Cell, चतरा।

PR 283866 Rural Development(22-23)#D



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR

**E-Procurement Notice (1th Call)**

**Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-20/2022-23 Dated : 30-11-2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | **Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi** |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | **15.12.2022 / 12.30 P.M.** |
| 3 | Date of Pre-bid Meeting | **21.12.2022 / 12.30 P.M.** Office of the Engineer-In-Chief, D.W.S.D, Nepal House, Ranchi |
| 4 | Last date / Time for receipt of Bid | **31.12.2022 / 05.00 P.M.** |
| 5 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | **03.01.2023 / 05.00 P.M.** 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 6 | Date & time of Opening of Tender | **04.01.2023 / 04.00 P.M.** |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 11 | **Detailed survey, designing and drawin g, construction of 18270 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23.** | |

| SL. No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | SVS/CLUSTER-3 | 2 | 21 | 77 | 960.53308 | 9.61 | 10000.00 | 9 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-4(A) | 1 | 6 | 40 | 534.19885 | 5.35 | 10000.00 | 9 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-4(B) | 1 | 9 | 38 | 509.16592 | 5.10 | 10000.00 | 9 Months |
| 4 | SVS/CLUSTER-5 | 2 | 15 | 73 | 952.62142 | 9.53 | 10000.00 | 9 Months |
| 5 | SVS/CLUSTER-6(A) | 2 | 8 | 42 | 500.55844 | 5.01 | 10000.00 | 9 Months |
| 6 | SVS/CLUSTER-6(B) | 1 | 5 | 42 | 500.15045 | 5.01 | 10000.00 | 9 Months |
| 7 | SVS/CLUSTER-7 | 2 | 16 | 78 | 926.72334 | 9.27 | 10000.00 | 9 Months |
| 8 | SVS/CLUSTER-8 | 2 | 16 | 78 | 716.35844 | 7.17 | 10000.00 | 9 Months |
| 9 | SVS/CLUSTER-9 | 2 | 24 | 72 | 759.36837 | 7.60 | 10000.00 | 9 Months |

- **Estimated Cost & EMD Cost may vary.**
- **Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

**Executive Engineer**
**DW&S Division, Medininagar**

PR 283825 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा
ई–मेल–dfogarhwa.fisheries@gmail.com

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 610/दिनांक 27.05.2020 के आलोक में गढ़वा जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के मात्स्यिकी पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" की शुरुआत की गई है। यह नीली क्रांति के माध्यम से नीली क्रांति लाने की एक योजना है।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पदकता में बृद्धि, गणवत्ता तकनीकी आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को पाटना, मूल्य श्रृंखला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढाचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है, जिससे मछुआरे एंव मत्स्य कृषकों की आय दुगुनी करने एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। इस योजना के अन्तर्गत Centrally Sponsored Component जो की केन्द्र एवं राज्य के द्वारा लागु प्रत्यक्ष लाभार्थ उन्मूख अर्थात् व्यक्तिगत/समूह गतिविधियों या ग्रुप में की जाएगी जिसकी सूची Funding Pattern के साथ निम्नवत् होगी।

इस योजना के अन्तर्गत चिन्हित लाभुक–जनित कार्यक्रमों की सूची निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | इकाई | इकाई लागत (लाख रुपये में) | भारत सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि राशि (लाख रु0 में) – अ0जा0/अ0ज0जा0/महिला (इकाई लागत का 60%) | अन्य (इकाई लागत का 40%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 3 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिग तालाब) | हे0 में | 07.00 | 4.20 | 2.80 |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 07.00 | 4.20 | 2.80 |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन/पंगेशियष एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो आउट तालाबों के निर्माण में) | हे0 में | 04.00 | 2.40 | 1.60 |
| 6 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4.0 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 8.40 | 5.60 |
| 7 | जलाषय में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 आंगुलिकायें प्रति हे0 (3.00 लाख/1.00 अंगुलिकाओं हेतु) | हे0 में | @Rs.03/ Fingerling | @Rs.1.80/ Fingerling | @Rs1.20/ Fingerling |
| 8 | बैकयॉर्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 8.00 | 4.80 | 3.20 |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली इकाई(ब्रीडिंग एवं रियरिंग हेतु) | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों में ब्रूड बैंक की स्थापना | (सं0 में) | 100.00 | 60.00 | 40.00 |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promotion Of Recreational Fisheries) | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 अैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 15 | मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 17 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कूलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 मी0³ क्षमता का 1 टैंक) | (सं0 में) | 7.50 | 4.50 | 3.00 |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 7 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 4.50 | 3.00 |
| 19 | बैकयॉर्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कूलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0 में) | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 20 | जलाषयों में केज अधिष्ठापन | (सं0 में) | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 21 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0 में | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 22 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 40.00 | 24.00 | 16.00 |
| 23 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 80.00 | 48.00 | 32.00 |
| 24 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 120.00 | 72.00 | 48.00 |
| 25 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 150.00 | 90.00 | 60.00 |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लॉट का आधुनिकीकरण | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 27 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 28 | ईन्सुलेटेड वाहन | (सं0 में) | 20.00 | 12.00 | 8.00 |
| 29 | आईस बॉक्स युक्त मोटर साईकल, | (सं0 में) | 0.75 | 0.45 | 0.30 |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकल, | (सं0 में) | 0.10 | 0.06 | 0.04 |
| 31 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ 3 पहिया वाहन (ई–रिक्षा भी) | (सं0 में) | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 32 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | (सं0 में) | 20.00 | 12.00 | 8.00 |
| 33 | लघु फिश फिड मिल (प्रतिदिन 2 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 18.00 | 12.00 |
| 34 | मध्यम फिश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 100.00 | 60.00 | 40.00 |
| 35 | वृहत फिश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 200.00 | 120.00 | 80.00 |
| 36 | फिश फिड प्लांट (प्रतिदिन कम से कम 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 650.00 | 390.00 | 260.00 |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहति) | (सं0 में) | 100.00 | 60.00 | 40.00 |
| 38 | फिष कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारित मछली एवं एक्वेरियम सहित) | (सं0 में) | 10.00 | 6.00 | 4.00 |
| 39 | मछली के मूल्य सवंर्धित उत्पाद इकाई (फिश वैल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं0 में) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 40 | मछली एवं मछली उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR (Detailed Project Report)/SCP (Self Contained Proposal) पर आधरित | | | |
| 41 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing labs (मछलियों की बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 42 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing Mobile labs/Clinics(मछलियों की बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु चलंत प्रयोगशाला/क्लीनिक की स्थापना) | (सं0 में) | 35.00 | 21.00 | 14.00 |
| 43 | Traditional Fishermen के लिए नाव (Replacement) एवं जाल | (सं0 में) | 05.00 | 3.00 | 2.00 |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवायें (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं0 में) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 45 | Bivalve Cultivation (Pearl Culture) (भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किये जाने पर ) | (सं0 में) | 0.20 | 0.12 | 0.08 |
| 46 | आर्थिक रुप से कमजोर पारंपरिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | (सं0 में) | केन्द्रांश–1500 रु0 + राज्यांश–1500 रु0 + लाभुक अंशदान–1500 रु0= 4500 रु प्रति वर्ष | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | (सं0 में) | बिमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | |
| 48 लाभुक को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा। | | | | | |

अतः आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 में उक्त योजना का लाभ लेने हेतु गढ़वा जिले के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में दिनांक 17.12.2022 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में निःशुल्क उपलब्ध है।

**नोट** :– इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 283813 Fish(22-23)#D

सम्पादक की कलम से...

# टीएसी पर विवाद

**झारखंड** **राज्यपाल** और सरकार के बीच फिर एक बार विवाद गहरा गया है। इस बार विवाद का विषय है टीएसी की बैठक। वैसे तो टीएसी के मामले पर सरकार और राजभवन के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के वक्त से ही टीएसी को लेकर सरकार और राजभवन के बीच तेवर तल्ख है। अब फिर से मामला सामने आया है। दरअसल, निकाय चुनाव को लेकर सरकार की तरफ से बीते दिनों टीएसी की बैठक बुलायी गयी। जिसके बाद राजभवन की तरफ से फिर से एक बार सरकार को चिट्ठी भेजी गयी। इससे पहले टीएसी गठन को लेकर राजभवन ने चार फरवरी 2022 को आपत्ति जतायी थी, लेकिन नौ महीने बीतने के बाद भी सरकार की तरफ से राजभवन को इस मामले में कोई जवाब नहीं भेजा गया और सरकार ने राजभवन की नाराजगी को नजरअंदाज करते हुए बैठक भी बुला ली। इससे पहले लिखी गयी चिट्ठी में राजभवन ने टीएसी नियमावली को असंवैधानिक बताया था। इसके बावजूद टीएसी की बैठक आयोजित करने तथा इसकी सूचना राजभवन को नहीं देने को राजभवन ने गंभीरता से लिया है। अब राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के माध्यम से सरकार से पूछा है कि आखिर राजभवन की आपत्ति पर जवाब दिये बिना किस परिस्थिति में टीएसी की बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने इसे संविधान की पांचवीं अनुसूची के प्राविधानों के विरुद्ध बताया है। बता दें कि राज्यपाल रमेश बैस ने टीएसी के गठन संबंधित नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए उनमें संशोधन के निर्देश झारखंड सरकार को दिये थे। राज्य सरकार ने उसमें कोई संशोधन तो नहीं किया, पिछले दिनों इसकी बैठक भी आयोजित कर दी और उसमे कुछ प्रस्ताव पारित कर दी थी। जैसा की बताया गया है कि प्रावधान है टीएसी के गठन में कम से कम दो सदस्य राजभवन से अनिवार्य होने चाहिए। राज्यपाल ने टीएसी नियमावली से संबंधित नियमावली मंगाकर उसपर कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य सरकार को वापस लौटा दी थी। उन्होंने गठित नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए कहा था कि टीएसी के गठन में कम से कम दो सदस्यों का मनोनयन राजभवन से अनिवार्य रूप से होना चाहिए। वर्तमान में गठित टीएसी में ऐसा नहीं किया गया। साथ ही पांचवीं अनुसूची के तहत नियमावली पर भी उनकी स्वीकृति जरूरी थी। राज्य सरकार ने राजभवन की आपत्ति पर कोई जवाब नहीं दिया। टीएसी के गठन का विवाद तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के समय से ही चल रहा है। उन्होंने भी राजभवन से दो सदस्यों के मनोनयन नहीं होने पर सवाल उठाया था। इस बीच राज्य सरकार ने टीएसी के गठन को लेकर नयी नियमावली गठित कर दी। साथ ही नयी नियमावली की फाइल राजभवन की स्वीकृति के लिए नहीं भेजी गयी। नयी नियमावली में अब टीएसी के गठन और सदस्यों की नियुक्ति में राजभवन का अधिकार खत्म कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति से ही सदस्यों की नियुक्ति हो रही है। राज्य सरकार का कहना है कि नयी नियमावली छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बनायी गयी है। जहां सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार मुख्यमंत्री को है। हालांकि, राज्यपाल रमेश बैस ने टीएसी के गठन में राजभवन का अधिकार खत्म किये जाने की जानकारी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अलावा केंद्रीय गृह मंत्रालय को दे दी थी।

## आज का इतिहास

**1989 :** सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
**1947 :** विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
**1995 :** जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
**2013 :** इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
**1556 :** स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
**2003 :** भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
**2006 :** समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
**1966 :** भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
**1581 :** ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
**1681 :** महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
**1769 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
**1901 :** भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
**1938 :** प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
**1943 :** इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
**1955 :** पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
**1989 :** मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।

# क्यों जी-20 भारत, प्रत्येक नागरिक के लिए मायने रखता है?

भारत के राजनयिक संबंधों के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारत ने '20 का समूह' (जी20), जो दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का अंतर सरकारी मंच है, की अध्यक्षता ग्रहण की है। 1999 में स्थापित, यह समूह, दुनिया की कुल आबादी का दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। आसान शब्दों में कहें, तो जी20 वैश्विक नीति के संदर्भ में सबसे मजबूत राजनीतिक प्रभाव रखता है, जिसकी वजह से यह समूह वर्तमान के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दों - सतत विकास लक्ष्य, जलवायु कार्रवाई, खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियाँ, डिजिटल बदलाव आदि - पर विचार-विमर्श करने का प्रमुख मंच बन गया है। जी20 की अध्यक्षता के साथ, भारत के पास विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय एजेंडा तय करने का अवसर है; ग्लोबल साउथ और विकासशील दुनिया के हितों के वास्तविक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौका है। गठबंधन निर्माण के समृद्ध इतिहास के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी - मई तक, आधी से अधिक आबादी (52 प्रतिशत) की उम्र 30 वर्ष से कम थी - वाले राष्ट्र के रूप में, भारत के पास बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक लाभ हैं, जो अध्यक्ष पद के लिए सर्वथा उपयुक्त है। भारत अपनी प्राथमिकताओं को केन्द्रित करते हुए दुनिया के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम है। 43 प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख - जी20 का अब तक का सबसे बड़ा - अगले साल सितंबर में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस वर्ष बाली में की गयी घोषणा के अनुरूप, भारत के नेतृत्व की इच्छा ₹समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख₹ होने की है। जी20 के नेतृत्व का अवसर ऐसे समय में आया है, जब अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया है, जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी व्यापक प्रभावों के बीच कोविड-19 महामारी ने हमारी प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। इस संबंध में, भारत की अध्यक्षता के एजेंडे के लिए जलवायु कार्रवाई एक विशिष्ट प्राथमिकता है, जिसमें न केवल जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान, बल्कि दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए ऊर्जा स्रोतों में न्यायसंगत बदलाव सुनिश्चित करना भी शामिल है। भारत के सामने बिना कार्बन उत्सर्जन किये औद्योगीकरण करने की अनोखी चुनौती है। भारत हरित हाइड्रोजन का व्यापक विस्तार कर रहा है और देश ने 2047 तक 25 मिलियन टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो इसे आने वाले वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी का निर्यातक बना सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि जलवायु परिवर्तन उद्योग, समाज और अन्य क्षेत्रों को समान रूप से प्रभावित करता है, भारत ने दुनिया के सामने 'लाइफ' (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट; पर्यावरण के लिए जीवन-शैली) का विकल्प रखा है - एक व्यवहार-आधारित आंदोलन, जो हमारे देश की समृद्ध व प्राचीन सतत परंपराओं पर आधारित है तथा जो उपभोक्ताओं और बाजार को पर्यावरण के प्रति जागरूक तौर-तरीकों को अपनाने के लिए से प्रेरित करती है। कोविड-19 महामारी ने विकास से जुड़ी प्रगति को वर्षों पीछे धकेल दिया है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने अधिक आवश्यक सार्वजनिक-स्वास्थ्य और खाद्य संकटों को ध्यान में रखते हुए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पृष्ठभूमि में रख दिया है। राष्ट्राध्यक्षों के समूह के रूप में, जी20 को एसडीजी हासिल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ और तीव्र करना चाहिए - जो लोगों के लिए एक बेहतर, स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक समृद्ध विश्व का वादा करते हैं। वर्तमान चुनौतियों के समाधान के लिए, विश्व को समसामयिक संस्थानों की आवश्यकता है, जो विविधतापूर्ण व आगे बढ़ती हुई दुनिया की आधुनिक वास्तविकताओं को न्यायसंगत और प्रभावी रूप से प्रतिबिंबित करने में सक्षम हों। भारत की जी20 प्राथमिकता 'सुधार के साथ बहुपक्षवाद' के प्रति दबाव बनाये रखने की होगी, जो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को अधिक उत्तरदायी और समावेशी बनाते हैं। भारत सरकार सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए डिजिटल तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही है। जी20 की अध्यक्षता, भारत को अपना ज्ञान दुनिया के साथ साझा करने का अवसर देती है। दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक आईडी प्रणाली (आधार) को सफलतापूर्वक लागू करने और 2014 तथा 2022 के बीच प्रत्यक्ष लाभ अंतरण में 50 गुनी वृद्धि के साथ, भारत डिजिटल सार्वजनिक हितों और विकास के लिए डेटा के उपयोग के संबंध में विचार-विमर्श को आगे बढ़ाने की केन्द्रीय स्थिति में है। अक्टूबर 2022 में, भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) ने 7 बिलियन लेनदेन पूरे किये - एक दिन में 230 मिलियन लेनदेन के बराबर - जो दशार्ता है कि इतने बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेश मॉडल को शुरू करना और सफलतापूर्वक लागू करना भी संभव है। जी20 नेतृत्व प्रदान करने के साथ, भारत प्रौद्योगिकी के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के प्रति अपने विश्वास को आगे बढ़ा सकता है और सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना, वित्तीय समावेश तथा तकनीक-सक्षम विकास जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों समेत कृषि से लेकर शिक्षा तक के क्षेत्रों में अधिक से अधिक ज्ञान-साझाकरण की सुविधा प्रदान कर सकता है। विशेष रूप से, भारत के जेएएम ट्रिनिटी जैसे वित्तीय समावेश के कार्यक्रमों ने देश की महिलाओं को महत्वपूर्ण वित्तीय स्वायत्तता प्रदान की है, जिससे वे अपने घरों के निर्णय लेने में सक्रिय भागीदार बन गयी हैं - 56 प्रतिशत बैंक खाताधारक अब महिलाएं हैं, पहले 23 करोड़ महिलाओं को बैंक-सुविधा नहीं थी, लेकिन अब उनके पास बैंकों में अपने खाते हैं। 2023 भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए एक स्वर्णिम वर्ष सिद्ध होने वाला है, लेकिन नीतिगत फ्रेमवर्क को सर्वसम्मति से अंतिम रूप देने का कार्यादेश आसान नहीं है। विश्व व्यवस्था का तेजी से ध्रुवीकरण हो रहा है, रूस-यूक्रेन संघर्ष के साथ व्यापक विकास एजेंडा कमजोर हो रहा है; दुनिया की महाशक्तियों के बीच भू-राजनीतिक संबंध अधिक तनावपूर्ण हो रहे हैं - इन सबके बीच राष्ट्र को जी20 की अध्यक्षता मिल रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था आसन्न मंदी और अब तक के सबसे अधिक वैश्विक-ऋण को लेकर आशंकित है और कई देश कमजोर होती खाद्य सुरक्षा और बाधित आपूर्ति श्रृंखलाओं का सामना कर रहे हैं। इस माहौल में, भारत के पास एकता और सद्भाव के सूत्रधार के रूप में उभरने का अवसर है। बाली में 20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने जी20 विज्ञप्ति के मसौदे पर आम सहमति बनाने में अपरिहार्य भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री के शब्द 'आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए' सीधे राजनेताओं के घोषणापत्र में परिलक्षित हुए, जो निर्णय गतिरोध को तोड़ने में सफल हुआ और जिससे शांति के पक्षधर के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई। चूँकि शक्ति के पुराने केंद्र ; गुणात्मक आर्थिक और सामाजिक विकास वाले युवा, जीवंत राष्ट्रों को जवाबदेही सौंप देते हैं, इसलिए भारत की महत्वाकांक्षी व कार्रवाई-उन्मुख अध्यक्षता में इस उच्च-स्तरीय गठबंधन को, विकासशील तथा अल्प-विकसित देशों के हितों और जरूरतों के अनुरूप, तैयार किया जा सकता है। अपनी अध्यक्षता के दौरान, भारत वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदलना जारी रखेगा, यह याद रखते हुए कि हमारे प्रयास ' एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के लक्ष्य के अनुरूप होने चाहिए।

> जी20 की अध्यक्षता के साथ, भारत के पास विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय एजेंडा तय करने का अवसर है; ग्लोबल साउथ और विकासशील दुनिया के हितों के वास्तविक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौका है। गठबंधन निर्माण के समृद्ध इतिहास के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी – मई तक, आधी से अधिक आबादी (52 प्रतिशत) की उम्र 30 वर्ष से कम थी – वाले राष्ट्र के रूप में, भारत के पास बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय और भू–राजनीतिक लाभ हैं, जो अध्यक्ष पद के लिए सर्वथा उपयुक्त है। भारत अपनी प्राथमिकताओं को केन्द्रित करते हुए दुनिया के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम है। 43 प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख – जी20 का अब तक का सबसे बड़ा – अगले साल सितंबर में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस वर्ष बाली में की गयी घोषणा के अनुरूप, भारत के नेतृत्व की इच्छा 'समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख' होने की है।

■ **अमिताभ कांत**

**लेखक भारत सरकार के जी20 शेरपा हैं। वे नीति आयोग के पूर्व सीईओ हैं।**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

[एकावलीके विषयमें वर्णन करके] तुमने मेरे मनको परतन्त्र बना दिया है। विरहसे अत्यन्त पीडित मैं अब क्या करूँ, कहाँ जाऊँ ?॥ 3 ॥

तुमने सर्वप्रथम एकावलीके सम्पूर्ण लोकको तिरस्कृत कर देनेवाले रूपका जो वर्णन किया है, उससे मेरा मन कामबाणसे आहत होकर व्याकुल हो उठा है ॥ 4 ॥

तत्पश्चात तुमने उसके जिन गुणोंका मुझसे वर्णन किया है, उनके द्वारा मेरा चित्त हर लिया गया है। पुनः तुमने जो बात कही, इससे मुझे बहुत विस्मय हो गया है। दानव कालकेतुके सामने एकावलीने यह बात कही थी कि मैं हैहयका वरण कर चुकी हूँ, उसके अतिरिक्त मैं किसी अन्यका वरण नहीं कर सकती; यह मेरा निश्चय है। हे तन्वंगि! एकावलीके इस कथनके द्वारा तुमने मुझे उसका दास बना दिया है। हे सुन्दर केशोंवाली! तुम्हीं बताओ, अब मैं तुम दोनोंके लिये क्या करूँ ?॥ 5-7 ॥

हे सुलोचने। मैं उस दुष्टात्मा राक्षस कालके स्थानको नहीं जानता और फिर उस नगरतक पहुँच सकनेकी मेरी सामर्थ्य भी नहीं है। हे विशाल नयनोंवाली। अब तुम्ही उपाय बताओ मुझे यहाँ पहुँचानेमें तुम्हीं समर्थ हो। अतएव जहाँ तुम्हारी सुन्दर सखी एकावली विराजमान है, वहाँ मुझे शीघ्र पहुँचाओ ॥ 8-9 ॥

उस क्रूर राक्षसका वध करके में इसी समय तथा शोक सन्तप्त तुम्हारी प्रिय सखी राजकुमारी एकावलीको मुक्त करा लूँगा ॥ 10 ॥

राजकुमारी एकावलीको संकटसे मुक्ति दिलाकर शीघ्र ही उसे तुम्हारे पुरमें पहुँचा दूंगा और उसके पिताको सौंप दूंगा ॥ 11 ॥

तत्पश्चात शत्रुतापक राजा रैभ्य अपनी पुत्रीका विवाह कर सकेंगे। हे प्रियंवदे! इस प्रकार तुम्हारे सहयोगसे मेरे तथा तुम्हारे मनकी कामना अब पूरी हो जायगी। तुम मुझे उस कालकेतुका नगर शीघ्र दिखा दो, फिर मेरा पराक्रम देखो। हे वरवर्णिनि। में जिस प्रकार उस दुराचारी तथा परस्त्रीका हरण करनेवाले कालकेतुका वध कर सकूँ, तुम वैसा ही उपाय करो; क्योंकि तुम हित-साधन करनेमें पूर्ण सक्षम हो। उस दानवके दुर्गम नगरका मार्ग तुम मुझे आज ही दिखाओ ॥ 12-13 ॥

व्यासजी बोले- एकवीरकी यह प्रिय वाणी सुनकर यशोवती प्रसन्न हो गयी और वह लक्ष्मीपुत्र एकवीरसे नगर पहुँचनेका उपाय आदरपूर्वक बताने लगी- हे राजेन्द्र ! पहले आप भगवती जगदम्बाके सिद्धिप्रदायक मन्त्रको ग्रहण कीजिये तत्पश्चात मैं आपको अनेक राक्षसोंद्वारा रक्षित उस कालकेतुका नगर आज ही दिखाऊँगी।

- **क्रमशः**

# फरमाइये, शरबत लाऊं आपके लिए या पानी?

लखनवी तहजीब को यों ही लासानी नहीं कहा जाता। मेल-मिलाप से भरे उसके सुनहरे दिन हों या लड़ाई-झगड़ों के, सबके अंदाज निराले हुआ करते थे। नवाब वाजिद अली शाह ने अपने वक्त (1847-1856) में मेल-मिलाप के लिए दो निराले हुक्मनामे जारी किये थे। पहला दुआ-सलाम यानी अभिवादन के तरीके को लेकर था, तो दूसरा पहनावे को लेकर। पहले में हुक्म दिया गया था कि हिंदू-मुसलमान दोनों लाजिमी तौर पर परस्पर आदाब अर्ज किया करें। दूसरे में हर किसी को अंगरखा पहनने की हिदायत दी गई थी- खासतौर पर जब दरबार में पेश होना हो। इन दोनों हुक्मनामों के पीछे उनकी मंशा यह थी कि दुआ-सलाम के तरीके और पहनावे के भेद से पता न चल पाए कि शहरियों कौन हिंदू है और कौन मुसलमान। खुद अपने बारे में भी उनका कहना था कि 'हम इश्क के बंदे हैं मजहब से नहीं वाकिफ, गर काबा हुआ तो क्या, बुतखाना हुआ तो क्या?' जहां तक लड़ाई-झगड़ों की बात है, इस तहजीब की एक पहचान बांकों की लड़ाई से बनती है, जो कतई अच्छी नहीं है। कई मायनों में वह अवध के लोकप्रिय कवि मरहूम रफीक सादानी की मशहूर कविता 'हम तौ ऊ बीर हन कि जब केहू मुह पै थूकै तौ ताव आवत है' सार्थक करती है। लेकिन इसके अलावा भी एक पहचान है, जो बताती है कि कितना भी वैर या विरोध हो, लखनऊ के शहरी लड़ाई-झगड़ों में बेशऊर होना पसंद नहीं करते थे। न ही तहजीब और तमीज का दामन छोड़ते थे। जरा-जरा सी बात पर जूतम-पैजार पर उतर आने वाली आज की युवा पीढ़ी इस बात पर शायद ही एतबार कर सके कि उन दिनों लखनऊ के जूते गांठने वाले भी लड़ते-झगड़ते, तो एकतरफा तौर पर सारी हदें लांघकर सामने वाले पर पिल पड़ने से परहेज बरतते थे। पहले नरम और नाजुक शब्दों में हिदायत देते थे, 'अमां यार, बहुत हो गया। अब हद से इतने आगे मत बढ़ जाओ कि मुझे तुम्हारी शान में गुस्ताखी करनी पड़ जाए!' सामने वाला इस हिदायत से भी सबक न लेता और बदतमीजी से पूछता रहता कि 'बोल, हद से आगे बढ़ जाऊंगा, तो क्या कर लेगा तू?' तब भले ही बात और आगे बढ़ती या बिगड़ती, या फिर उसी पर खत्म हो जाती। नहीं भी खत्म होती तो उसकी वह गरमी जरूर उतर जाती, जो अक्सर सारे फसाद की जड़ सिद्ध होती है। फिर तो 'अंत भला तो सब भला' को सही सिद्ध करते हुए दोनों भलेमानुसों की तरह हाथ मिलाकर विदा होते। कभी-कभी किसी के दिमाग पर बहुत गर्मी चढ़ जाती और वह कोई नागवार या नाकाबिल-ए-बर्दाश्त बात कह देता तो भी सामने वाला अपनी तहजीबी शराफत को धता बताकर फौरन तमतमा उठने, मां-बहन करने, बाप-दादों तक जा पहुंचने और मारने-मरने पर तुल जाने का रास्ता नहीं ही चुनता। मौके की नजाकत के मुताबिक बात को बदलकर खूबसूरत मोड़ देने की कोशिश करता। अलबत्ता, हाव-भाव से यह जताने में नहीं चूकता कि नागवार बात कहने वाला उसकी नजर में तहजीब और तमीज से तो पैदल है ही, उसने गंवारों जैसी जो बात कही है, उसको और आगे बढ़ाने के काबिल भी नहीं है। फिर वह यों जताकर कि जैसे उसने उसकी नागवार बात सुनी ही नहीं, उसे दुनिया-जहान की तमाम दास्तानें सुनाने लग जाता। दास्तानें खत्म हो जातीं, तो किस्से लेकर हाजिर हो जाता। फिर किसी वाकये का जिक्र लेकर बैठ जाता और बेहद इत्मीनान से पूछता- फरमाइए, शरबत लाऊं आपके लिए या पानी? सामने वाला हैरान-सा उसका मुंह देखता और सोचता कि कैसा आदमी है यह कि इसे इतनी नागवार गुजरने वाली बात कही, फिर भी इसका खून नहीं खौला। इतना भी नहीं कि और कुछ नहीं तो तू-तड़ाक पर ही उतर आए, बातचीत का लहजा ही थोड़ा सख्त कर ले। उलटे मुसकुराए और गपियाये जा रहा है। इधर 'शरबत लाऊं या पानी' पूछने वाला मन ही मन मगन होता कि उससे तहजीब का दामन भी नहीं छूटा और समझा दिया गंवार को कि यह तहजीब टूटकर नहीं बिखरने वाली। नफरतें कितनी भी बढ़ जाएं, मोहब्बतें नहीं मरने वाली। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

■ **कृष्ण प्रताप सिंह**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# सड़क की दुकानें स्थाई हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी,घड़ा पट्टी,लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

■ **दिनेश यादव , मेदिनीनगर।**

# नकारात्मकता की दीवार हमने खुद ही खड़ी कर रखी है

नकारात्मकता की कुछ ईंटों पर लिखा है, 'तुम्हें भला क्या मालूम है?' उन ईंटों पर लिखे इस वाक्य को मिटाकर आप लिख दो 'मुझे काफी कुछ मालूम है।' यही आत्म विश्वास और इच्छाशक्ति जरूरी है। डॉ. राबर्ट ने कहा कि उन सभी कारणों को भूल जाएं कि कोई कार्य नहीं होगा। आज का इंसान नकारात्मक को ओढ़े नाना प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है, हर इंसान अपनी आदतों को लेकर परेशान है। ऐसा नहीं है कि आज का आदमी समय के साथ चलना न चाहे, बुरे आचरण एवं आदतों को छोड़कर अच्छी जिन्दगी का सपना न देखे, बुराई को बुराई समझने के लिये तैयार न हो। सोचना यह है कि हम गहरे में जमे संस्कारों एवं जड़ हो चुकी आदतों को कैसे दूर करें। जड़ तक कैसे पहुंचें। बिना जड़ के सिर्फ फूल-पत्तों का क्या मूल्य? अच्छा जीवन जीने एवं श्रेष्ठता के मुकाम तक पहुंचने के लिये अच्छी आदतों को स्वयं में सहेजना होगा, बाहरी अवधारणाओं को बदलना होगा, जीने की दिशाओं को मोड़ देना होगा। अंधेरा तभी तक डरावना है जब तक हाथ दीये की बाती तक न पहुंचे। जरूरत सिर्फ उठकर दीये तक पहुंचने की है। विलियम जेम्स ने अपनी पुस्तक 'दि प्रिसिंपल ऑफ साइकोलॉजी' में मनोवैज्ञानिक ढंग से चर्चा करते हुए लिखा है- 'अच्छा जीवन जीने के लिए अच्छी आदतों का बनाना जरूरी है। और अच्छी आदतों के निर्माण के लिए अभ्यास जरूरी है। यदि हम अभ्यास किये बिना ही यह चाहें कि हमारे आदतें बदल जाएं तो ऐसा कभी नहीं होगा। असफलता ही हाथ लगेगी।' उन्होंने अच्छी आदतों के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण सूत्र प्रस्तुत किया है कि अच्छी आदतें डालनी हों तो सबसे पहले अच्छी आदतों का चिन्तन करो, अभ्यास करो और बुरी आदतों को रोको। नकारात्मकता को छोड़ो। अच्छी आदतें डालने के लिए शरीर को एक विशेष प्रकार का अभ्यास देना जरूरी है। क्योंकि शरीर की विशेष स्थिति का निर्माण किये बिना हमारी आदतें अच्छी नहीं हो सकतीं। स्नायुओं को हमने जो पहले से आदतें दे रखी हैं, उनको यदि हम नहीं बदलते तो वे एक चक्र की भांति चलती रहती हैं। ठीक समय आता है और मिठाई खाने की बात याद आ जाती है, क्योंकि हमने जीभ को एक आदत दे रखी है। ठीक समय आता है और स्नायु उस वस्तु की मांग कर लेते हैं। खाने की सोचने, विचार करने की, कार्य करने की जैसे आदत हम स्नायुओं में डाल देते हैं, वैसी आदत हो जाती है। जो लोग बहुत ऊंचे मकानों में रहते हैं, वे पहली बार जब सीढियों से उतरते हैं तब बहुत सावधानी से उतरते हैं। दूसरी-तीसरी बार उतरते हैं तो सावधानी कम हो जाती है और जब सौवीं बार उतरते हैं तो कोई सावधानी की जरूरत नहीं होती। पैर अपने आप एक-एक सीढ़ी उतरते हुए नीचे आ जाते हैं। चलने के साथ मन को जोड़ने की वहां आवश्यकता नहीं होती। टाइप करने वाले प्रारंभ में अक्षरों को देख-देखकर टाइप करना सीखते हैं। जब वे अभ्यस्त हो जाते हैं, तब उनकी अंगुलियां अभीष्ट अक्षरों पर पड़ती हैं और जैसा चाहा वैसा टाइप हो जाता है। फिर 'की बोर्ड' को देखने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि अंगुलियां अभ्यस्त हो चुकी हैं। हम बदल सकते हैं अपनी आदतों को और स्वभाव को, अपनी नकारात्मकता को। चाहे वह आदत शराब की हो या अन्य किसी व्यसन की। झूठ, चोरी, छल-कपट की हो या बुरे आचरण की। बदलाव के लिये गणित का कोई फार्मूला नहीं चाहिए। बड़ी-बड़ी ज्ञान एवं उपदेश से पहले सिर्फ चाहिए यह संकल्प कि मैं बदल सकता हूं। आधी गिलास के खाली होने का ही खयाल रहा तो आधी गिलास भरा होना पूरी तरह से आंखों से ओझल हो जाता है, तब मन शिकायतों से भर जाता है। इसी नकारात्मकता की दीवार को गिराना जरूरी है। अक्सर हम जिन स्थितियों में होते हैं, उसके लिए हम ही जिम्मेदारी होते हैं। हम ही अपने इर्द-गिर्द नकारात्मक विचारों की दीवार खड़ी करते हैं। वही दीवार आत्मविश्वास के जादुई चिराग तक पहुँचने के सारे रास्ते को बंद कर देती है, आशा को निराशा में, सफलता को असफलता में एवं हर्ष को विषाद में बदल देती है।

■ **ललित गर्ग**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13** । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्पलेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# मानव ऊतकों को प्रिंट करने के लिए स्वदेशी 3डी बायो-प्रिंटर


अवे बायोसाइंसेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष अमीन ने कहा, एमआईटीओ प्लस अपनी मूल्य सीमा पर एक उन्नत बायो-प्रिंटर है जिसका उपयोग बायोमैटिरियल्स की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रिंट करने के लिए किया जा सकता है। बायो-प्रिंटिंग ऊतक प्रतिकृति की एक विधि है जो अस्थायी या स्थायी रूप से जीवित कोशिकाओं का समर्थन और पोषण करती है। यह तकनीक अंग प्रत्यारोपण के लिए एक संभावित विकल्प है, जो कृत्रिम जीवित ऊतकों को प्रिंट करने के लिए विशेष रूप से इंजीनियर बायोमैटिरियल्स या बायो-स्याही का उपयोग करके कार्यात्मक मानव ऊतकों जैसे त्वचा के निर्माण में उपयोगी हो सकती है।

भारतीय टेक स्टार्टअप अवे बायोसाइंसेज द्वारा लॉन्च किया गया एक स्वदेशी अत्याधुनिक 3डी बायो-प्रिंटर 'मिटो प्लस' मानव ऊतकों को प्रिंट करने में मददगार पाया गया है। Mito Plus को 16 से 18 नवंबर 2022 के बीच आयोजित बेंगलुरु टेक समिट में लॉन्च किया गया था। Mito Plus का प्रोटोटाइप NIRF रैंकिंग द्वारा शीर्ष रैंक वाले विज्ञान अनुसंधान संस्थान, भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बैंगलोर में स्थापित किया गया था।

मिटो प्लस आईआईएससी में डॉ बिक्रमजीत बसु की शोध प्रयोगशाला से प्रोटोटाइप पर इनपुट के साथ विकसित 3डी बायो-प्रिंटर का एक उन्नत संस्करण है। और एवे द्वारा विकसित किया गया है। जिसे आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र ने सह-स्थापित किया था। यह भारत में उन्नत 3डी बायो-प्रिंटर में से एक है। अवे बायोसाइंसेज भारत में एंड-टू-एंड बायो 3डी प्रिंटिंग समाधान के लिए पूरी तरह से स्वदेशी सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर विकास प्रदान करता है। अवे बायोसाइंसेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष अमीन ने कहा, एमआईटीओ प्लस अपनी मूल्य सीमा पर एक उन्नत बायो-प्रिंटर है जिसका उपयोग बायोमैटिरियल्स की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रिंट करने के लिए किया जा सकता है। यह प्रिंटर इनबिल्ट यूवी क्योरिंग विकल्प, HEPA फिल्टर और प्रभावी तापमान नियंत्रण सुविधाओं के साथ आता है। इसमें प्रिंट-हेड और प्रिंट-बेड को चार डिग्री सेल्सियस तक ठंडा और 80 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जा सकता है। एमआईटीओ प्लस का उपयोग फार्मास्यूटिकल दवा खोज और दवा परीक्षण अनुप्रयोगों के लिए किया जा सकता है, इसका उपयोग कैंसर जीव विज्ञान और कॉस्मेटोलॉजी अनुप्रयोगों में भी किया जा सकता है।बायो-प्रिंटर लगभग उसी तरह से काम करते हैं जैसे अन्य 3डी प्रिंटर करते हैं, एक प्रमुख अंतर के साथ, जैसे कि प्लास्टिक, धातु या पाउडर जैसी सामग्री वितरित करने के बजाय, बायो-प्रिंटर बायोमैटेरियल्स की जमा परत, जिसमें जीवित कोशिकाएं शामिल हो सकती हैं। 3डी बायो-प्रिंटिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से मानवता के लिए एक अनूठा उपहार है। हालांकि, अभी भी कई चुनौतियों का समाधान किया जाना बाकी है। अमीन ने समझाया, मानव प्रत्यारोपण के लिए पूरी तरह कार्यात्मक और व्यवहार्य अंग बनाने से पहले हमें अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।

## हम अपने प्रिंटरों की त्वचा विकसित करने पर काम कर रहे हैं

सबसे सामान्य प्रकार के स्तरित ऊतक जो गंभीर रूप से जलने के शिकार लोगों की मदद कर सकते हैं। इन ऊतकों का उपयोग विष विज्ञान स्क्रीन और अन्य परीक्षण तंत्रों के लिए भी किया जा सकता है। आमतौर पर बायो-प्रिंटिंग में विभिन्न पॉलिमर का उपयोग किया जाता है जो विशिष्ट सेल के मूल निवासी बाह्य मैट्रिक्स (ईसीएम) को फिर से बनाने का प्रयास करते हैं। कृत्रिम अंग विकसित करने के लिए लागत प्रभावी बायो-प्रिंटर की उपलब्धता आवश्यक है, क्योंकि भविष्य के सभी शोध इसी बुनियादी ढांचे पर निर्भर करते हैं। यदि पशु कोशिकाओं का उपयोग किया जाता है, तो कृत्रिम मांस बनाने के लिए बायोप्रिंटिंग का भी उपयोग किया जा सकता है, अंतरिक्ष-युग भोजन का सपना। IIT मद्रास और IISc बैंगलोर जैसे प्रमुख अनुसंधान और विकास संस्थानों के अलावा, तकनीकी स्टार्टअप के ग्राहकों और सहयोगियों में रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (ICT), मुंबई शामिल हैं; नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर), हैदराबाद; और बिट्स पिलानी (गोवा कैंपस)।



## ज्यादा दुबलेपन से हैं परेशान, गुड़-चना व तुलसी खाने से बढ़ेगा वजन

हद से ज्यादा दुबलापन कभी-कभी शर्मिंदगी का कारण बन जाता है। गुड़-चने के सेवन से आप खुद को एकदम फिट और आकर्षक बना सकते हैं और जरूरत से ज्यादा दुबलेपन से छुटकारा पा सकते हैं। चने और गुड़ के साथ ही तुलसी मिक्स करके प्रयोग करेंगें तो आपको इसके जादुई प्रभाव देखने को मिल सकतें हैं। स्लिम फिट बॉडी हर किसी को आकर्षित करती है लेकिन हद से ज्यादा दुबलापन कभी-कभी शर्मिंदगी का कारण भी बन जाता है। गुड़ और चने का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद है यह तो हम सब जानते हैं लेकिन गुड़-चने के सेवन से आप खुद एकदम फिट और आकर्षक भी बना सकते हैं और जरूरत से ज्यादा दुबलेपन से छुटकारा पा सकते हैं। सभी लोग किसी-न-किसी रूप में चना और गुड़ को अपनी डाइट में जरूर शामिल करते हैं। यदि आप चने और गुड़ के साथ ही तुलसी मिक्स करके प्रयोग करेंगें तो आपको इसके जादुई प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। तुलसी का काढ़ा बहुत सी मौसमी बीमारियों को आपसे दूर रखने में सहायता करता हैं। तुलसी, चना और गुड़ को अगर मिक्स करके प्रयोग करते हैं तो यह बहुत फायदेमंद होता है और कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करते हैं। इनके प्रयोग से शरीर को एनर्जी मिलती है।

**कैसे करें गुड़ चने और तुलसी का सेवन :** रात में एक कटोरी चना और तुलसी के एक चम्मच बीज भिगो दें। सुबह उठकर गुड़ के साथ सेवन करें। काले चने का प्रयोग करें क्योंकि यह वजन बढाने में सहायक होता हैं। यदि आपको तुलसी का स्वाद नहीं पसंद तो आप पहले थोड़े से गुड़ के साथ तुलसी के बीज खायें उसके बाद गुड़ और चने का सेवन करें। भुने चने और गुड़ का भी सेवन लाभकारी हो सकता है।

**क्यों है लाभकारी :** भीगे चने में फाइबर, मिनरल्स, प्रोटीन, विटामिन ए, विटामिन बी 6, विटामिन के, मैग्नीशियम, विटामिन सी, फास्फोरस और पोटैशियम भी पाए जाते हैं। गुड़ कई तरह के संक्रमण से भी बॉडी की रक्षा करता है। गुड़ का प्रयोग भी वजन बढ़ानें में सहायक है और यह डाइजेशन सुधारनें में सहायता कर सकता है यह पेट पर जमा हुए अतिरिक्त फैट को भी कम करता है। गुड़ बॉडी को डिटॉक्स करता है। गुड़ और चने को वेट बढ़ाने के लिए सबसे अच्छा सप्लीमेंट माना जाता है। भीगे चने इम्युनिटी पावर को बढ़ाने का काम करते हैं। जब हम इन दोनों का सेवन एक साथ करतें हैं तो इनके फायदे दोगुने हो जाते हैं।



# प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेना है तो जरूर जायें दादरा व नागर हवेली

दादरा और नागर हवेली उत्तर-पश्चिम और पूर्व में गुजरात के वलसाड जिले से और दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में महाराष्ट्र के ठाणे और नाशिक जिले से घिरा हुआ है। दादरा और नागर हवेली के ज्यादातर हिस्से पहाड़ी है। इसके पूर्वी दिशा में सहयाद्री पर्वत श्रृंखला भी है। महाराष्ट्र और गुजरात के बीच में स्थित केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नागर हवेली को प्रकृति ने काफी खूबसूरती प्रदान की है। इतिहास में उल्लेख मिलता है कि इस प्रदेश पर 1779 तक मराठाओं का और फिर 1954 तक पुर्तगाली साम्राज्य का शासन रहा। दादरा और नागर हवेली का 11 अगस्त 1961 को भारत में विलय किया गया था तबसे हर साल 2 अगस्त को मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### कपिवा हिमालयन शिलाजीत अपनायें

मूलतः आदिवासी बहुल इस इलाके का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा वनों से घिरा है। इन वनों में विभिन्न प्रकार की वनस्पति है। इस इलाके की खासियत यह है कि समुद्री तट से निकटता के कारण यहां गर्मियों में तापमान ज्यादा ऊपर नहीं जाता। घने वन तथा अनुकूल जलवायु की वजह से इस इलाके में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। यहां पर्यटकों के ठहरने के लिए अनेक होटल्स और रिजॉर्ट्स हैं। स्थानीय प्रशासन की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां हर साल तारपा उत्सव, पतंग उत्सव और विश्व पर्यटन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। दादरा नागर हवेली पर्यटन का केंद्र होने के साथ ही औद्योगिक केंद्र भी है।

दादरा और नागर हवेली उत्तर-पश्चिम और पूर्व में गुजरात के वलसाड जिले से और दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में महाराष्ट्र के ठाणे और नाशिक जिले से घिरा हुआ है। दादरा और नागर हवेली के ज्यादातर हिस्से पहाड़ी है। इसके पूर्वी दिशा में सहयाद्री पर्वत श्रृंखला भी है। यहां दमनगंगा नदी पश्चिमी तट से निकल कर, दादरा और नागर हवेली को पार करते हुए दमन में अरब सागर से जा मिलती है। इसकी तीन सहायक नदियां- पीरी, वर्ना और सकर्तोंद भी प्रदेश की मुख्य जल स्रोत हैं। सिलवासा यहां की राजधानी है।

यदि आप भी दादरा और नागर हवेली आना चाहते हैं तो यहां मई से अगस्त के बीच का समय छोड़कर कभी भी आएंगे तो यहां का मौसम अच्छा पाएंगे। बहुत से लोग तो यहां की बारिश का भी मजा लेने आते हैं। दादरा और नागर हवेली हवाई, रेल और सड़क मार्ग से पूरी तरह जुड़ा हुआ है इसलिए आप कहीं से भी यहां आसानी से पहुँच सकते हैं। यदि आप बजट ट्रैवल की सोच रहे हैं तो भी यहां आ सकते हैं क्योंकि यह इलाका कोई खास महंगा नहीं है।

❖ प्रीट

# किचन में मौजूद इन मसालों से करें अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज



अक्सर लोग अपनी छोटी सी बीमारी के लिए भी दवाइयों का सहारा लेते हैं। हालाँकि, इससे सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हमारे किचन में कई ऐसे मसाले मौजूद होते हैं जो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं में रामबाण इलाज हैं। आजकल की बदलती जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से हम कई बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। अक्सर लोग अपनी छोटी सी बीमारी के लिए भी दवाइयों का सहारा लेते हैं। हालाँकि, इससे सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हमारे किचन में कई ऐसे मसाले मौजूद होते हैं जो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं में रामबाण इलाज हैं।

### हल्दी

हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। कटने या जलने पर हल्दी का इस्तेमाल बहुत पुराना घरेलू नुस्खा है। चोट लगने पर हल्दी लगाने से घाव जल्दी भरते हैं। इसके साथ ही हल्दी के इस्तेमाल से बैक्टीरिया को पनपने से रोकने में मदद मिलती है। कटने या जलने पर हल्दी में सरसों का तेल मिलाकर लगाएं, घाव जल्दी भरेगा।

### दालचीनी

दालचीनी का इस्तेमाल आमतौर पर खाने का जायका बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप दालचीनी हमारी ओरल हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है। जी हाँ, सांस की बदबू दूर करने के लिए आप दालचीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच शहद और एक टुकड़ा दालचीनी का डालकर उबालें। इसका इस्तेमाल आप ब्रश के बाद माउथवॉश के तौर पर कर सकते हैं।

### मेथी

खाने में मसाले के तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली मेथी हमारे सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। पाचन संबंधी समस्याओं में मेथी का सेवन एक बहुत पुराना घरेलू नुस्खा है। पेटदर्द, गैस या अपच की समस्या में मेथी का सेवन रामबाण इलाज है। इसके लिए आप मेथी के दाने को पीसकर इसका चूर्ण बना लें। पेटदर्द या गैस होने पर एक चम्मच मेथी का चूर्ण पानी के साथ खाएं। ऐसा करने से आपको पेटदर्द या गैस की समस्या से जल्द राहत मिलेगी।

### अदरक

अदरक का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। अदरक का सेवन सर्दी-खांसी और पेट के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। माइग्रेन या सिरदर्द में भी अदरक का सेवन करने से जल्द आराम मिलता है। इसके लिए एक गिलास पानी में 1 इंच अदरक का टुकड़ा डालकर उबालें। इसके बाद इसे छान लें और इसमें नींबू का रस और थोड़ा सा सेंधा नमक मिलाकर पिएँ।

### काली मिर्च

सर्दी-खांसी में काली मिर्च का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। चाय या काढ़े में काली मिर्च डालकर पीने से सर्दी-खांसी और जुखाम में जल्द आराम मिलता है। आप चाहें तो चाय में काली मिर्च डालकर पी सकते हैं या एक शहद में थोड़ी सी काली मिर्च मिलाकर खा सकते हैं। ऐसा करने से आपको सर्दी-खांसी और जुखाम में जल्द राहत मिलेगी।

### जीरा

खाने का जायका बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला जीरा, आपकी कई स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान भी कर सकता है। जीरा, विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। पेट संबंधी समस्याओं का इलाज करने के लिए जीरा का इस्तेमाल एक बहुत पुराना घरेलू नुस्खा है। इसके साथ ही यह वजन घटाने में भी मददगार है। पेट दर्द की शिकायत में एक गिलास पानी में जीरा उबालकर पीने से दर्द में जल्द आराम मिलता है। अगर आप वजन घटना चाहते हैं तो एक गिलास पानी में एक चम्मच जीरा डालकर रातभर भिगोकर रखें। सुबह इस पानी को छानकर पिएँ।

### लौंग

दाँत के दर्द से छुटकारा पाने के लिए लौंग का इस्तेमाल दादी का बहुत कारगर घरेलू नुस्खा है। अगर आपके दांत में दर्द हो रहा हो तो एक लौंग को दांत के नीचे दबाकर रखें। इसके अलावा आप एक गिलास पानी में 8-10 लौंग डालकर उबालें। इस पानी को छानकर इससे कुल्ला करें। ऐसा करने से आपको दांत के दर्द और दांतों पर जमा प्लाक से छुटकारा मिलेगा।

### अजवाइन

अजवाइन का इस्तेमाल पेट संबंधी समस्याओं के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। पेटदर्द, गैस, पेट फूलने जैसी समस्याओं में अजवाइन का सेवन रामबाण इलाज है। अगर आपको पेटदर्द या ब्लोटिंग की समस्या है तो एक गिलास पानी में एक चम्मच अजवाइन डालकर उबालें। इसे छानकर इस पानी का सेवन करें, पेटदर्द और पेट फूलने की समस्या में जल्द आराम मिलेगा।

❖ प्रिया मिश्रा

# अमरुद के पत्तों के पानी से त्वचा की परेशानियां होंगी दूर



अमरूद के पत्तों का पानी और काढ़ा पीने के फायदें तो आपको पता होंगे लेकिन यह आपके चेहरे को खूबसूरत भी बना सकता है। यह स्किन से जुड़ी कई दिक्क्तों को दूर करने में मदद करता है। अमरुद के पत्तों के पानी से नहाने से सोरायसिस और एलर्जी की परेशानी भी दूर होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। अमरुद के पानी से स्किन प्रॉब्लम्स दूर होंगी यह जान कर आप चौंक जाएंगे। अमरूद के पत्तों का पानी और काढ़ा पीने के फायदें तो आपको पता होंगे लेकिन यह आपके चेहरे को खूबसूरत भी बना सकता है। यह स्किन से जुड़ी कई दिक्क्तों को दूर करने में मदद करता है। अमरुद के पत्तों के पानी से नहाने से सोरायसिस और एलर्जी की परेशानी भी दूर होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। आयुर्वेद के अनुसार अमरुद के पत्तों के पानी से नहाने के क्या फायदे है आइये जानते हैं

**स्किन बनेगी ग्लोइंग :** अमरुद के पत्तों के पानी से नहाने से डेड सेल्स की परेशानी दूर होती है। स्किन को क्लीन करता है। यह स्किन कॉम्पलेक्सन में निखार लाने के साथ ही त्वचा की चमक को बनाये रखता है। इससे कील-मुंहासे, दाग-धब्बे, एलर्जी, चकत्ते आदि जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलेगी। अगर आपको एलर्जी की दिक्कत है तो वह भी अमरुद के पत्तों के पानी से नहाने से दूर हो जाएगी।

**स्किन बनेगी सॉफ्ट :** अगर आपकी त्वचा ड्राई है तो अमरुद के पत्तों का पानी आपकी इस परेशानी को दूर कर सकता है। यह स्किन को हाइड्रेट बनाये रखता है। अमरुद के पत्तों का पानी त्वचा की नमी को लॉक रखता है और स्किन को सॉफ्ट मुलायम बनायें रखता है।

**त्वचा रहेगी रिंकल्स फ्री :** अमरुद का पानी स्किन के ओपन पोर्स को कम करके कसाव लाने का काम करता है। यह स्किन को एक्सफोलिएट करने के साथ ही झुर्रियों और महीन रेखाओं की समस्या को दूर कर देता है। जिससे त्वचा ज्यादा सॉफ्ट और यंग दिखती है।

**कील मुंहासें होंगे दूर :** अमरूद की पत्तियों में विटामिन सी और आयरन की मात्रा अधिक होती है। विटामिन सी स्किन की सभी परेशानियों को दूर करने में हेल्प करता है। इसमें मौजूद विटामिन सी त्वचा की प्राकृतिक चमक बनायें रखता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** खर्चों की अधिकता रहेगी। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**वृष राशि :** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र बढ़ सकता है। भाग-दौड़ बढ़ेगी।

**मिथुन राशि :** मन में निराशा एवं असन्तोष हो सकता है। संयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क राशि :** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या राशि :** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि :** आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। व्यस्तता बढ़ेगी। माता-पिता का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** खर्चों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। किसी दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु राशि :** आत्मविश्वास बहुत रहेगा। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर राशि :** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कुंभ राशि :** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता-पिता का सहयोग मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मीन राशि :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# गुजरात में पहले चरण के लिए वोटिंग आज, दिग्गजों की किस्मत दांव पर

**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा के पहले चरण के चुनाव के लिए प्रचार समाप्त हो गया है। एक दिसंबर को मतदान होगा। 19 जिलों की कुल 182 सीटों में से 89 सीटों पर मतदान होगा। सौराष्ट्र की 54 और दक्षिण गुजरात की 35 सीटों पर वोटिंग है। दूसरे चरण में 93 सीटों पर 5 दिसंबर को मतदान होगा। गुजरात की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी भारती ने कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया है। चुनाव के पहले चरण में कुल 2,39,76,760 मतदाता मतदान करेंगे। सभी इंतजाम कर लिए गए हैं। मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। चुनाव के नतीजे 8 दिसंबर को जारी किए जाएंगे।

पहले चरण में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार इसुदन गढ़वी भी हैं, जो देवभूमि द्वारका जिले की खंभालिया सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गुजरात के पूर्व मंत्री पुरुषोत्तम सोलंकी, छह बार के विधायक कुंवरजी बावलिया, मोरबी के 'नायक' कांतिलाल अमृतिया, भारतीय क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा और गुजरात आप के अध्यक्ष गोपाल इटालिया भी पहले चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में शामिल हैं। पहले चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और अन्य बीजेपी नेताओं ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन के लिए कई रैलियां की। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार किया है और कई वादे किए। कांग्रेस की तरफ से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कई नेता प्रमुख प्रचारकों में से रहे। पहले चरण में किस्मत आजमा रहे 788 उम्मीदवारों में से 167 उम्मीदवार दागी हैं। यह कुल उम्मीदवारों का 21 फीसदी है। इनमें से 13 फीसदी उम्मदीवारों के खिलाफ सीरियस क्राइम चार्ज हैं। पहले चरण में चुनाव लड़ रहे आप के 88 उम्मदीवारों में से 36 फीसदी (32 उम्मीदवार) के खिलाफ आपराधिक मुकदमें हैं। पहले चरण में कांग्रेस के 31 उम्मीदवारों और भाजपा के 14 उम्मीदवारों के खिलाफ क्राइम से जुड़े मामले हैं। भारतीय ट्राइबल पार्टी ने 14 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, इनमें से 4 के खिलाफ आपराधिक मामले है।

## शाह का दावा- गुजरात में शायद 'आप' का खाता भी न खुले

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) की चुनौती को तवज्जो न देते हुए दावा किया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी शायद अपना खाता भी न खोल सके। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई द्वारा अपने संकल्प पत्र में कट्टरपंथ विरोधी प्रकोष्ठ (एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल) स्थापित करने के वादे को एक अच्छी पहल करार दिया और कहा कि इस पर केंद्र और अन्य राज्य सरकारें भी विचार कर सकती हैं। भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है। एक साक्षात्कार में शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान गुजरात के सर्वांगीण विकास और तुष्टीकरण कतई बर्दाश्त ना करने की नीति को पिछले 27 वर्षों में लोगों द्वारा बार-बार भाजपा पर विश्वास जताने का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा के गुजरात में भाजपा अप्रत्याशित जीत दर्ज करेगी। लोगों को हमारी पार्टी और हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है। गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से शाह लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं और तकरीबन हर दिन पांच जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव में आप की दस्तक के सवाल पर शाह ने कहा कि हर पार्टी को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे उस पार्टी को स्वीकार करते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों के दिमाग में आप कहीं नहीं ठहरती है। चुनाव नतीजों का इंतजार कीजिए, शायद आप उम्मीदवारों का नाम सफल उम्मीदवारों की सूची में आए ही नहीं। गुजरात में आम तौर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला होता रहा है, लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप ने मोदी के गृह राज्य में आक्रामक प्रचार अभियान के जरिए कई इलाकों में मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

## न्यूज गैलरी

### दिल्ली में लगे भूकंप के झटके रिक्टर स्केल पर 2.5 तीव्रता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में भूकंप के हल्क झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई है। राजधानी में करीब साढ़े नौ बजे झटके लगे। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र जमीन के पांच किमी अंदर था। पिछले एक महीने में यह दूसरी बार है जब दिल्ली में भूकंप के झटके लगे हैं।

### ईडी ने कारोबारी अमित अरोड़ा को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी पॉलिसी के मामले में अमित अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अरोड़ा गुरुग्राम स्थित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। मामले में ईडी द्वारा यह छठी गिरफ्तारी है। सूत्रों के मुताबिक, अरोड़ा को मंगलवार रात धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अरोड़ा को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां जांच एजेंसी उनकी हिरासत के लिए अनुरोध करेगी। ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के बाद यह मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने मामले में हाल ही में दायर आरोपपत्र में दावा किया है कि अमित अरोड़ा और दो अन्य आरोपी दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के करीबी सहयोगी हैं और वे आरोपी लोक सेवकों के लिए शराब लाइसेंस धारियों से जुटाए गए धन के अवैध वित्तीय प्रबंधन एवं हेराफेरी करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी ने पिछले सप्ताह इस मामले में अपना पहला आरोप पत्र (अभियोजन शिकायत) भी दायर किया था, जिसमें गिरफ्तार व्यवसायी समीर महेंद्रू और कुछ इकाइयों को नामजद किया गया है।

### चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का 96 साल की उम्र में निधन

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का निधन हो गया है। उन्होंने 96 साल की उम्र में अंतिम सांस ली है। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार वे ल्यूकेमिया बीमारी से पीड़ित थे। इसके कारण उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। बीमारी के चलते ही बुधवार, 30 नवम्बर 2022 को उनकी मौत हो गई। जियांग का निधन ऐसे समय हुआ है, जब कोविड प्रतिबंधों के कारण चीन के अलग-अलग शहरों में भारी विरोध प्रदर्शन चल रहा है। जियांग के शासनकाल में तियानमेन स्क्वायर विरोध के बाद चीन में कोई बड़ा प्रदर्शन नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक, जियांग जेमिन को 1989 के तियानमेन स्क्वायर नरसंहार के बाद चीन के नेतृत्व के लिए चुना गया था।

## बलूचिस्तान में आत्मघाती हमला तीन लोगों की मौत व 23 घायल



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो टीम की सुरक्षा के लिए जा रहे पुलिसकर्मियों के ट्रक को निशाना बनाकर बुधवार को किए गए आत्मघाती हमले में कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों में 20 सुरक्षा कर्मी भी शामिल हैं। अधिकारी के मुताबिक, यह आत्मघाती हमला तब हुआ, जब पोलिया टीकाकरण अभियान में शामिल कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को ले जा रहा ट्रक क्वेटा के बलेली इलाके से गुजर रहा था। डॉन अखबार ने क्वेटा के पुलिस उपमहानिरीक्षक गुलाम अजफर महेसर के हवाले से बताया, हमला पुलिस ट्रक के पास हुआ, जिसके असर से पोलियो ड्यूटी में तैनात स्टाफ को सुरक्षा प्रदान करने जा रहे पुलिसकर्मियों का वाहन पलटकर खाई में गिर गया। घटनास्थल पर संवाददाताओं से बातचीत में महेसर ने कहा कि अपराध स्थल के मंजर से और यह देखते हुए कि ट्रक पलट गया, अनुमान है कि हमले में 25 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया होगा। धमाके की चपेट में कुल तीन वाहन आए। उन्होंने कहा कि यह हमला एक आत्मघाती हमला था, क्योंकि मौके से एक आत्मघाती हमलावर के अवशेष बरामद हुए हैं और कम से कम तीन वाहन इसकी चपेट में आए।

- प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान ने ली हमले की जिम्मेदारी

### 20 पुलिसकर्मी और तीन नागरिक हुए हैं घायल

महेसर के मुताबिक, हमले में लगभग 20 पुलिसकर्मी और तीन नागरिक घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायल पुलिस कर्मियों में से दो की हालत गंभीर है। जियो न्यूज के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस लक्षित हमले की निंदा करते हुए घटना की त्वरित जांच के निर्देश दिए हैं। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी है। टीटीपी ने दो दिन पहले ही सरकार के साथ संघर्ष-विराम को वापस लेते हुए अपने लड़ाकों से देशभर में हमले करने का आह्वान किया था। टीटीपी ने कहा कि यह हमला अगस्त में अफगानिस्तान में अब्दुल वली उर्फ उमर खालिद खुरासनी की हत्या के प्रतिशोध में किया गया है।

## गुजरात के वडोदरा में पांच सौ करोड़ की ड्रग्स बरामद, पांच लोग गिरफ्तार

### केमिकल फैक्ट्री की आड़ में तैयार की जा रही थी ड्रग्स



**वडोदरा (एजेंसी)।** गुजरात में एक्शन टास्क फोर्स (एटीएस) को बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने वडोदरा के पास एक फैक्ट्री में छापा मारकर 500 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स बरामद की है। इस मामले में अब तक 5 लोगों को अरेस्ट किया गया है। वहीं, मौके से फरार अन्य 4 लोगों की तलाश की जा रही है। एटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि वडोदरा शहर के नजदीक सिंधरोट गांव की एक केमिकल फैक्ट्री में एमडी ड्रग्स तैयार किए जाने की जानकारी मिली थी। इसके बाद हमारी टीम पिछले दो दिनों से इसकी जांच में जुटी थी। जांच पूरी होने के बाद मंगलवार की देर रात फैक्ट्री में छापा मारा गया और यहां से यहां से करीब 100 किलो ड्रग्स का जखीरा जब्त किया। छापेमारी के दौरान एटीएस ने पांच लोगों को मौके से अरेस्ट किया है। वहीं, 4 आरोपी अंधेरे के फायदा उठाकर भाग निकले।

### पहले भी वडोदरा से पकड़ी गयी थी फैक्ट्री

**बता दें,** इसी साल अगस्त महीने में भी एटीएस ने वडोदरा शहर के पास सावली गांव के एक गोदाम से लगभग 1,000 करोड़ रुपए कीमत की 200 किग्रा मेफेड्रोन ड्रग्स जब्त की थी। यहां भी ड्रग्स एक केमिकल फैक्ट्री की आड़ में बनाई जा रही थी।

### भैंसों के तबेले में छिपाकर रखी गयी थी ड्रग्स

**गुजरात** एटीएस ने बताया कि यहां एक केमिकल फैक्ट्री है। फैक्ट्री के बगल में ही एक शेड में ड्रग्स तैयार की जा रही थी। इस शेड में भैंसों का तबेला भी है, जिसकी आड़ में ड्रग्स छिपाकर रखी जाती थी। एटीएस ने अधिक जानकारी दिए बिना कहा कि पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए अभियान अभी जारी है। इसकी भी जांच जारी है कि केमिकल फैक्ट्री के कौन-कौन से लोग इस नशे के कारोबार में शामिल हैं।

## अमेरिकी संसद परिसर में हिंसा : स्टीवर्ट रोड्स देशद्रोही साजिश का दोषी करार

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की सरकार विरोधी मिलिशिया ओथ कीपर्स के संस्थापक स्टीवर्ट रोड्स को राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी परिणाम को पलटने के लिए देशद्रोही साजिश रचने का दोषी करार दिया गया। यह छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन परिसर में हुए विद्रोह की जांच में न्याय विभाग की बड़ी जीत है। वाशिंगटन डीसी की एक जूरी ने करीब दो महीने तक चले मुकदमे में रोड्स को देशद्रोह का दोषी ठहराया। रोड्स को षडयंत्र के दो अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया था। यह फैसला न्याय विभाग के लिए काफी अहम है और इससे अभियोजकों का राजद्रोह के अन्य चरमपंथी आरोपियों के आगामी मुकदमों में पूरे जोरशोर से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। ओथ कीपर्स के फ्लोरिडा अध्याय के नेता केली मेग्स को भी देशद्रोह का दोषी ठहराया गया है जबकि रोड्स के तीन अन्य सह-आरोपियों को आरोप मुक्त कर दिया गया है। अदालत ने सभी पांच आरोपियों को दोषी पाया है।

## गहलोत की चुनावी सभा में घुसा सांड

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात के मेहसाणा से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की चुनावी सभा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे सीएम गहलोत की सभा में अचानक एक सांड घुस गया। इसे देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना सोमवार की बताई जा रही है। वहीं, सीएम गहलोत ने सभा में सांड के घुसने को बीजेपी की साजिश करार दिया है। बता दें कि कांग्रेस ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गुजरात चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया है।

## पांच साल में ज्यादा मालामाल हुए सत्ताधारी पार्टी के विधायक

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** दिन-रात मालामाल होना है तो सत्ताधारी पार्टी के विधायक या सांसद बनिये। यह एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से जारी आंकड़ों से जाहिर होता है। इन आंकड़ों के मुताबिक बीते पांच वर्षों में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी की संपत्ति में 721 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह आंकड़ा बताता है कि इस चुनाव में सभी दलों को ओर से मैदान में उतारे गये 125 विधायकों में से संपति में बढ़ोतरी के मामले में टॉप पांच भाजपा के विधायक हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी व उनकी पत्नी की संपत्ति 2017 में 2.12 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 2022 में 17.42 करोड़ रुपये हो गयी। हीरे के कारोबारी हर्ष सांघवी सूरत की माजुरा के निर्वाचन क्षेत्र से एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं।

रिपोर्ट के अनुसार सांघवी की तुलना में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की संपत्ति 2017 में 5.19 करोड़ रुपये से 58 प्रतिशत बढ़कर 2022 में 8.22 करोड़ रुपये हो गयी है। एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक सभी दलों को ओर से मैदान में उतारे गये 125 विधायकों में से संपति में बढ़ोतरी के मामले में टॉप पांच भाजपा के विधायक हैं। सांघवी के अलावा भाजपा के अन्य चार विधायकों की संपत्ति में पांच वर्षों में सबसे अधिक बढ़त सामने आयी है। इन विधायकों में खेड़ा जिले की मेहमदाबाद सीट से उम्मीदवार और ग्रामीण विकास मंत्री अर्जुन सिंह चौहान के परिवार की संपत्ति में 573 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, दाहोद जिले के लिमखेड़ा से शैलेश भाभोर (संपत्ति में 481 प्रतिशत की वृद्धि) उंबरगांव से रमनलाल पाटकर (संपत्ति में 335 प्रतिशत की वृद्धि) और वडोदरा शहर से मनीषा वकील (संपत्ति में 308 प्रतिशत की वृद्धि) सामने आयी है।


## अनंत अंतरिक्ष की खोज में लगे वैज्ञानिकों के हाथ लगा अनमोल खजाना

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अनंत अंतरिक्ष की खोज में लगे वैज्ञानिकों के हाथ एक अनमोल खजाना लगा है। वैज्ञानिकों को सोमालिया में दो साल पहले गिरे एक 14 टन के उल्कापिंड से दो नई धातुएं मिली हैं जो धरती पर पहले कभी नहीं देखे गए। इस आसमानी चट्टान को जांच के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बार्टा भेजा गया था। ऐसी मान्यता है कि एक तीसरी धातु भी मिली है। इसके अलावा इन धातुओं के बारे में अन्य विवरण नहीं दिया गया है। इस उल्कापिंड का नाम 'इल अली' है। इस श्रेणी में 350 उल्कापिंड रखे गए हैं। यह धरती पर मिला नौवां सबसे बड़ा उल्कापिंड है। इस उल्कापिंड का नाम उस कस्बे के नाम पर दिया गया है जहां यह मिला है। यही नहीं जिन धातुओं की खोज हुई है, उनमें से एक का नाम भी कस्बे के नाम पर रखा गया है। वहीं, दूसरी धातु का नाम लिंडी इलकिंस के नाम पर रखा गया है जो एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक हैं और नासा के साइकी मिशन से जुड़े हैं।

- वैज्ञानिकों को सोमालिया में गिरे एक 14 टन के उल्कापिंड से दो नयी धातुएं मिली
- आसमानी चट्टान को जांच के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बार्टा भेजा गया था



**उल्कापिंड बहुत ज्यादा चुंबकीय क्षमता वाला :** नासा खरबों डॉलर की धातुओं से भरे साइकी ऐस्टरॉइड पर एक प्रोब भेजना चाहती है ताकि इस बात के साक्?य जुटाए जा सकें कि सौर सिस्टम के ग्रहों का निर्माण हुआ। यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बार्टा के प्रफेसर क्रिस हर्ड ने एक बयान जारी करके कहा कि जब भी आप एक नई धातु की खोज करते हैं, इसका मतलब है कि वहां भूगर्भीय स्थितियां, चट्टानों का रसायन अलग है जो पहले पाया गया है। यह उसे रोमांचक बनाता है। इस खास उल्कापिंड में दो नई धातुओं की खोज हुई है जो विज्ञान के लिए नई हैं। हर्ड ने कहा कि कई और धातुओं की खोज हो सकती है, अगर शोधकर्ता उल्कापिंड से और ज्यादा नमूने हासिल करते हैं। यह उल्कापिंड कस्बे से बाहर गिरा था और इसकी पहली बार खोज ऊंट चराने वालों ने की थी। यह उल्कापिंड बहुत ज्यादा चुंबकीय क्षमता वाला है और इसके जैसा कुछ भी हमारे ग्रह पर नहीं मिला था। हर्ड जब इस उल्कापिंड को वर्गीकृत कर रहे थे तभी उनका ध्यान इस ओर गया। वैज्ञानिक अब इन धातुओं का परीक्षण कर रहे हैं।



## न्यूज गैलरी

### सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप करने से ओबीसी का हक मिलने की संभावना बढ़ी : राजेश गुप्ता



रांची। सर्वोच्च न्यायालय के नोटिस के बाद झारखंड सरकार को अब चेत जाना चाहिए और अविलंब ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरा कर सुप्रीम कोर्ट को सौंप कर नगर निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण देकर कराएं। हेमंत सरकार अगर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के आंदोलन पर ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई की होती तो आज सुप्रीम कोर्ट का नोटिस नहीं मिलता.
सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप करने से ओबीसी का हक मिलने की संभावना बढ़ गई है। इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय का आभार व्यक्त करता हूं।
उपरोक्त बातें बुधवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सरकार को नोटिस दिए जाने पर कही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पंचायत चुनाव से पूर्व और पंचायत चुनाव के बाद सरकार से ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरी करने के लिए लगातार आंदोलन किया बावजूद सरकार एक न सुनी अब सरकार को बिना देर किए हुए ओबीसी का हक नगर निकाय चुनाव में आरक्षण देकर सुनिश्चित करें। उसके बाद ही नगर निकाय चुनाव हो।

### कोलकाता में द्विपक्षीय चर्चा के लिए भाकपा (माले) व पीसीसी, भाकपा (माले) बैठक आयोजित

रांची। भाकपा (माले) और पीसीसी, भाकपा(माले) की केंद्रीय कमेटियों की बुधवार को कोलकाता में द्विपक्षीय चर्चा के लिए बैठक हुई। जबकि भाकपा (माले) का प्रतिनिधित्व का. विश्वम, महासचिव और कॉम. सुबोध मित्रा, सदस्य, केंद्रीय कॉमिटी एवं पीसीसी– सीपीआई (एमएल) का प्रतिनिधित्व कॉम. सुभाष देब, महासचिव, और कॉम. अनिरुद्ध, सदस्य,केंद्रीय कॉमिटी द्वारा किया गया है। संगठन, राजनीतिक स्थिति, मुद्दों, दिशा के बाद कार्यक्रम संबंधी बिंदु और विचारों का आदान–प्रदान पर यह तय किया गया है कि इसके लिए एक एकीकृत कम्युनिस्ट पार्टी आवश्यक है। ऐसी पार्टी बनाने के लिए एक प्रक्रिया विकसित करनी होगी और शुरू करनी होगी। इस समय हम सैद्धांतिक, राजनीतिक, संगठनात्मक और आंदोलनात्मक महत्व के मुद्दों को उठाने के लिए कम्युनिस्ट क्रांतिकारी समूहों की एक समन्वय समिति बनाने का प्रस्ताव रखते हैं। यह बैठक इन समूहों के बीच समन्वय समिति बनाती है जिसमें निम्नलिखित नाम है: भाकपा(माले) से: कॉम. विश्वम, कॉम.अरविंद सिन्हा, कॉम. सुबोध मित्रा एवं पीसीसी, भाकपा(माले) से कॉम. सुभाष देब, कॉम. डीसी गोहाई, कॉम. अनिरुद्ध शामिल हैं। कोलकाता के इस बैठक में यह भी प्रमुखता के साथ घोषणा किया गया है कि देश के अन्य कम्युनिस्ट क्रांतिकारी ताकतों को इस समन्वय प्रक्रिया में लाने का प्रयास किया जायेगा।

### बीएयू के रांची वेटनरी कॉलेज ने 62 वां स्थापना दिवस मनाया गया

# राज्य के सामाजिक व आर्थिक विकास में पशुपालन का महत्वपूर्ण स्थान : अबू बकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड राज्य की ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक विकास में पशुपालन का सदियों से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। मनुष्यों की तरह पशुओं को भी सामान्य एवं गहन चिकित्सा की जरुरत होती है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पशुपालन क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। इन योजनाओं का धरातल पर कार्यान्वयन के लिए बड़ी संख्या में वेटनरी डॉक्टर की आवश्यकता होगी। राज्य के एकमात्र वेटनरी कॉलेज का प्रदेश में पशुपालन एवं पशुचिकित्सा के क्षेत्र में अग्रिम योगदान रहा है। वर्त्तमान में वेटनरी कॉलेज अनेकों समस्यायों से जूझ रहा है। कॉलेज में नियमित सहायक प्राध्यापक एवं सह प्राध्यापक की भारी कमी है। जिसे दूर करने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है। सरकार राज्य में वेटनरी



विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए गंभीरता से विचार और प्रयास कर रही है। कॉलेज के वेटनरी छात्रों पर राज्य को काफी गौरव है। इस कॉलेज का पूर्व की तरह गौरव स्थापित करने में राज्य सरकार सभी तरह का सहयोग एवं आर्थिक मदद मुहैया करेगीं। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अबू बकर सिद्दिकी पी ने बीएयू के रांची वेटनरी कॉलेज के 62 वाँ स्थापना दिवस उद्घाटन समारोह के अवसर पर कही। उन्होंने उक्त विचार ऑनलाइन माध्यम से जुड़ कर रखी। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि रांची वेटनरी कॉलेज का बेहद गौरव पूर्ण इतिहास रहा है। यह कॉलेज विगत दस वर्षो से अपनी मान्यता के लिए संघर्ष कर रहा है। कॉलेज में तरकीबन हरेक संसाधन उपलब्ध है। एसोसिएट प्रोफेसर का नहीं होना काफी चिंतनीय विषय है। राज्य सरकार ने 5 सहायक प्राध्यापकों की प्रतिनियुक्ति की है। जेपीएससी द्वारा अबतक मात्र 8 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई है। वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया ने किसी तरह इस वर्ष स्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए मान्यता दी है।

◆कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि रांची वेटनरी कॉलेज का बेहद गौरव पूर्ण इतिहास रहा है। यह कॉलेज विगत दस वर्षो से अपनी मान्यता के लिए संघर्ष कर रहा है। कॉलेज में तरकीबन हरेक संसाधन उपलब्ध है। एसोसिएट प्रोफेसर का नहीं होना काफी चिंतनीय विषय है।

# झारखंड राज्य नाइन ए साइड जूनियर फुटबॉल टीम सेमीफाइनल में जगह बनाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 10वीं सब जूनियर (बालक) नाइन ए साइड राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का अयोजन 28/11/2022 से 30/11/2022 तक तुकोजी राव पवार फुटबॉल स्टेडियम भोपाल रोड देवास मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश नाइन ए साइड फुटबॉल संघ के द्वारा, नाइन ए साइड फुटबॉल फेडरेशन के मार्ग दर्शन में अयोजित हो रही है। जिसमें झारखंड टीम ने अपने पूल लीग मैच में मध्य प्रदेश को 02-0 से, उतराखंड को 04-01 से एवं महाराष्ट्र को 03-02 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किए और क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश को कड़े मुकाबले में 04-02 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई कल सुबह सेमीफाइनल में झारखंड का मुकाबला गोवा से होगा। सब जूनियर टीम - करमचंद उरांव (कप्तान), कंचन उरांव(उप कप्तान), श्रवण मुंडा,स्टेनिश लकड़ा, सक्ति मुंडा, विशाल मुंडा, अशीष कुजूर, विक्की लकड़ा, आदित्य उरांव, अमित मुंडा, बसन्त उरांव, अंकित प्रधिया, पवन भुइया, स्टैनिस लकड़ा, कोच शिव महतो सामिल हैं। यह जानकारी ब्रजेश गुप्ता ने दी।

# झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ट्राइबल डेवलपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। दिनांक 30.11.2022 दिन बुधवार को प्रशिक्षण के पांचवें दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया। जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा।
इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के पांचवें दिन मधुमक्खी की बाहरी व आंतरिक शारीरिक संरचना के बारे में जानकारी दी गई तथा मधुमक्खी के विभिन्न अंगों का अध्ययन व उन अंगों विभिन्न कार्य को प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से समझाया गया तथा उन्हें मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया, मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।



### कांके में रूम टू रीड पुस्तकालय शुरू

**रांची।** राजकीयकृत उर्दू प्राथमिक विद्यालय, कांके में बुधवार को रूम टू रीड पुस्तकालय की शुरूआत हुई। वार्ड नंबर-5 की पार्षद गायत्री देवी ने उद्घाटन किया। मौके पर रूम टू रीड संस्था के लिटरेसी फेसिलिटेटर उमाशंकर शर्मा समेत सभी शिक्षक व लगभग 200 बच्चे उपस्थित थे। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि केजी से पंचम तक के बच्चों के लिए यह पुस्तकालय है। पुस्तकों से अच्छा मित्र कोई नहीं, बच्चे इससे लाभान्वित होंगे। इसके खुलने से बच्चों को काफी लाभ होगा और ज्ञान की प्राप्ति होगी। इस पुस्तकालय में हर तरह की पुस्तिकें उपलब्ध रहेंगी। बच्चे इससे काफी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।
छात्रों में दिलशाद आलम, तौफीक अंसारी, रहमत अंसारी व जुवेरिया फातिमा ने किताबों के महत्व पर अपनी बात रखी।

### श्री श्याम मंदिर में 26वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

# भक्तजन बजरंग बली की जय-जयकारों से भाव-विभोर हुए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 26वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, केला फल का प्रसाद अर्पित किया। सुगंधित इत्र चढ़ाकर श्री रामचरितमानस पाठ वाचक का पूजन किया। इसके बाद पाठ वाचक मनीष सारस्वत हरिओम शर्मा ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। पाठकों ने उपस्थित सैकड़ों भक्तों से संगीत में श्री सुंदरकांड का भक्ति भाव से पाठ करवाया बजरंग बली की जय-जयकारों से भक्त भाव विभोर हो रहे थे। श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य पावन अखंड ज्योति में सैकड़ों भक्तों ने आहुति देकर अपने लिए सुख समृद्धि की कामना निवेदित की श्री सुंदरकांड के पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया महा आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ श्री श्रवण जी ने चना प्रसाद घृत सेवा श्री प्रवीण मंगल गिरिगोला सेवा श्री संतोष पोद्दार ने परिवार संग हनुमान जी के दरबार में निवेदित की इस अवसर पर सुरेश



सरावगी विश्वनाथ नारसरिया सरवन जी गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनौल संजय सराफ रौनक पोद्दार ने प्रसाद वितरण व्यवस्था में सहयोग किया।
**शनिवार को श्री श्याम भंडारा :** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार 3 दिसंबर को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में संध्या 5:00 बजे से 39वा श्री श्याम भंडारा होगा। स्वर्गीय मोहनलाल तोदी स्वर्गीय नर्मदा देवी तोदी के सुपुत्र श्री राजकुमार चौधरी पुत्रवधू श्रीमती सुषमा तोदी परिवार संघ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। सभी जानकारी मंडल के मंत्री श्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# रांची रेल मंडल से 13 व्यक्ति सेवानिवृत हुए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची रेल मण्डल से बुधवार को एक अधिकारी आलोक रंजन दास, वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (टीआरडी) और 12 कर्मचारी सेवानिवृत हुए। सभी को समस्त सेवानिवृति भुगतान सौंपा गया। इस मौके पर मण्डल कार्मिक अधिकारी श्री माणिक शंकर ने सभी को अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की शुभकामना देते हुए स्वागत किया।
अपर मण्डल रेल प्रबन्धक मनीष कुमार ने कहा कि अब आपको अपने रुचि का काम करने का वक़्त मिलेगा। साइबर क्राइम करनेवाले रोज नए - नए तरीकों से लोगों को ठग रहे हैं। कृपया सतर्क रहें और बड़े बैंकों में ही निवेश करें। रेलवे की ओर से आपको एकाउंट डिटेल, आधार, पैन आदि की जानकारी मांगनेवाले कॉल नहीं जाते। सेवानिवृति के बाद भी आप रेलवे से जुड़े रहेंगे। इस अवसर पर मण्डल लेखा अधिकारी (समन्वय) के प्रवीण कुमार, सहायक लेखा अधिकारी राउतु कलौण्डिया, सहायक कार्मिक अधिकारी चित्तरंजन कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत होनेवाले व्यक्तियों के नाम इस प्रकार है-रूहल अमीन चौधरी, रमेश उरांव, नेहरू कीरो, मदन सिंह, परसू राम सिंह, कानू भूषण मजूमदार, सोमनाथ उरांव, देबाशीष चक्रबोर्ती, रवींद्र नाथ दास गोस्वामी, चंद्रकांता भट्टाचार्य,चंडी दास कर एवं श्री कपिल महतो शामिल थे।



### एचईसी के प्रभारी सीएमडी नवीन सिंघाल और आंदोलनरत एचईसी अधिकारियों के बीच वार्ता विफल

**रांची।** रांची स्थित हेवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन (एचईसी) के इंजीनियरों से लेकर पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का पिछले कई महीनों से वेतन बकाया है। पिछले कई दिनों से एचईसी कर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं ओर पदाधिकारी मुख्य गेट पर कई दिनों से धरने पर बैठे है। बुधवार को एचईसी के प्रभारी सीएमडी नवीन सिंघाल ओर आंदोलनरत एचईसी अधिकारियों के बीच वार्ता हुई पर वार्ता विफल रही। पदाधिकारियों ने बताया कोई भी मांग पर सहमति नही बनी यही कारण है कि हमारा आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

# संस्था द्वारा 135 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कम्बल, मफलर व ऊनी मोजा का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों ने सयुंक्त तत्वावधान में बुधवार को नामकुम प्रखंड के कोलाड ग्राम में 135 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच संस्था के द्वारा पड़ रही ठंड के प्रकोप को देखकर 135 ग्रामीणों को कंबल, मफलर एवं ऊनी मोजा का वितरण कोलाड गांव में वितरण किया गया।
कार्यक्रम के समापन पर कोलाड गांव के ग्रामीणों ने संस्था के सदस्यों का बहुत- बहुत आभार प्रकट किया और कहा की सुदूरवर्ती गांवों में इस तरह की सेवा के कार्य बहुत ही कम संस्था के लोग करते हैं। उन्होंने संस्था के अध्यक्ष से सभी ग्रामीणों ने आग्रह किया कि आने वाले समय में भी इसी तरह के कार्यक्रम आपके द्वारा होते रहे, इसकी हमलोग आपसे और आपकी संस्था से अपेक्षा करते है।आज के कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, रविंद्र पांडे धीरज गुप्ता, आलोक सिंह, धर्मजीत सिंह,मुन्ना कुमार एवं संस्था के और बहुत से सदस्य उपस्थितथे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।



### पैसे देने से इंकार करने पर किन्नर व स्थानीय लोग भिड़े, जमकर हुई मारपीट, तीन किन्नर हुए घायल

# विवपद के बाद स्थानीय लोगों ने किन्नर की गाड़ी को भी किया क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के एदलहातू में आशीर्वाद का पैसा देने में हुए विवाद के बाद किन्नर और स्थानीय लोग भिड़ गए। किन्नरों ने उमा शंकर यादव नामक व्यक्ति के घर पर जमकर उत्पात मचाया। उनके घर पर तोड़-फोड़ कर दी। इस दौरान दुल्हा-दुल्हन समेत कई लोगों को पीटा। इसकी जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोग एकजुट होकर किन्नरों पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने उनकी जमकर धुनाई की और उनके वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में तीन किन्नर काजल, बसंती और पूजा को गंभीर चोट लगी है। घटना बुधवार की है। घटना के बाद बरियातू थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायल किन्नरों को रिम्स भेजी। दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। घायलों को रिम्स में प्राथमिक उपचार कराने के बाद छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि दोनों पक्ष के लोग आपस में समझौता कर लिया गया है। इस वजह से प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।
गाड़ी रोकी और किन्नरों की शुरू की पिटाई
एदलहातू निवासी उमा शंकर यादव के बेटे की चार दिन पहले शादी हुई थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद किन्नर बुधवार को उमा शंकर यादव के घर पहुंच गए। पांच हजार रुपए खुशी का पैसा मांगने लगे। लेकिन उमा शंकर के परिजन इतना पैसा देने से इंकार कर दिया। कहा कि वे उन्हें 101 रुपए ही देंगे। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। किन्नर और परिवार के सदस्यों के बीच तू-तू-मैं-मैं शुरू हो गया। इसके बाद किन्नरों की टोली उग्र हो गयी। परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। उनके घर में घुसकर तोड़-फोड़ कर दी। परिजनों के साथ भी मारपीट की। हो-हल्ला सुनकर स्थानीय लोग जमा हुए। उन्हें देखकर भागने लगे। आशा श्री गार्डेन के पास जब उनकी गाड़ी पहुंची तभी पीछे से कुछ युवक बाइक से वहां पहुंचे। किन्नरों की गाड़ी को रोकी और उनकी पिटाई शुरू कर दी। बाइक सवार युवकों ने किन्नरों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। उनकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में तीनों किन्नरों को चोटें भी आयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को रिम्स भेजी। वहीं सभी को पकड़कर थाने लगायी।

◆घटना में तीन किन्नर काजल, बसंती और पूजा को गंभीर चोट लगी है। घटना बुधवार की है। घटना के बाद बरियातू थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायल किन्नरों को रिम्स भेजी। दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। घायलों को रिम्स में प्राथमिक उपचार कराने के बाद छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि दोनों पक्ष के लोग आपस में समझौता कर लिया गया है।

### मंगलवार को भी हुआ था विवाद

एदलहातू निवासी उमा शंकर के घर पर आर्शिवाद का पैसा लेने के लिए मंगलवार को भी किन्नरों का ग्रूप उनके घर पहुंचा था। इस ग्रूप में उर्मिला, रेखा, सुरभि, रिया के अलावा चालक नौशाद शामिल था। किन्नरों ने आर्शिवाद के पांच हजार रुपए की डिमांड की। लेकिन उमा शंकर का परिवार इतनी राशि देने से इंकार कर दिया। कहा कि एक सौ ही देंगे। इसके बाद दोनों के बीच बकझक हुई। गाली-गलौज कर किन्नरों की टोली वापस हो गयी थी।

### समझौता में कहा अब नहीं लेंगे जबरन पैसा

बरियातू थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को थाना में बैठाया। किन्नरों ने थाना प्रभारी से कहा कि अब वे किसी के घर में जबरन आर्शिवाद का पैसा नहीं लेंगे। लिखित समझौता के बाद किन्नरों को पुलिस ने थाने से जाने दिया।

## पृष्ठ एक के शेष

**दो गिलास से ज्यादा दूध पीने से...**
फ्रैक्चर या सूजन से पीड़ित होने की संभावना कम थी। अमेरिकन इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार ज्यादा कैल्शियम युक्त दूध पीने से प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। 2012 में एमसीबी द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, दूध में लैक्टोज नामक चीनी होती है, जो महिलाओं में ओवेरियन का कैंसर के खतरे को बढ़ाती है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि ज्यादा दूध पीने से पुरुषों व महिलाओं में हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। इस अध्ययन के अनुसार, जो पुरुष दिन में तीन गिलास या उससे अधिक दूध पीते हैं, उनमें हृदय रोग से मरने का जोखिम 10 प्रतिशत बढ़ जाता है। ज्यादा दूध का सेवन करने से त्वचा संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए, आपके चेहरे या त्वचा के अन्य हिस्सों पर दाने या एलर्जी हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार एक व्यक्ति को दिन में 1 या 2 गिलास दूध पीना चाहिए। ज्यादा दूध नहीं पीकर संतुलित तरीके से पनीर, छाछ, दही लेना चाहिए।

**भ्रष्टाचार आकंठ में डूबे पलामू...**
दो गिर चैनपुर अंचल में ऑनलाइन दाखिल खारिज के 1268 आवेदन लंबित पड़े है। जिसमें 30 दिनों से अधिक अवधि से बगैर आपत्ति के 496 आवेदन लंबित है। जबकि केंद्रों 16 आवेदन 90 दिनों से अधिक अवधि से लंबित हैं। छतरपुर अंचल में कुल 183 आवेदन लंबित है। जिसमें बगैर आपत्ति के 4 और 44 आवेदन 90 दिनों से अधिक अवधि से लंबित है। ना बाजार अंचल में कुल 78, ऑनलाइन दाखिल खारिज के आवेदन लंबित है। जिसमें 13 आवेदन 30 दिनों से वगैरा पति के और 4 आवेदन 90 दिनों से अधिक अवधि से लंबित है। इसी तरह तरह सी में 85, नौडीहा बाजार में 33, पड़वा में 146, पाकी में 216, पाटन में 401, पांडू में 118, पिपरा में 45, मनातू में 79, मोहम्मद गंज में 206, लेस्लीगंज में 282, विश्रामपुर में 256, सतबरवा में 80, सदर मेदनीनगर में 294, हैदर नगर में 357, हरिहरगंज में 167, उंटारी रोड में 64 और हुसैनाबाद में 556 ऑनलाइन दाखिल खारिज के मामले लंबित पड़े हैं।

**झारखंड पुलिस के दो डीएसपी पर...**
भर्ती किया गया है। पिता रिम्स पहुंचे तो रूपेश मृत अवस्था में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रूपेश के शरीर पर 16 जगहों पर जख्म की बात सामने आयी थी।

**आज, भारत की जी-20 की...**
जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी-20 प्राथमिकताओं को; न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि वैश्विक दक्षिण में हमारे साथ-चलनेवाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जायेगा। हमारी प्राथमिकताएं; हमारी 'एक पृथ्वी' को संरक्षित करने, हमारे 'एक परिवार' में सद्भाव पैदा करने और हमारे 'एक भविष्य' को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी। अपने प्लेनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे। मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। हमारी आनेवाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए; हम, बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होनेवाली जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा। आइए हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नये प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

## न्यूज गैलरी

### भारतीय हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराकर किया उलटफेर

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां 4-3 से हराकर उलटफेर किया। शुरूआती दोनों मैचों में जीत दर्ज करने में नाकाम रहा भारत इस अप्रत्याशित सफलता के साथ श्रृंखला को जीवंत रखने में कामयाब रहा। टीम के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें मिनट), अभिषेक (47वें मिनट), शमशेर सिंह (57वें मिनट) और आकाशदीप सिंह (60वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जैक वेल्च (25वें), कप्तान एरान जालेवस्की (32वें) और नाथन इफ्राम्स (59वें) ने गोल दागे। इस जीत के बाद भारत श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ रहा है। मेहमान टीम को पहले दो टेस्ट मैच में 4-5 और 4-7 से हार का सामना करना पड़ा था। श्रृंखला का चौथा मैच शनिवार और आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा।


### बीबीएल में चौके-छक्के लगाते नजर आयेंगे फाफ डु प्लेसिस

**पर्थ (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस बिग बैश लीग में पर्थ स्कॉचर्स के लिए खेलते हुए नजर आयेंगे। अनुभवी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज डु प्लेसिस ने टी-20 इंटरनेशनल में 50 बार दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया उनमें से 40 मैचों में कप्तान के रूप में काम किया और 134.38 की स्ट्राइक रेट से 1,500 से अधिक रन बनाए। अपने टी-20 करियर में उन्होंने आईपीएल, बांग्लादेश प्रीमियर लीग, सीपीएल, पीएसएल, टी-20 ब्लास्ट और द हंड्रेड में खेला है। उन्होंने 311 प्रदर्शनों में 130.85 की स्ट्राइक रेट से 8,074 रन बनाए हैं। उन्होंने 50 विकेट भी लिए हैं। हालांकि, 38 वर्षीय ने बिग बैश में सिर्फ एक मैच खेला है जो उन्होंने 2012/13 में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेला था और मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ 14 रन बनाए थे। डिफेंडिंग चैंपियन में शामिल होने पर डु प्लेसिस ने कहा, 'मुझे लगता है कि पहली बात जो दिमाग में आती है वह यह है कि पर्थ चार बार का चैंपियन है, जो बहुत प्रभावशाली है। दुनियाभर में खेलने वाला कोई भी खिलाड़ी प्रतियोगिताओं को जीतना चाहता है, इसलिए एक महान फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना अच्छा है। उन्होंने कहा, मैं भी आने और सीखने के लिए उत्सुक हूं। मुझे लगता है कि अन्य लोगों और संगठनों से सीखना महत्वपूर्ण है और यह पता लगाना है कि वे सफल क्यों हैं। मैं अपने अनुभवों और जो चीजें मैंने सीखी हैं, उन्हें साझा करने के लिए भी उत्साहित हूं। और उम्मीद है कि यह एक बेहतरीन संयोजन हो सकता है।

### शरत कमल को खेल रत्न से सम्मानित किया गया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी अचंता शरत कमल को बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया। शरत खेल रत्न हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे जबकि बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय, महिला मुक्केबाज निकहत जरीन, ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों एल्धोस पॉल और अविनाश साबले सहित 25 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक विशेष समारोह में पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खेलों के शीर्ष खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन पारंपरिक रूप से हर साल 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है लेकिन पिछले साल भी यह कार्यक्रम किसी अन्य तारीख पर आयोजित किया गया था।

# पूर्व ओपनर गौतम गंभीर ने बताया - टीम इंडिया के लिए होना चाहिए भारतीय कोच



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने भारतीय और विदेशी कोच के अंतर को समझाते हुए भारतीय कोच की वकालत की है। साथ ही गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को लेकर भी पॉजिटिव बयान दिया है। टीम इंडिया के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम का कोच कोई भारतीय ही होना चाहिए। गंभीर ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर आईपीएल को दोषी ठहराए जाने का भी विरोध किया है और कहा कि हाल के वर्षों में जो कुछ अच्छा हुआ है, वह आईपीएल है। फिक्की 2022 और इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स के कार्यक्रम में गौतम गंभीर ने कई बातें कही हैं।

**गौतम गंभीर ने क्या कहा :** टीम इंडिया के पूर्व कोच गौतम गंभीर ने कहा कि भारतीय क्रिकेट में जो सबसे अच्छी बात हुई है, वह ये है कि इंडियन कोच ने नेशनल टीम को कोचिंग देना शुरू किया है। गौतम ने जोर देकर कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय टीम के साथ भारतीय कोच ही होना चाहिए। गंभीर ने कहा कि हम विदेशी कोच को बहुत ज्यादा महत्व देते रहे हैं लेकिन विदेशी कोच आते, पैसा बनाते हैं और फिर चले जाते हैं। क्रिकेट के खेल में इमोशन बहुत जरूरी होता और केवल वही लोग भारत के लिए भावुक हो सकते हैं, जिन्होंने टीम के लिए मैच खेले हैं। यही कारण है कि टीम इंडिया को हर हाल में भारतीय कोच ही नियुक्त करना चाहिए। गौतम गंभीर आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान रह चुके हैं और अपनी कप्तानी में 2012 और 2014 में वे केकेआर को आईपीएल चैंपियन भी बना चुके हैं। गंभीर ने आईपीएल की तारीफ की और कहा कि इससे खिलाड़ियों में फाइनेंसियल सिक्योरिटी बढ़ी है। गौतम ने कहा कि खिलाड़ी 34-35 साल तक ही कमाई कर पाते हैं और आईपीएल की वजह से खिलाड़ियों को फाइनेंसियल सिक्योरिटी बढ़ी है। उन्होंने टीम इंडिया की हार के लिए आईपीएल को दोषी बनानेवालों को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि खिलाड़ी प्रदर्शन न करें तो उनकी आलोचना कीजिए।

**इंग्लैंड की टीम पर वायरस का अटैक**

## कप्तान बेन स्टोक्स समेत 14 खिलाड़ी हुए संक्रमित



**रावलपिंडी (एजेंसी)।** इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच 1 दिसंबर से रावलपिंडी में शुरू होने वाले टेस्ट सीरीज पर संकट के बाद मंडराने लगे हैं। खबर है कि कप्तान बेन स्टोक्स समेत इंग्लैंड क्रिकेट टीम के 14 सदस्य अज्ञात वायरस की चपेट में आ गए हैं। हालांकि, इनमें कोरोना वायरस (कोविड-19) से संबंधित लक्षण नहीं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वायरस के चपेट में आने के कारण इंग्लैंड टेस्ट स्क्वाड के 14 सदस्यों को बुधवार को होटल में आराम करने को कहा गया। प्लेइंग स्क्वाड के 16 में से लगभग आधे सदस्य वायरस के चपेट में हैं। इसके कारण केवल पांच खिलाड़ियों ने ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लिया। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच गुरुवार से शुरू होना है। लंकाशायर के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन इंग्लैंड के लिए टेस्ट में डेब्यू करनेवाले हैं, जबकि ओपनर बल्लेबाज बेन डकेट को छह साल बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। जो रूट, जैक क्रॉली, हैरी ब्रूक, ओली पोप और कीटन जेनिंग्स ने बुधवार को ट्रेनिंग में हिस्सा लिया, जबकि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम भी उपस्थित रहे। पिछले दिन घायल मार्क वुड को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग में हिस्सा लिया था।

### स्टोक्स के न खेलने पर कौन होगा कप्तान

बेन स्टोक्स के कप्तानी संभालने के बाद से इंग्लैंड ने आधिकारिक तौर पर किसी को उपकप्तान नहीं बनाया है। हालांकि, ओली पोप ने पिछले हफ्ते इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में स्टोक्स की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व किया था। 2009 में श्रीलंका टीम बस पर हमले के बाद इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही थी। इंग्लैंड की टीम 17 साल में पाकिस्तान में पहली बार टेस्ट मैच खेलेगी। इससे पहले इंग्लैंड की टीम सितंबर-अक्टूबर में टी-20 सीरीज खेलने आई थी। 4-3 से सीरीज अपने नाम की थी। टी-20 के दौरान कई खिलाड़ियों के बीमार होने के बाद इंग्लैंड की टीम अपने कुक के साथ दौरे पर आई है।

# तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द सीरीज पर न्यूजीलैंड का कब्जा

- टीम इंडिया ने दिया था 220 रन का आसान लक्ष्य, बारिश बनी न्यूजीलैंड की जीत की राह में रोड़ा



**क्राइस्टचर्च (एजेंसियां)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा और अंतिम मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। मैच रद्द होने के घोषणा के साथ ही न्यूजीलैंड ने यह वन डे सीरीज 1-0 से जीत ली। हालांकि आज न्यूजीलैंड आसानी से इसे 2-0 कर सकता था मगर बारिश के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो सका। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण यहां न्यूजीलैंड की शानदार गेंदबाजी के सामने ह्यकरो या मरो' के तीसरे और अंतिम वनडे में 47.3 ओवर में 219 रन पर सिमट गयी। जवाब में न्यूजीलैंड ने बारिश के कारण मैच रुकने तक 18 ओवर में एक विकेट खोकर 104 रन बना लिये थे और आराम से जीत की ओर जा बढ़ रहा था। दोबारा मैच शुरू नहीं हो पाया और अंपायरों ने मैच रद्द घोषित कर दिया। इससे पहले, न्यूजीलैंड से 0-1 से पिछड़ने के बाद श्रृंखला बचाने की कवायद में जुटे भारत के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें आधी टीम 25.3 ओवर में पवेलियन लौट चुकी थी। केवल वाशिंगटन सुंदर (64 गेंद में 51 रन, पांच चौके और एक छक्का) ही अर्धशतकीय पारी खेल सके जिसकी बदौलत टीम 200 रन का स्कोर पार कर पायी। इस स्पिन आल राउंडर ने पहले वनडे में भारत की सात विकेट पर 306 रन की पारी में 16 गेंद में नाबाद 37 रन बनाकर अपनी काबिलियत का नजारा पेश किया था, वह आउट होने वाले अंतिम खिलाड़ी रहे। उनसे पहले श्रेयस अय्यर (49 रन) अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके और अपने पचासे से एक रन पहले आउट हो गये। बारिश के कारण रद्द हुए दूसरे वनडे में एडम मिल्ने नहीं खेले थे लेकिन इस मैच में उनकी वापसी हुई। उन्होंने भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए 57 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। मिल्ने ने कप्तान शिखर धवन (28 रन) और शुभमन गिल (13 रन) के विकेट प्राप्त किये। फिर उन्होंने सूर्यकुमार यादव (06) के रूप में भारत का महत्वपूर्ण विकेट चटकाया जिससे भारत की मध्य ओवरों में लचर बल्लेबाजी की कलई खुल गयी।

### चीजों को सही करने की है जरूरत : धवन

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली गई तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का आखिरी मैच बुधवार को बारिश में धुलने के बाद न्यूजीलैंड ने सीरीज 1-0 से जीत ली। मैच के बाद भारतीय कप्तान शिखर धवन ने कहा, छोटी-छोटी चीजों को सही करने की जरूरी है। धवन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, बिल्कुल, बांग्लादेश जा रहे हैं, उम्मीद है कि वहां मौसम बेहतर रहेगा। हम एक युवा इकाई हैं। बॉलिंग यूनिट ने अच्छी लेंथ एरिया में बॉलिंग करना सीखा। हम कई बार कम थे। सभी सीनियर्स की टीम में वापसी होने वाली है। अधिक एशियाई विकेट हमारे लिए विश्व कप की अधिक व्यावहारिक यात्रा है। छोटी-छोटी चीजों को सही करने की जरूरी है जिसमें गेंदबाजों के लिए सही लेंथ, बल्लेबाजों के लिए इन परिस्थितियों में करीब बल्लेबाजी करना... ये सीख हैं। गौर हो कि भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को 220 रन का लक्ष्य दिया।

**तीसरा वनडे रद्द होने के बाद बोले विलियमसन**

## बारिश की भेंट चढ़े मैचों में भी कुछ चीजें हैं अच्छी




**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली गई तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का आखिरी मैच बुधवार को बारिश में धुल गया। हालांकि पहले मैच में जीत दर्ज करने के कारण न्यूजीलैंड ने सीरीज 1-0 से अपने नाम की क्योंकि दूसरा मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। मैच के बाद न्यूजीलैंड टीम के कप्तान केन विलियमसन ने कहा, बारिश की भेंट चढ़े मैचों में भी कुछ अच्छी चीजें हैं। मैच के बाद प्रेस वार्ता में बात करते हुए विलियमसन ने कहा, 'जब हम क्रिकेट खेल रहे होते हैं तो हम खुद को अप्लाई कर रहे होते हैं। बारिश की भेंट चढ़े मैचों में भी कुछ अच्छी चीजें हैं। हम जानते थे कि 20 ओवर का मैच होगा, लेकिन हम देख सकते थे कि बादल आ रहा है, वह हमारा पीछा कर रहे हैं। डेरिल खेलने के लिए बाहर घूम रहा था। मिल्ने को एक घुटन महसूस हुई लेकिन वह रुकना नहीं चाहता था। टेस्ट क्षेत्र में फोकस परिवर्तन। लड़कों को अब एक ब्रेक मिला है और यह महत्वपूर्ण भी है। काफी व्यस्त कार्यक्रम रहा। हम ब्रेक के बाद एक टेस्ट टीम के रूप में फिर से जुटेंगे। गौर हो कि भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को 220 रन का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में 18 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 104 रन बना लिए जिसके बाद बारिश ने हेगले ओवल पर दस्तक दे दी। डकवर्थ लुइस नियम के अनुसार मैच का परिणाम निकालने के लिये कम से कम 20 ओवर फेंके जाने की जरूरत थी, लेकिन बारिश न रुकने के बाद अंपायरों ने मैच को रद्द करने का निर्णय लिया। न्यूजीलैंड के लिये सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने 54 गेंदों पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 57 रन बनाये, जबकि डेवन कॉनवे ने 51 गेंदों पर छह चौकों के साथ नाबाद 38 रन की पारी खेली। इससे पहले न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने भारत को 47.3 ओवर में 219 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत को इस सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के लिए वाशिंगटन सुंदर ने 64 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का लगाकर 51 रन बनाये, जबकि श्रेयर अय्यर ने 59 गेंदों पर आठ चौकों के साथ 49 रन का योगदान दिया।

### तुलना करने पर पंत नाराज कहा- मेरा प्रदर्शन इतना भी बुरा नहीं

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** सीमित ओवर के क्रिकेट में अपनी खराब फॉर्म के लिए आलोचनाओं में घिरे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बुधवार को कहा कि सफेद गेंद के क्रिकेट में उनका प्रदर्शन इतना भी बुरा नहीं है। पंत इस साल सीमित ओवर के क्रिकेट में खराब फॉर्म में हैं, उन्होंने छोटे प्रारूप में केवल एक अर्धशतक जड़ा है और वो भी फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ। वह 2022 में खेली गई 21 पारियों में केवल दो ही बार 30 रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं। वनडे में 25 साल के खिलाड़ी ने इस साल 9 पारियां खेली हैं जिसमें दो अर्धशतक और एक शतक शामिल है। पंत ने बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे से पहले आधिकारिक प्रसारक प्राइम वीडियो से कहा कि ये आंकड़े महज एक संख्या ही तो हैं। सफेद गेंद में मेरे रनों की संख्या इतनी बुरी भी नहीं है। वहीं अगर तुलना की जाए तो पंत का टेस्ट प्रारूप में प्रदर्शन शानदार रहा है जिसमें उन्होंने इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में शतक जड़े हैं।

## सौराष्ट्र विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा, उनादकट और मांकड़ चमके



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के चार विकेट और प्रेरक मांकड़ के ऑलराउंड प्रदर्शन से सौराष्ट्र ने बुधवार को यहां कर्नाटक को पांच विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। उनादकट ने कप्तान मयंक अग्रवाल (01) और विकेटकीपर बल्लेबाज बीआर शरत (03) को सस्ते में आउट करके सौराष्ट्र को अच्छी शुरूआत दिलाई जिसके बाद मांकड़ ने निकिन जोस (12) और मनीष पांडे (00) को चार गेंद में आउट करके 19 ओवर में कर्नाटक का स्कोर चार विकेट पर 47 रन कर दिया। कर्नाटक के सात बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए और पूरी टीम अंततः 49.1 ओवर में 171 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र ने जय गोहिल की 82 गेंद में 61 रन की पारी की बदौलत 36.2 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाकर जीत दर्ज की। गोहिल ने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। मांकड़ ने 35 रन की पारी खेली जबकि समर्थ व्यास ने भी 33 रन का योगदान दिया। मांकड़ ने गोहिल के साथ 53 रन की साझेदारी भी की। इससे पहले सलामी बल्लेबाज रविकुमार समर्थ ने 135 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 88 रन की पारी खेली लेकिन दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते रहे। वह उनादकट के तीसरे शिकार बने।

उनादकट ने मैच के बाद कहा कि यह शानदार अहसास है। जब हमने नॉकआउट चरण में जगह बनाई तो हम सही समय पर प्रभाव छोड़ना चाहते थे। इससे बेहतर नहीं हो सकता। गेंद और बल्लेबाज से शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि टॉस जीतने के बाद मुझे जल्दी विकेट चटकाने थे। इस टूनार्मेंट में मैंने जिस तरह गेंदबाजी की है उससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। दबाव बनने के बाद सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

# फीफा विश्व कप : कोस्टा रिका के खिलाफ जर्मनी को जीत की जरूरत

- जापान को 1-0 से हराकर ग्रुप तालिका को बना दिया है रोमांचक



**दोहा (एजेंसी)।** विश्व कप फुटबॉल के अपने शुरूआती मैच में जापान के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने के बाद स्पेन जैसी मजबूत टीम को बराबरी पर रोकनेवाली जर्मनी की टीम गुरुवार को यहां कोस्टा रिका के खिलाफ ग्रुप ई के मैच के लिए मैदान में उतरेगी तो उसे नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए जीत के अलावा किस्मत के साथ की जरूरत होगी। जापान से हार के बाद लगा था कि 2014 की चैम्पियन जर्मनी की टीम का सफर 2018 की तरह इस बार भी ग्रुप चरण में खत्म हो जाएगा लेकिन स्पेन से 0-7 से हारने वाली कोस्टा रिका की टीम ने जापान को 1-0 से हराकर ग्रुप ई की तालिका को रोमांचक बना दिया। जर्मनी की टीम अगर कोस्टा रिका को हराती है तो वह राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई कर सकती है। इसके लिए उसे ग्रुप के दूसरे मैच में जापान के खिलाफ स्पेन की जीत की दुआ करनी होगी। जापान को हराने के बाद कोस्टा रिका के हौसले भी बुलंद है और वह कमजोर नजर आ रही जर्मनी के खिलाफ कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी और वह इस मुकाबले को ड्रॉ कर के भी अगले चरण में पहुंच सकती है। कोस्टा रिका के कोच लुइस फर्नांडो सुरेज ने टूर्नामेंट से पहले कहा था कि हम कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाने के लिए कतर नहीं आये है। स्पेन दो मैचों के बाद ग्रुप ई में चार अंकों के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद जापान और कोस्टा रिका दोनों तीन अंकों के साथ हैं, जबकि जर्मनी के पास सिर्फ एक अंक है। ऐसी परिस्थितियों में ग्रुप की चारों टीमों के पास अगले चरण के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। जर्मनी के मिडफील्डर थॉमस मल्लेर ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो अभी तक हमने ऐसा कुछ नहीं किया, जिसका जश्न मनाया जाए।

### मोरक्को की निगाहें अगले दौर में पहुंचने पर

**मोरक्को** की टीम गुरूवार को यहां होने वाले फीफा विश्व कप मुकाबले में कनाडा को हराकर 1986 के बाद पहली बार नॉकआउट चरण में प्रवेश करना चाहेगी। वहीं, कनाडा की टीम पहले ही बाहर हो चुकी है, लेकिन उसकी कोशिश होगी कि पहली जीत के साथ कतर से जाए। मोरक्को की टीम गुरूवार की रात जीत या ड्रा से भी अगले दौर में पहुंच जाएगी। इसके अलावा वह हार के बावजूद भी नॉकआउट में पहुंच सकती है लेकिन यह बेल्जियम के क्रोएशिया के खिलाफ मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। मोरक्को ने क्रोएशिया के खिलाफ गोलरहित ड्रा से शुरूआत की थी जिसके बाद उसने रोमेन साइस और जकारिया अबूखलाल के गोल की मदद से दूसरी रैंकिंग की बेल्जियम को 2-0 से हराकर उलटफेर किया। कोच वालिद रेग्रागुई ने कहा कि हमें हराना मुश्किल है। हमने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों को कड़ी टक्कर दी।